स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, मंगलवार
1 जुलाई, 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष 6
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 309 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

# स्वतंत्र भारत

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net




## लखनऊ में कपड़ा व्यवसायी ने पत्नी और बेटी के साथ दी जान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में ट्रिपल सुसाइड का मामला सामने आया है। यहां नक्खास इलाके में कपड़ा व्यवसायी ने पत्नी और बेटी समेत जान दे दी। घर के अंदर संदिग्ध हालात में तीनों पड़े मिले। तीनों के मुंह से झाग निकल

### सुसाइड नोट में लिखी है लोन लेने की बात

### गृह कलह की भी है आशंका

रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर तीनों बाहर निकाला और अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गृहकलह के चलते आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला है। बताया जा रहा है कि सुसाइड नोट में लोन की बात है। नक्खास के अशरफाबाद में रहने वाले कपड़ा



व्यवसायी 48 वर्षीय शोभित रस्तोगी ने पत्नी और बेटी के साथ मिलकर जान दे दी। फ्लैट के अंदर कमरे में तीनों के शव सोमवार सुबह पड़े मिले। सुबह कमरे का दरवाजा न खुलने पर भाई शेखर रस्तोगी ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद चौक थाना प्रभारी नागेश उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने दरवाजे को तोड़ा तो शोभित रस्तोगी और उनकी पत्नी 45 वर्षीय और 16 वर्षीय बेटी ख्याति तीनों पड़े थे।

तत्काल तीनों को लेकर पुलिस ट्रामा सेंटर लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में ले लिया। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उधर, यह बात भी सामने आई है कि बेटी ख्याति ने सुबह 4.30 बजे अपनी बड़ी मम्मी राजबाजार निवासी तृप्ति को फोन कर बताया था कि मम्मी पापा की तबीयत खराब हो गई है जल्दी आ जाइए। इंस्पेक्टर ने बताया कि गृह कलह के आत्महत्या करने की बात सामने आई है। पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश कर रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सूचना मिलने पर पुलिस उपायुक्त पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किए।

## पशु चिकित्सा में भी आगे आ रहीं बेटियां : मुर्मू

### पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के 11वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए सीएम, राज्यपाल एवं केन्द्रीय मंत्री

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के 11वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि मैं जिस परिवेश से आती हूं, वह प्रकृति के निकट है। चिकित्सक या शोधकर्ता के रूप में कार्य करें तो मन में बेजुबान पशुओं के कल्याण की भावना हो। पशु व मानव का रिश्ता परिवार का है। अभी हम आधुनिक जीवनशैली की जिंदगी जी रहे हैं, लेकिन जब छोटे थे तो टेक्नोलॉजी का साधन नहीं था तब पशु ही हमारे साधन थे। पशु के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकता। पशु हमारे जीवन का धन हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उपाधि व मेडल भी वितरित किये।

राष्ट्रपति ने वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध कार्यों और इस संस्थान के नाम दर्ज अनेक पेटेंट्स, डिजाइन, कॉपीराइट्स की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि पशुओं की बीमारियों के रोकथाम में टीकाकरण की अहम भूमिका है। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम में कई टीके यहीं पर विकसित किए गए। उन्होंने कहा कि गिद्धों के विलुप्त प्राय होने के पीछे पशु चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक दवाओं की भी भूमिका है। इनका संरक्षण पर्यावरण संतुलन के लिए बहुत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की बड़ी संख्या देखकर गर्व हो रहा है कि बेटियां अन्य क्षेत्र की तरह पशु चिकित्सा के क्षेत्र में भी आगे आ रही हैं।

इसमें सर्वे भवन्तु सुखिनः... की भारतीय सोच का भी योगदान रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि पशु विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमिता व स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इस संस्थान में पशु विज्ञान इनक्यूबेटर कार्यरत है। इस सुविधा का लाभ लेते हुए उद्यम स्थापित करने चाहिए। मानव, घरेलू तथा जंगली जानवर, वनस्पति व व्यापक पर्यावरण एक-दूसरे पर आश्रित हैं। हमें अपनी परंपरा के अनुसार पशु



कल्याण के लिए प्रयास करना चााहिए। उन्होंने पशु कल्याण के लिए पशु आरोग्य मेलों के आयोजन पर जोर दिया। पशुओं की चिकित्सा के साथ ही समाज भी स्वस्थ रहेगा। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि आज गांव-गांव में घरेलू पशु नहीं दिख रहे हैं।

आज टेक्नोलॉजी तो आयी, लेकिन जमीन में खेती के साथी केंचुआ आदि समाप्त हो रहे हैं, जिससे जमीन बंजर हो रही है। जमीन उर्वरता के लिए किसानों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों व आमजन को भी सोचना चाहिए। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश के प्रत्येक जिले में वैज्ञानिकों की 2,000 टीमें भेजी जाएंगी। उन्होंने कहा कि संस्थान ने टीका अनुसंधान, उन्नत नस्ल विकास, दुग्ध उत्पादन और पशुपालन में ऐसे कीर्तिमान स्थापित किए हैं, जिनसे न केवल भारत, बल्कि विश्व को भी नई दिशा मिली है। वह स्थानीय किसानों को आधुनिक कृषि, उन्नत नस्लों, तकनीकी खेती और बागवानी की जानकारी देंगी।

## तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट, 12 की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के संगारेड्डी में सोमवार को एक फार्मा प्लांट में हुए संदिग्ध विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में करीब 34 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि पशम्यलारम औद्योगिक एस्टेट में सिगाची फार्मा कंपनी में जहां

### पीएम मोदी ने किया आर्थिक मदद का एलान

विस्फोट हुआ, वहां कई श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं।अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया,हादसे में 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि 34 लोग घायल हुए हैं।

घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है और उनका इलाज जारी है। उनकी हालत के बारे में तत्काल पता नहीं चल पाया है, क्योंकि बचाव अभियान अभी भी जारी है। आग बुझाने के लिए दमकल गाड़ियों को लगाया गया। मल्टी जोन टू के महानिरीक्षक वी सत्यनारायण ने बताया कि पशम्यलारम में रासायनिक उत्पादन फैक्ट्री सिगाची फार्मा में विस्फोट हुआ। यह घटना सुबह 8.15 से 9.35 बजे के बीच हुई। घटना में कुल 12 लोगों की मौत हो चुकी है। 34 अन्य घायल हैं। छह शव बरामद किए गए हैं। चंदा नगर में इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य बचाव दल 10 दमकल गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर हैं। आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर जताया। उन्होंने कहा, घटना से दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना।

## अमरनाथ के लिए जम्मू में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए सभी इंतजाम लगभग पूरे हो गए है। इस साल अब तक करीब 3.5 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। जिन श्रद्धालुओं ने अभी तक ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है, उनके लिए जम्मू में ऑफलाइन पंजीकरण सोमवार से शुरू हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि कल तीन नए रजिस्ट्रेशन सेंटर वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू हो जाएंगे। ये सेंटर सुबह 7 बजे खुल जाएंगे। हर सेंटर पर रोजाना सिर्फ दो हजार श्रद्धालुओं का ही रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। प्रशासन की ओर से स्पेशल रजिस्ट्रेशन सेंटर बनाए गए हैं। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था 2 जुलाई को जम्मू के भगवतीनगर बेस कैंप से रवाना होगा। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त (38 दिन) तक पहलगाम रूट और बालटाल रूट से होगी। अनंतनाग जिले में पारंपरिक पहलगाम रूट 48 किमी लंबा है, जबकि गांदरबल जिले में बालटाल रूट की लंबाई 14 किमी है।

## सुप्रीम कोर्ट से ललित मोदी को झटका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ललित मोदी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने फेमा के उल्लंघन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके ऊपर लगाया गया 10.65 करोड़ रुपये का जुर्माना बीसीसीआई को अदा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। हालांकि, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि ललित मोदी को कानून के अनुसार उपलब्ध उपायों का लाभ प्राप्त करने का अधिकार होगा।

पिछले साल 19 दिसंबर को मुंबई उच्च न्यायालय ने ललित मोदी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था और उनकी वह याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन्होंने विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उन पर लगाए गए 10.65 करोड़ रुपये के जुर्माने का भुगतान बीसीसीआई को करने का आदेश देने का अनुरोध किया था।

उच्च न्यायालय ने कहा था कि याचिका पूरी तरह से भ्रामक है क्योंकि फेमा के तहत न्यायिक प्राधिकरण ने ललित मोदी पर जुर्माना लगाया था। ललित मोदी ने अपनी याचिका में कहा कि उन्हें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था, इस दौरान वह बीसीसीआई की एक उपसमिति, इंडियन प्रीमियर लीग शासी निकाय के अध्यक्ष भी थे। याचिका में दावा किया गया कि बीसीसीआई को उपनियमों के अनुसार उन्हें क्षतिपूर्ति देनी चाहिए।



## युवक की बेरहमी से पिटाई 5 पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

**उन्नाव** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर में पुरानी रंजिश के चलते हुए एक युवक को बेरहमी से पीटा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ बलवा और हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। श्रीनगर निवासी रमेश अवस्थी ने गंगाघाट कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि पुरानी खुन्नस को लेकर उसके बेटे विनय अवस्थी पर वहीं के निवासी जसवंत सिंह विनीत सिंह आदर्श निगमए चरन सिंह और अभिषेक ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी.डंडों से विनय को बेरहमी से पीटाए जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ बलवाए हत्या के प्रयास और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है।

## जिले के कलाकारों को मिलेगा अवसर

उन्नाव। हिंदी और भोजपुरी फिल्मों के डायरेक्टर एल के कौशिक ने सचिवालय में कार्यरत सतीश रंजन के मोती नगर स्थित आवास पर सहयोगियों के साथ बैठक कर बताया कि बहुत जल्द उन्नाव में फ़िल्म निर्माण शुरू होगा। सह निर्माता अमरीश वर्मा ने बताया कि 2 दो दिन पूर्व बनारस के सारनाथ में भोजपुरी फ़िल्म माई न समझे मेहरारुवो न माने का शूट खत्म करके हम लोग साहित्यिक सांस्कृतिक जनपद उन्नाव में नई फ़िल्म के लिए लोकेशन आदि फाइनल करने के उद्देश्य से आए हुए हैं। बैठक का समन्वयन कर रहे उन्नाव के सक्रिय सांस्कृतिक साहित्यिक संयोजक डॉ मनीष सिंह सेंगर ने कहा कि फ़िल्म निर्देशक एल के कौशिक द्वारा आगामी फ़िल्म में उन्नाव के कलाकारों को भरपूर अवसर मिलेगा। सहयोगी संतोष यादव और राहुल कश्यप ने कहा उन्नाव की प्रतिभाओं के लिए फ़िल्म जगत में कैरियर का बड़ा प्लेटफॉर्म सिद्ध होगी यह फ़िल्म। सभी के प्रति आभार जताते हुए सतीश रंजन ने कहा उन्नाव में फ़िल्म निर्माण से संबंधित बहुत सारे पौराणिकए ऐतिहासिकए नेचुरल और कॉस्ट इफेक्टिव लोकेशन और बड़ी संख्या में कलाकारों का संगम है इसलिए यहां शूटिंग का इंतज़ाम बड़ी आसानी से हो सकता है।

## गोशाला की भूमि की जांच करने जाएगी

**फतेहपुर चौरासी।** पूर्व चेयरमैन और विपक्षियों के बीच मारपीट वाले मामले में एसडीएम के निर्देश पर राजस्व टीम गोशाला की भूमि की जांच करने जाएगी।दूसरी ओर मौजूदा चेयरमैन ने दबंगों से खुद की जान को खतरे में बताया है। नगर पंचायत ऊगू के मुहल्ला दीक्षिताना निवासी पूर्व चेयरमैन अनुज दीक्षित शनिवार शाम को बाइक से नगर के पास ही स्थित आटा मिल जा रहें थे तभी नगर के ही दबंग सुरेन्द्र व उसका पुत्र अनुज उर्फ दीपू ने पुरानी रंजिश को लेकर गाड़ी रोककर मारपीट शुरू कर दी थी।वहीं शोर सुनकर बचाने पहुंची वर्तमान चेयरमैन अनीता को जाति सूचक गालियां दी थी और घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की थी।अनुज को गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था।वहीं दूसरे पक्ष ने भी चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को सफीपुर एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने बताया कि नगर पंचायत में गोशाला की भूमि है उसकी नाप के लिए राजस्व टीम गठित की गई है।जोकि भूमि की नाप करेगी।यदि गोशाला की भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया तो संबंधित पर कार्यवाही कर के साथ भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा। वहीं नगर पंचायत की मौजूदा चेयरमैन अनीता ने खुद की जान को खतरे में बताया है।उन्होंने बताया कि घटना घटित होने के बाद से वह घर से नहीं निकली है और दबंग खुलेआम घूम रहे हैं।दबंग कभी भी कोई घटना घटित कर सकते है।दबंगों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए। सफीपुर सीओ मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि मामले की मामले की जांच जारी है।

## जमीन विवाद को लेकर अपने ही परिवार पर हमले का मामला

**उन्नाव** थाना माखी क्षेत्र में एक होमगार्ड द्वारा जमीन विवाद को लेकर अपने ही परिवार पर हमले का मामला सामने आया है। माखी थाने में तैनात होमगार्ड शिव सागर ने जमीन पर कब्जा करने के लिए अपने छोटे भाईए भाभी और भतीजों पर हमला किया। विवादित जमीन शिव सागर के भतीजे और भाभी के हिस्से में है। सोमवार सुबह शिव सागर हथियार लेकर भाई के घर पहुंचा। उसने परिवार के सदस्यों से मारपीट की। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया और जमीन छोड़ने की धमकी दी। एक ग्रामीण ने घटना का वीडियो बना लिया। वीडियो में शिव सागर गाली.गलौज करते हुए परिवार पर हमला करता दिख रहा है। लोग उसे रोकने की कोशिश कर रहे हैं। पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत की। आरोपी की वहीं तैनाती होने के कारण पुलिस ने पहले मामला टाला। वीडियो वायरल होने के बाद मामला गंभीर हो गया। माखी थाने के एसओ संदीप मिश्रा ने कहा कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आरोपी नौशाद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने चार टीमें गठित



**सफीपुर उन्नाव** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आठ वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी नौशाद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने चार टीमें गठित की हैण्मामले में बड़ा खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को पनाह देने वालों पर शिकंजा कस दिया हैण् पुलिस ने संरक्षण देने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया हैण घटना के बाद से पुलिस लगातार सक्रिय है और मुख्य आरोपी नौशाद की तलाश में कई ठिकानों पर दबिश दी जा रही है एस ओ सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि नौशाद की गिरफ्तारी के लिए चार टीमों को लगाया गया हैए जो अलग.अलग स्थानों पर दबिश दे रही हैंण्उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगाण्वहीं पीड़िता की मां का बयान भी सामने आया हैए जिसमें उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर संतोष जताया हैण्उन्होंने बताया कि शिकायत दर्ज कराते ही पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाई और लगातार कार्रवाई कर रही हैण्उन्होंने मांग की है कि मुख्य आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर उसे सख्त सजा दिलाई जाए ताकि भविष्य में कोई भी ऐसा घिनौना कृत्य करने की हिम्मत न कर सकेण्पुलिस सूत्रों का कहना है कि आरोपी नौशाद का लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है और उसके नजदीकी लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही हैण्जल्द ही पुलिस को बड़ी सफलता मिल सकती है

## जमीन हड़पने की साजिश और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज

**उन्नाव** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पीपरखेड़ा निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी पूर्व लेखपालए एक युवक और उनके गैंग के खिलाफ जमीन कब्जाने की साजिश और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपी उसकी पुश्तैनी जमीन की रजिस्ट्री रुकवाने के लिए दबाव बना रहे थे और उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीपरखेड़ा निवासी मुन्नीलाल सैनी ने कोतवाली में दर्ज अपनी तहरीर में बताया कि 24 जून को वह उपनिबंधन कार्यालयए उन्नाव में अपनी पुश्तैनी जमीन ;गाटा संख्या 681द्ध की रजिस्ट्री कराने पहुंचे थे। तभी शुक्लागंज निवासी नवीन सिंह उर्फ लकी ने रजिस्ट्री कार्यालय में फोन कर खुद को पत्रकार बताते हुए रजिस्ट्री रुकवाने का दबाव बनाया। हालांकिए जब रजिस्ट्री अधिकारी ने कागजात मांगेए तो नवीन द्वारा भेजे गए दस्तावेज फर्जी पाए गए। इसके बाद निष्पक्ष जांच के आधार पर रजिस्ट्री पूरी हुई। मुन्नीलाल ने आरोप लगाया कि नवीन सिंह और उसके साथी पहले भी उनसे रंगदारी की मांग कर चुके हैंए लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने बताया कि पूर्व लेखपाल ब्रह्मशंकर कुशवाहाए कुसुम मिश्रा और अविनाश मिश्रा के खिलाफ पहले से ही रंगदारी का मुकदमा दर्ज है। इस बार आरोपियों ने न केवल जमीन हड़पने की साजिश रचीए बल्कि मुन्नीलाल को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने आशंका जताई कि आरोपी उसकी जान के साथ.साथ उसकी जमीन हड़पने की फिराक में हैं। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है




## सीएचसी में आशा बहुओं का धरना बीसीपीएम के ट्रांसफर पर जताया विरोध

**हसनगंज उन्नाव** हसनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को बीसीपीएम ;ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजरद्ध सुशील कुमार के स्थानांतरण के विरोध में आशा बहुओं ने जोरदार धरना.प्रदर्शन किया। आशा बहुओं ने बीसीपीएम के ट्रांसफर को रोकने की मांग को लेकर सीएचसी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। धरने में गीताए मंजू वर्माए रेनू यादवए पूना देवीए गीता देवीए शशि प्रभाए रीनाए मालतीए ऊषा देवीए मीना देवी समेत करीब आधा सैकड़ा से अधिक आशा बहुएं शामिल रहीं। उन्होंने बताया कि बीसीपीएम सुशील कुमार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन बेहतर ढंग से हो रहा था। उनके स्थानांतरण से आशा बहुओं के कार्य में कठिनाई आ सकती है और स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ सकता है। आशा बहुओं ने मांग की हैं कि बीसीपीएम का ट्रांसफर तत्काल प्रभाव से रोका जाए। इस दौरान सीएचसी परिसर में काफी देर तक आशा बहुएं धरने पर बैठी रहीं। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। आशा बहू ने आरोप लगाया कि आशा संगीनियों के द्वारा हमसे अवैध वसूली की जाती थींए जो बीसीपीएम के द्वारा बंद कराई जा चुकी है। अवैध वसूली बंद होने से आशा संघानियों के अंदर बौखलाहट हो गई है जिसके कारण यह लोग बीसीपीएम पर अनैतिक आरोप लगा रहे हैं।

## 6 व्हाट्सएप ग्रुप पर एफआईआर दर्ज

**उन्नाव** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के आदेश पर 6 व्हाट्सएप ग्रुप पर एफआईआर दर्ज । कई दिनों से व्हाट्सएप ग्रुप पर कई लोगों में गहरा आपसी विवाद चल रहा था। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के आदेश पर दरोगा दीपक सिंह पटेल ने विधान केसरी ए सच खबरए ब्रेकिंग न्यूज़ उत्तर प्रदेशए ब्रेकिंग न्यूज उत्तर प्रदेश व ब्रेकिंग न्यूज व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन पर आईटी एक्ट में दर्ज हुई एफआईआर। एफआईआर दर्ज होने के बाद उन्नाव पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग न करने की जारी की सख्त एडवाइजरी ।

## जिला अस्पताल में खड़ी एम्बुलेंस से बैटरी चोरी

उन्नाव के जिला अस्पताल में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यह एक 108 एम्बुलेंस से बैटरी चोरी हो गई। एम्बुलेंस संख्या न्च् 32 ठळ 8802 ब्लड यूनिट के पास खड़ी थी। एम्बुलेंस पायलट शिवकुमार ने सुबह ड्यूटी पर आने पर चोरी का पता लगाया। उन्होंने तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पायलट ने अपनी शिकायत में कहा कि अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर यह घटना चिंताजनक है। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया है। अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। उन्होंने चोर की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। यह घटना अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। 108 एम्बुलेंस सेवा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसी घटनाएं मरीजों की सेवा में बाधा डाल सकती हैं। अस्पताल प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत है।

## एक्सप्रेस वे पर विरोध प्रदर्शन करने पर सात धाराओं में मुकदमा दर्ज

**औरास** थाना क्षेत्र के भीखीखेड़ा गांव में छह वर्षीय मासूम मानवी के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में ग्रामीणों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार शाम अंतिम संस्कार के दौरान परिजन और ग्रामीण बच्ची का शव लेकर लखनऊ.आगरा एक्सप्रेसवे पर पहुंच गए और चक्का जाम कर दिया। इससे हाईवे के दोनों ओर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं और पुरुषों की भारी भीड़ ने आरोपी रवीन्द्र उर्फ रविशंकर को फांसी देने और उसके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग करते हुए शव को मैनी अंडरपास के पास एक्सप्रेसवे पर रख दिया। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने समझाने का प्रयास कियाए लेकिन भीड़ ने पुलिस से धक्का.मुक्की करते हुए राजकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। इस मामले में उपनिरीक्षक साजेश कुमार सिंह की तहरीर पर 11 लोगों को नामजद और 50 से 60 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्च्ब् की धाराओं 147ए 148ए 353ए 341ए 283 और 7 ब्स्। एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रदर्शनकारियों पर दंगा फैलानेए पुलिस से मारपीटए शासकीय कार्य में बाधा और सार्वजनिक मार्ग बाधित करने के आरोप लगे हैं। क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद चौरसिया ने बताया कि स्थिति को शांतिपूर्वक नियंत्रित कर लिया गया है। जिन्होंने कानून हाथ में लिया हैए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। नामजद और अज्ञात प्रदर्शनकारियों की पहचान कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गांव में कानून.व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात है।

## डंपर की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत दूसरा गंभीर घायल

**हसनगंज** उन्नाव के हसनगंज थाना क्षेत्र के लालपुर नेवई बॉर्डर के पास अजगैन.मोहान मार्ग पर एक तेज रफ्तार डंपर और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। मोटरसाइकिल पर सवार दो जुड़वा भाईए दीपांशु निवासी उलरापुर और दिवाकर अजगैन से मोहान की ओर आ रहे थे। इसी दौरान मोहान की तरफ से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दीए जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की मदद से स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र हसनगंज लाया गया। जहां दीपांशु को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घायल दिवाकर को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया गया है। मृतक के परिजन मौके पर मौजूद हैं। पुलिस ने मृतक दीपांशु की पंचायतनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए शव मर्चरी हाउस उन्नाव भेज दिया है। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है और पुलिस ने कहा है कि लाइन.एंड.ऑर्डर में कोई समस्या नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और डंपर चालक की तलाश जारी है। यह हादसा सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी और तेज रफ्तार वाहन चलाने की वजह से हुआ हैए जो इलाके में चिंता का विषय बना हुआ है। स्थानीय प्रशासन से भी सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने और दुर्घटना रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की जा रही है।

## 110हे0 भूमि को द्वितीय फैज हेतु चिन्हित

**उन्नाव** गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के समीप औद्योगिक गलियारा हेतु ग्राम सरांय कटियान तहसील सदर जनपद उन्नाव में लगभग 110हे0 भूमि को द्वितीय फैज हेतु चिन्हित कर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंहए उ0प्र0 शासन लखनऊ के द्वारा जिला अधिकारी श्री गौरांग राठी एवं पुलिस अधीक्षक श्री दीपक भूकर की उपस्थिति में आज दिनांक 30 जून 2025 को सायं 5:00 बजे स्थलीयध्अभिलेखीय निरीक्षण किया गयाए निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि संबंधित विभाग शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर प्रस्ताव यूपीडा को उपलब्ध कराया जाये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ;वि0ध्रा0द्ध सुशील कुमार गोंडए विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी श्री प्रशांत नायक ए उपजिलाधिकारी सदर श्री क्षितिज द्विवेदी तहसीलदार सदरए समस्त नायब तहसीलदार व सम्बन्धित राजस्व ग्राम के लेखपालए अधिशाषी अभियन्ता विद्युत खण्डए पी0डब्लू0डी0ए सिंचाई विभाग व यूपीडा के अधिकारीगणए कार्यदायी संस्था अडानी ग्रुप के अधिकारीगण व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे

# कानपुर देहात समाचार




## सीएमओ कार्यालय में दिव्यांग जनों को परोसा गया लजीज व्यंजन

**माती कानपुर देहात** जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में संविदा कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रत्नेश बाजपेई का ज़लज़ला सोमवार को पूरी तरह कायम दिखाई दियाए दिव्यांग शिविर के दौरान आने वाले दिव्यांग जनों को लजीज भोजन एवं स्वल्पाहार कराया गयाए इस अवसर पर रत्नेश बाजपेई द्वारा कहा गया कि मानव जीवन में इंसान को ऐसे कर्म जरूर करने चाहिए जिससे उनके यस कीर्ति और वैभव में वृद्धि होए उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सभी के सहयोग से संचालित हो रहा है इसलिए इस कार्यक्रम की सफलता के सभी कर्मचारी हकदार हैं। बताते चलें की मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में प्रत्येक सोमवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें दिव्यांग जन अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए जिले के अलग.अलग स्थानों से मुख्यालय पहुंचते हैंए सोमवार को आयोजित शिविर के दौरान विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रत्नेश वाजपेई के आवाहन पर दिव्यांग जनों के भजन इत्यादि का इंतजाम किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया इस अवसर पर रत्नेश बाजपेई द्वारा कहा गया कि इससे बड़ी दूसरी और कोई सेवा नहीं हो सकती है जो इंसान होकर इंसान के काम आए उन्होंने साफ तौर से कहा कि यह कार्यक्रम उनका अकेले का नहीं है बल्कि स्वास्थ्य विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं तभी यह कार्यक्रम संचालित हो पा रहा है उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया इस दौरान विजय मिश्रा लाल जी विशाल कुशवाहा बृजेश पांडेय अशोक कुशवाहा सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# इंस्पेक्टर संजय गुप्ता के मजबूत सूचना तंत्र ने बुलंद किया जिला पुलिस का इकबाल

**जिले के औद्योगिक क्षेत्र रनिया में औद्योगिक इकाइयों के अंदर हो रही चोरी की वारदातें पुलिस के लिए साबित हो रही थी चुनौतीए आम जनमानस में भी बना था दहशत का माहौलए इंस्पेक्टर संजय गुप्ता ने 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का किया खुलासा कहा अपराध और अपराधियों के लिए रनिया में नहीं बाकी रहेगा कोई स्थान**



**रनिया कानपुर देहात** जिले के कई थानों में अपनी सफलता और लोकप्रियता का डंका बजाने में कामयाब तेज़ तर्रार इंस्पेक्टर संजय गुप्ता ने रनिया पुलिस के इकबाल को भी अपने मजबूत सूचना तंत्र की बदौलत खासा बुलंद करने का काम किया हैए जिला पुलिस के सर्वोच्च कमांडर अरविंद मिश्रा के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत रनिया इंस्पेक्टर संजय गुप्ता को इस बात के बीते दिनों निर्देश दिए गए थे कि औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्रीयों के अंदर हो रही चोरी की वारदातों का जल्द से जल्द खुलासा किया जाएए आलाधिकारियों के निर्देश पर इंस्पेक्टर संजय गुप्ता द्वारा अपने मजबूत सूचना तंत्र की मदद से ऐसा जाल बिछाया गया कि अपराधी खुद बा खुद उसमें आकर फंस गएए 5 अपराधियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके कब्जे से 20 कमानी चार टायर और दो बिल्डिंग मशीन बरामद करने में सफलता प्राप्त की हैए इंस्पेक्टर संजय गुप्ता द्वारा कहा गया कि उनके क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है जबकि पुलिस अधीक्षक द्वारा सफलता प्राप्त करने वाली टीम को शाबाशी देते हुए पुरस्कृत किए जाने की बात कही गई है। कहना गलत नहीं होगा कि सूबाई हुकूमत में तेज तर्रार इंस्पेक्टर संजय गुप्ता का नाम समय.समय पर सभी के बीच चर्चा का विषय बना रहता हैए आम जनता के कार्यों को लेकर बेहद गंभीर लेकिन अपराध और अपराधियों के लिए बेहद ही सख्त साबित होने वाले इंस्पेक्टर संजय गुप्ता को बीते दिनों पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के रनिया थाने का प्रभार सोपा गया थाए सूत्रों की माने तो औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों के अंदर चोरी की हो रही बेतहाशा वारदातें ना सिर्फ पुलिस के लिए चुनौती बनी थी बल्कि आम जनमानस का भी जीना दुश्वार हो गया थाए आए दिन हो रही वारदातों से पुलिस की सक्रियता पर सवालिया निशान लग रहा था जिसके चलते लोकप्रिय और तेज तर्रार इंस्पेक्टर संजय गुप्ता के कंधों पर पुलिस अधीक्षक द्वारा रनिया थाने की जिम्मेदारी रखीं गई थीए अपने मजबूत सूचना तंत्र की बदौलत इंस्पेक्टर संजय गुप्ता ने सोमवार को वह कारनामा कर दिखाया जिसे सुनकर हर कोई हैरतअंगेज साबित होता नजर आ रहा थाए बताया गया कि 17 जून को तीन नाम अभियुक्तों पर इंस्पेक्टर के निर्देश पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिस पर पनकी पावर हाउस निवासी राजेश कटियार पुत्र कुंजीलाल बी ब्लॉक पनकी निवासी संजीत कुमार कश्यप के नाम सामने आए थेए उपरोक्त दोनों अपराधियों पर अपनी पैनी निगाह लगाए इंस्पेक्टर संजय गुप्ता को बड़ी कामयाबी तब प्राप्त हुई जब उन्होंने रनिया के राजेंद्रा चौराहे से दोनों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर लीए गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर इंस्पेक्टर द्वारा अपने अभियान को आगे बढ़ते हुए रविवार को विनोद कुमार पांडेय पुत्र राज नारायण निवासी बी ब्लॉक गंगागंज पनकी एवं रोहित शर्मा उर्फ रंजीत पुत्र राजकुमार शर्मा निवासी बिठौली जनपद उन्नाव के साथ रामनरेश कटियार पुत्र जगत नारायण निवासी बारा सिरोही कानपुर नगर को गिरफ्तार करने में भी सफलता प्राप्त कर ली गईए पकड़े गए सभी अभियुक्तों से पुरे थाना क्षेत्र में हो रही वारदातों का काफी हद तक खुलासा हो गयाए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने 20 कमानी सेटए चार टायर रिम समेत तथा दो बिल्डिंग मशीन सहित अन्य उपकरण बरामद किए हैं बताया गया कि राकेश कटियार का अपराधी के इतिहास जनपद सहित पड़ोस के कई जनपदों में बना हैए पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता पर इंस्पेक्टर संजय गुप्ता द्वारा कहा गया कि उनकी टीम के हमराही पूरी तरह समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं यदि टीम का सहयोग उन्हें न मिलने तो शायद यह कामयाबी हाथ ना लगतीए उन्होंने सफलता का पूरा श्रेय अपनी टीम को दिया है जबकि पुलिस अधीक्षक द्वारा जल्द ही रनिया इंस्पेक्टर को सम्मानित किए जाने की बात कही गई है।

## गुड्डन सिंह ने विकास कार्यों की जानकारी देने वाली वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**माती कानपुर देहात**अकबरपुर नगर पंचायत के 2 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत समाज के बिल्कुल आखिरी पायदान तक पर खड़े व्यक्ति को 2 वर्षों में नगर पंचायत प्रशासन द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को नमस्ते चौराहे से एलईडी वैन रवाना की गईए इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन द्वारा कहा गया कि जनता से जो वायदे किए थे उन्हें निभाते हुए वह जनता की सेवा में समर्पित हो इसलिए आवश्यकता पड़ने पर उन्हें किसी भी वक्त याद किया जाए वह जनता की सेवा में समर्पण भाव से खड़े दिखाई देंगे। बताते चलें कि अकबरपुर नगर पंचायत की बिगड़ी हुई व्यवस्था को सुधार कर अपने शहर को विकास की बुलंदियां दिलाने का वायदा जनता से करते हुए जितेंद्र सिंह गुड्डन द्वारा अपनी अर्धांगिनी दीपाली सिंह को नगर पंचायत अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया थाए चुनाव में एक तरफा जीत हासिल करने के बाद गुड्डन सिंह द्वारा जनता की सेवा में खुद को समर्पित कर दिया गया था 2 साल के कार्यकाल में अपने शहर को विकास की अनेकों सौगाते प्रदान करने वाले नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन द्वारा सोमवार को नमस्ते चौराहे से एक एलईडी वैन झंडी दिखाकर रवाना की गई इस दौरान उन्होंने कहा कि बेईमानी भ्रष्टाचार उन्हें कतई बर्दाश्त नहीं है इसलिए जनता की सेवा में आने वाले एक.एक पैसे का हिसाब वह जनता को देने के लिए तैयार हैं उन्होंने साफ तौर से कहा कि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें किसी भी वक्त याद किया जाए वह जनता की सेवा में समर्पण भाव से खड़े दिखाई देंगे उन्होंने शहर के निवासियों से इस बात का भी आवाहन किया कि विकास के प्रस्ताव बनाकर लोग उनके सामने रखें और विकास के मामलों में अपने शहर को कहां तक आगे बढ़ाया जा सकता है इस पर वह पूरी गंभीरता के साथ विचार करेंगे।

## शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म करने वाला प्रशिक्षु सिपाही गिरफ्तार

**माती कानपुर देहात** डेरापुर थाने की पुलिस ने हाल में हुई पुलिस भर्ती के अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है। नव चयनित पुलिस कर्मी पर युवती के साथ शारीरिक संबन्ध बनाने और फिर शादी से इंकार करने का आरोप है। युवती के पिता की तहरीर पर डेरापुर थाने की पुलिस ने आरोपी को प्रशिक्षण के दौरान सुल्तानपुर से धर दबोचा। उसे जेल भेजा गया है। घटना थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां की रहने वाली युवती के परिजनों का कहना है कि युवती अभी वयस्क नहीं है। गांव के ही रहने वाले मनीष पुत्र सिपाही लाल ने युवती के साथ दोस्ती की। इसके बाद प्रेम जाल में फंसाया और फिर यौन शोषण किया। आरोप है कि युवक ने शादी करने का वायदा किया था मगर शादी नहीं की। शादी की बात चलाने पर लगातार उसे टरकाता रहा। इस बीच युवती गर्भवती हो गई। कुछ समय तक मामला दबा रहा। इस बीच पुलिस भर्ती का नतीजा आया और मनीष का कांस्टेबिल के रूप में चयन हो गया। भर्ती प्रक्रिया के तहत सुल्तानपुर पुलिस लाइन में उसकी ट्रेनिंग चल रही थी। इस बीच प्रकरण को लेकर युवती के परिजन द्वारा थाने में मुकदमा कायम करा दिया गया। मनीष के विरूद्ध दुष्कर्म एवम पॉक्सो के साथ.साथ मारपीट की धाराओं में मुकदमा कायम हुआ है। मुकदमा पंजीकृत कर डेरापुर पुलिस सुल्तानपुर पहुंची और वांछित आरोपी को वहां पुलिस लाइन से गिरफ्तार कर लिया। उसे डेरापुर थाने लाया गया।

## फ्लाईओवर पर ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक के पिछे घुसी कार

■ टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के उड़े परखच्चे

**कानपुर।** बर्रा में कारगिल पेट्रोल के सामने स्थित फ्लाईओवर पर ओवरटेक करने के दौरान कार ट्रक के पिछ्ले हिस्से में जा घुसी। वहीं पीछे से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने कार में टक्कर मार दी। कार की स्पीड 100 के करीब होने के कारण एयरबैग खुल गएए लेकिन सीट बेल्ट न लगाने के कारण ड्राइवर के बगल की सीट पर बैठे युवक की मौके पर मौत हो गई।

खाड़ेपुर योगेंद्र विहारए नई बस्ती निवासी संजय राजपूत का इकलौता बेटा शिवम राजपूत ;24द्ध ड्राइविंग का काम करता था। चाचा श्रीचंद्र राजपूत ने बताया कि रविवार को शिवम अपने दोस्त व ड्राइवर के साथ कार से कानपुर देहात स्थित गजनेर गया था। रात 11रू40 पर वह वापस आ रहा था।

वह लोग कारगिल पेट्रोल पंप के पास फ्लाईओवर पर पहुंचे ही थेए तभी आगे चल रहे ट्रक को वह ओवरटेक करने लगे। इस दौरान ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दीए जिससे कार पीछे से ट्रक में जा घुसी। हादसे में पीछे से आ रही एक अन्य कार ने टक्कर मार दी। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के दौरान शिवम ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठा था।आसपास के लोगों ने बताया कि कार की स्पीड करीब 100 के करीब होगी। हादसे में कार के एयरबैग तो खुल गएए लेकिन सीट बेल्ट न लगाए होने के कारण शिवम आगे जा टकरायाए जिससे हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं साथी मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची बर्रा पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवा कर शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

## अभियुक्तगण के विरुद्ध जिलाबदर की गयी कार्यवाही

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही/प्रभावी पैरवी के क्रम में न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट हमीरपुर द्वारा जनपद के थाना कुरारा व थाना राठ से सम्बन्धित गुण्डा अपराधी को जनपद हमीरपुर की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित/जिलाबदर किया गया है। पारित आदेश में आदेशित किया गया है कि जिलाबदर की अवधि में निष्कासित/जिलाबदर अपराधीगण अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे एवं 06 माह की अवधि तक जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे तथा बाह्य जनपद में जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना सम्बन्धित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे। जिलाबदर किये गये अपराधियों में अनुज पुत्र चुनुवाद निवासी ग्राम पतारा, थाना कुरारा, जनपद हमीरपुर (24.06.2025 से 06 माह), लखन राजपूत पुत्र हरचरन निवासी ग्राम कैंथा, थाना राठ, जनपद हमीरपुर (20.06.2025 से 06 माह), दृग सिंह उर्फ दृगपाल राजपूत पुत्र बृजपाल राजपूत निवासी ग्राम कैंथा, थाना राठ जनपद हमीरपुर (20.06.2025 से 06 माह), बीरपाल उर्फ वीरपाल पुत्र हरचरन निवासी ग्राम कैंथा, थाना राठ, जनपद हमीरपुर (20.06.2025 से 06 माह) तक के लिये जिलाबदर किया गया है।

## एयरपोर्ट को मिली उड़ाने की धमकी, बढ़ाई गई सुरक्षा




**कानपुर।** चकेरी एयरपोर्ट समेत 18 एयरपोर्ट्स को उड़ाने की धमकी मिली है। एक ईमेल के जरिए शातिरों ने देश भर के 18 एयरपोर्ट्स को टारगेट किया है। इसके बाद एयरपोर्ट के अंदर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं पुलिस ने एयरपोर्ट के बाहर चेकिंग और फ्रिस्किंग कराई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से चकेरी थाने में तहरीर दी गई है। एसीपी चकेरी के मुताबिक मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है। इसी प्रकरण में एक एफआईआर जयपुर में दर्ज की जा चुकी है।

चकेरी स्थित न्यू एयरपोर्ट के डायरेक्टर को रविवार को एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। जिसमें कानपुरए आगराए लखनऊए समेत 18 एयरपोर्ट्स को उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसमें जयपुर एयरपोर्ट का भी जिक्र किया गया है।

■ चकेरी पुलिस ने शुरू की जांच

यह सूचना एयरपोर्ट डायरेक्टर द्वारा चकेरी पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई। इधर एयरपोर्ट के अंदरए सीआईएसएफए वायुसेना आदि भी अलर्ट हो गए। रविवार को एयरपोर्ट के चप्पे चप्पे की तलाशी कराई गई। मगर वहां पर कुछ संदिग्ध नहीं मिला।एसीपी चकेरी अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि सूचना मिलने के बाद एयरपोर्ट के बाहर चेकिंग और फ्रिस्किंग कराई गई। वाहनों से लेकर संदिग्ध व्यक्तियों तक से पूछताछ की गई। हालांकि पुलिस को भी कुछ संदिग्ध नहीं मिला है। वहीं सूचना के बाद एलआईयू भी सक्रिय हो गई है। एडीसीपी एलआईयू के मुताबिक जो ईमेल प्राप्त हुआ है उसे लेकर हर सम्भव सूचना जुटाई जा रही है। एसीपी चकेरी अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि मामले में एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफसे तहरीर दी गई है। एक मुकदमा जयपुर में लिखा गया है। यहां भी एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

## सिखए बौद्ध व मुस्लिम समाज ने डीएम को किया सम्मानित



**कानपुर।** सोमवार को भी जिलाधिकारी कार्यालय में सिखए बौद्ध तथा मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह को सम्मानित किया।इस दौरान वो लोगों से बात करते.करते थोड़ा भावुक भी दिखे और फिर अपने मजाकिया अंदाज में नजर आए और कहने लगे कि श्आप लोग इतना सम्मान देकर मुझे ऊपर चढ़ा देते हैंए लेकिन जब मैं अपनी पत्नी से मिलता हूं तो वो नीचे ला देती है।श् इतना सुनते ही पूरा हॉल ठहाकों से गूंज गया। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा हैं। प्रतिनिधियों ने कहा कि जितेंद्र प्रताप सिंह की प्रशासनिक सक्रियता और संवेदनशील नेतृत्वशैली आमजन में शासन.प्रशासन के प्रति विश्वास और भरोसे को सुदृढ़ कर रही है। जिलाधिकारी का कार्य सिर्फ प्रशासनिक दायित्व तक सीमित नहीं हैए बल्कि वे जनता के सुख.दुख में सहभागी बनकर एक सच्चे लोकसेवक की भूमिका निभा रहे हैं। उनकी कार्यशैली हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

जिलाधिकारी ने कहा श्मैने कुछ भी अलग काम तो नहीं किया हैए लेकिन आप लोगों को देखकर मुझे लगता है कि लोगों से जुड़ जाना कितना आसान हैं। उसको मुश्किल हम लोग कर देते हैं। मैंने अपनी जीवन यात्रा से कुछ सीखा होगा जो आप लोगों को अच्छा लगता हैं। ये कहा से आया मुझे खुद नहीं पताए लेकिन मेरे जो सीनियर है मैंने उनसे भी सिखा।

## टक्कर लगने पर ई रिक्शा चालक ने युवक को लोहे की रॉड से पीटा

**कानपुर** ।जाजमऊ में स्कूटी स्कूटी सवार के टक्कर लगने पर ई.रिक्शा चालक ने स्कूटी सवार को लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा। इसके बाद स्कूटी सवार अपनी जान बचाकर अपनी बहन के फ्लैट में घुसा तो दबंग ई.रिक्शा चालक ने अपने साथियों के साथ पथराव कर दिया। बाइक में तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित ने मामले की सूचना जाजमऊ थाने की पुलिस को दी। पुलिस ने जांच की तो पूरी वारदात का सीसीटीवी सामने आ गया है। जाजमऊ पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।पेंचबाग निवासी मोण् फरदीन खान ने बताया कि उनकी जाजमऊ थाना क्षेत्र के पोखरपुर निवासी बहन की डिलीवरी होनी थी। इस वजह से वह रविवार को जाजमऊ बहन के घर और फिर हॉस्पिटल जाने के लिए स्कूटी से निकले थे। जाजमऊ में ही एक एक ई.रिक्शा सवार से उनकी स्कूटी की टक्कर हो गई। इससे आक्रोशित ई.रिक्शा चालक ने पहले तो लोहे की रॉड से जमकर पीटा। इससे बचने के लिए मोण् फरदीन अपनी बहन के फ्लैट में घुसे तो दबंग ई.रिक्शा चालक ने अपने साथियों को बुलाकर हमला कर दिया। पहले अपार्टमेंट में जमकर पथराव किया और वहां मौजूद गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी।मोण् फरदीन ने मौके से ही डायल.112 पर सूचना दी। इसके बाद जाजमऊ थाने की पुलिस और डायल.112 की फोर्स मोके पर पहुंची। इससे पहले आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस की जांच के दौरान सीसीटीवी सामने आया है। इसमें आरोपी मारपीट और पथराव करते हुए कैद हुआ है। जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के दौरान सीसीटीवी भी सामने आया हैए इसमें मारपीट और पथराव की पूरी वारदात कैद हुई है। जल्द ही आरोपियों को अरेस्ट करके जेल भेजा जाएगा।

## दिव्यांग ने डीएम से की चकबंदी लेखपाल की शिकायत



**कानपुर।** नरवल के निलंबित चकबंदी लेखपाल कमलाकांत मौर्य के खिलाफ दिव्यांग ने सोमवार को जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। कानपुर के नरवल निवासी दिव्यांग राकेश प्रजापति का आरोप है कि लेखपाल ने उनके 90 हजार रुपए अभी तक वापस नहीं किए हैं। पीड़ित ने संपूर्ण समाधान दिवस पर की थी शिकायतए डीएम के निर्देश पर चकबंदी लेखपाल को निलंबित किया गया था। गौरतलब है कि यह मामला पहले भी संपूर्ण समाधान दिवस में उठा था। तब राकेश प्रजापति ने लेखपाल पर पैमाइश के नाम पर 90 हजार रुपए वसूलने का आरोप लगाया था। इसी दौरान नरवल के मनीष सिंह ने भी वरासत चढ़ाने के एवज में लेखपाल द्वारा रुपए मांगे जाने की शिकायत की थी। जांच के बाद जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने लेखपाल कमलाकांत मौर्य को निलंबित कर दिया था। अब नई शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) एवं स्पांसरशिप प्रवर्तकता) कार्यक्रम की अनुमोदन समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसके अन्तर्गत एक मार्च 2020 के पश्चात माताध्पिता अथवा माता.पिता दोनो की मृत्यु बाल सेवा योजना (सामान्य) एवं स्पांसरशिप योजना के अन्तर्गत अनाथ, परित्यक्त, प्राकतिक आपदा के शिकार बच्चे, बाल विवाह, बाल तस्करी, एच.आई.वी. एडस एवं गम्भीर बीमारी से पीड़ित, दिव्यांग बच्चे, माता-पिता दिव्यांग के बच्चे, बाल श्रमए बाल भिक्षुक, सड़क पर जीवनयापन करने वाले बच्चे, प्रताड़ित, उत्पीड़ित, शोषित किये गये या जिनके माता-पिता उनमे से एक जेल में है। ऐसे बच्चों को सहायता या पुनर्वासन हेतु बाल सेवा योजना (सामान्य) 2500 रूपये प्रतिमाह एवं स्पांसरशिप प्रवर्तकता कार्यक्रम के अन्तर्गत रू 4000 प्रतिमाह की धनराशि दिया जाना है।

## राजकीय आईटीआई में रोजगार अप्रेंटिनशिप का हुआ आयोजन



**कानपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पांडुनगर में सोमवार को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गयाए जिसमें देश.विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। इस मौके पर युवाओं को रोजगार और प्रशिक्षण के बेहतरीन अवसर प्रदान किए गए। मेले में पुरफ्लक्स ग्रुपए रैंडस्टैंड गुरुग्रामए टीजीजीपीई एल प्रिसिशन इंजीनीरिंग नोएडा सहित कानपुर की इंडस्ट्रीजए शिवम स्प्रिंग्सए लिविको सॉल्यूशंस और अल्का इंटरप्राइजेज जैसी जानी.मानी कंपनियों ने हिस्सा लिया।करीब 180 अभ्यर्थियों ने इस मेले में भाग लिया। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत 95 युवाओं को रोजगार एवं 45 युवाओं को अप्रेंटिसशिप के लिए चुना गया। यह आयोजन युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हुआए जिसमें उन्हें अपने कौशल और योग्यता के बल पर औद्योगिक क्षेत्र में प्रवेश का मार्ग मिला। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य हरीश कुमार मिश्रा ने चयनित छात्र.छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे मेलों से युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता हैए और यह औद्योगिक विकास के साथ.साथ समाज के लिए भी लाभकारी है।कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिसशिप सेल प्रभारी अजय द्विवेदीए अमित दीक्षितए विवेक शुक्ला एवं रिजवान अहमद की विशेष भूमिका रही।

### 3 जुलाई को टाटा मोटर्स लाएगी रोजगार

प्लेसमेंट सेल प्रभारी अजय द्विवेदी ने बताया कि आगामी 3 जुलाई को टाटा मोटर्सए लखनऊ द्वारा संस्थान में जॉब और अप्रेंटिसशिप के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसमें आईटीआई उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्र.छात्राएं भाग ले सकते हैं।




## खबर एक नजर



### सराफा की दुकान में चोरों ने साफ किए हाथ

**थाने से 100 मीटर की दूरी पर ज्वैलर्स की दुकान में चोरी .**

**शिवराजपुर संवाददाता** कस्बे के वार्ड नंबर 3 स्थित बर्राजपुर में थाने से लगभग 200 मीटर की दूरी पर रविवार की देर रात मोटर साइकिल सवार चोरों ने शटर के ताले तोड़कर दुकान में रखें चार किलो चांदी के बर्तन व दस हजार की नगदी चोरी कर ले गए चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई पीड़ित दुकानदार ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है । कस्बे के वार्ड नंबर 5 निवासी अमित वर्मा पुत्र स्व रामबाबू वर्मा ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वार्ड नंबर 3 बर्राजपुर में रेलवे क्रॉसिंग से कुछ दूरी पर दिशा ज्वैलर्स के नाम से सोने चांदी की दुकान है रोज की तरह वह रविवार शाम को दुकान बंद करके अपने घर आ गया था रविवार की देर रात मोटर साइकिल से आए तीन चोरों ने शटर के ताले तोड़कर काउंटर में रखे करीब 4 किलो चांदी के बर्तन व गुल्लक में रखी दस हजार की नगदी लेकर फरार हो गए सोमवार सुबह पड़ोसी दुकानदार ने घटना की सूचना दुकानदार को दी वहीं चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है दुकानदार ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कही है । चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि थाने से सौ मीटर की दूरी पर घटना को अंजाम दे दिया वहीं चोर आए दिन कस्बे में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं किंतु चोर पकड़े नहीं जाते ना ही कोई माल बरामद किया जाता है इस मामले में थाना प्रभारी वरुण कुमार शर्मा ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है मौके पर जाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर छानबीन चल रही है वहीं कुछ संदिग्ध लोगों को उठाया भी गया है व कई प्रमुख जगहों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा ।

### बिल्हौर हाइवे कट पर पुलिस पिकेट की मांग को लेकर भाजपा नेताओं ने दिया ज्ञापन

बिल्हौर दृ आज भाजपा नेताओं के प्रतिनिधि मंडल ने बिल्हौर कोतवाली प्रभारी से मुलाकात करके बिल्हौर से निकले हाइवे के कट नानामऊ तिराहे व चण्डाली गुमटी के पास कानपुर एवं कन्नौज से आने व जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए तत्काल प्रभाव से दोनों स्थानों पर पुलिस पिकेट की व्यवस्था करने व स्थायी रूप से भविष्य में दोनों स्थानों पर पुलिस बूथ बनाने की मांग रखी गई। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल में भाजपा बिल्हौर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शुभ्रांशु कटियार नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ शर्मा रजनीश कटियार प्रद्युम्न कटियार स्वप्नेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

### सपा कार्यालय पर धूम धाम से मनाया जाएगा पूर्व सीएम अखिलेश यादव का जन्मदिन

बिल्हौर दृ विकास पुरुष एवं पीडीए के महानायक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद कन्नौज का जन्म दिवस दिनांक 1 जुलाई 2025 को समय 12 रू30 बजे कल जीटी रोड बिल्हौर स्थित सपा कार्यालय में समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव आशीष सिंह यादव चटरू व वरिष्ठ सपा नेता विनय कोरी के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। ख्20रू51ए 6ध्30ध्2025, .91 98398 73018रू भ्मंकपदह

भीतरगांव क्षेत्र में कम संख्या वाले 26 स्कूलों में होगी तालाबंदी

### नौनिहालों के भविष्य को लेकर अभिभावक परेशान

भीतरगांव। विकासखंड क्षेत्र में संचालित 26 विद्यालयों को नजदीकी विद्यालयों में मर्ज किया गया है जिससे इन विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को नजदीकी विलय किया गया जो गांव से दो तीन किमी की दूरी पर है ऐसे में छोटे छोटे बच्चों को विद्यालय तक पहुंचना मुश्किल होगा ऐसे में अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर भी खासे चिंतित है।सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने के लिए कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को नजदीकी परिषदीय विद्यालय में विलय की घोषणा की गई है जिससे विकासखंड भीतरगांव के प्राथमिक विद्यालय चिरला पोखवाखेड़ा किशोरपुर चपरेहटा झंडापुर धीरजापुर बैरीपुर धमना बुजुर्ग गूजा पुराइहार खुचकीपुर गाजीपुर संदौली मील कुटिया रामपुर बंजारी सहित 26 अपर्याप्त 20 से कम संख्या वाले विद्यालयों को नजदीकी विद्यालयों में मर्ज किया गया है जिसके चलते ऐसे विद्यालयों में तालाबंदी से असहाय और गरीब तबके के लोगों में चिंता की लकीरें साफ दिखाई देती है अभिवावकों में अपने बच्चों का भविष्य बनाना एक जटिल समस्या बन चुका है।

### सपा सुप्रीमो से मिलकर जिले की समस्याओं से कराया अवगत

सुमेरपुर-हमीरपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित समाजवादी व्यापार सभा के सम्मेलन में सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य ने सपा मुखिया से भेंट करके जिले की समस्याओं से अवगत कराया है। सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नंदकिशोर शिवहरे ने बताया कि भामाशाह की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से भेंट करके जिले के संगठन की गतिविधियों से विस्तार से अवगत कराया गया है। जल्द ही वह आवश्यक दिशानिर्देश देकर मिशन 2027 की तैयारियों को तेज करेंगे। इस मौके पर सपा व्यापार सभा के प्रदेश सचिव घनश्याम साहू, सपा नगर अध्यक्ष गोपाल बजाज, जिला सचिव संजय यादव, रणविजय सिंह, अंकुश यादव आदि मौजूद रहे।

### आज रवाना होगा अमरनाथ यात्रियों का जत्था

सुमेरपुर-हमीरपुर। अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था मंगलवार को 12 बजे कस्बे से जम्मू के लिए रवाना होगा। अमरनाथ यात्री डा. नरेश शर्मा ने बताया कि अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हो रही है। उनकी यात्रा का रजिस्ट्रेशन 4 जुलाई को है। वह 3 जुलाई को बालटाल पहुंचेंगे और 4 जुलाई को बालटाल से यात्रा का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि उनके साथ पंकज तिवारी, संदीप साहू, पवन कुमार, शिवम सिंह आदि भी यात्रा में जाएंगे।

### यादव महासभा की बैठक प्रशासन के दबाव में स्थगित

सुमेरपुर-हमीरपुर। सोमवार को कस्बे में होने वाली अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक प्रशासन के दबाव में स्थगित कर दी गई। यादव महासभा के नगर अध्यक्ष रमाशंकर यादव आचार्य ने बताया कि जिलाध्यक्ष सुघर सिंह यादव के निर्देश पर 30 जून सोमवार को कस्बे में बैठक का आयोजन किया गया था। प्रशासन को इसकी भनक लग गई। प्रशासन ने जिले में धारा 144 लागू होने तथा बैठक की पूर्व अनुमति में नहीं लेने का हवाला देकर बैठक स्थगित करने का जिलाध्यक्ष पर दबाव बनाया। उन्होंने प्रशासन के आगे घुटने टेकते हुए बैठक को स्थगित कर दिया। इस बैठक में इटावा कांड को लेकर रणनीति तैयार की जानी थी।

### राशन लेने गई वृद्धा हुई लापता

सुमेरपुर-हमीरपुर। राशन लेने घर से निकली वृद्धा लापता हो गई। घटना 25 जून की है। पुत्र ने मां के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई है। विदोखर मेदनी निवासी सिद्धगोपाल श्रीवास ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मां गिरिजा देवी 70 वर्ष बीते 25 जून को राशन लेने की बात कह कर घर से 2 बजे कोटेदार के यहां जाने को कहकर निकली थी। इसके बाद से वह वापस नहीं लौटी है। पुत्र ने बताया कि मां मानसिक रूप से कमजोर है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की है।

### सेवानिवृत्ति, विदाई समारोह आयोजित

हमीरपुर। आज पुलिस लाइन हमीरपुर मेंएक गरिमामय सेवानिवृत्ति/विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर ने सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की।

## किसानों व महिलाओं के सम्मेलन में लघु उद्योगों व स्वरोजगार पर बल

**वेटसन रिजॉर्ट एवं होटल में कम्युनिटी इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने आयोजित किया 9 वा वार्षिक समारोह**

घाटमपुर। जहानाबाद रोड़ पर स्थित वेटसन रिजॉर्ट एवं होटल में कम्युनिटी इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ;किक्कीद्धद्वारा आयोजित किए गए 9 वें वार्षिक समारोह में वक्ताओं ने रखे अपने अपने विचार रखे। इस मौके पर किसानों व महिलाओं को उद्यमी बनने को प्रेरित किया गया।

श्किसान ध् महिला को उद्यमिता विकास से सशक्तिकरणश् विषय पर आधारित समारोह में कृषिएव्यापारएउद्योगए महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की गई।कार्यक्रम में न केवल व्यापार और उद्योग पर चर्चा हुईए बल्कि किसानोंए महिलाओं और युवाओं के लिए प्रशिक्षणए नवाचार और उद्यमिता से संबंधित उपयोगी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर महिलाओं और किसानों को पूसा के प्रमाणित बीज भी वितरित किए गए।सतना ;मध्य प्रदेशद्ध से सांसद गणेश सिंह ने किसानों को आत्मनिर्भर बनने और वैज्ञानिक पद्धतियों द्वारा आधुनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। भारत सरकार की मंत्री अनुप्रिया पटेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया और ग्रामीण एवं लघु उद्योगों के विकास पर बल




दिया।इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा से वैज्ञानिक राकेश यादवए वैज्ञानिक सीपी सचानए किक्की के राष्ट्रीय महासचिव हरिओम पटेलए चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रदीप कुमार वर्माए अनिल कुमार पटेल तथा अरुण कुमार सिन्हा ;सेवानिवृत्त आईएएसद्ध ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की और स्थानीय किसानों एवं व्यवसाइयों से संवाद किया। पैनेशिया हेल्थ केयर के डायरेक्टर अजीत सचान पिंटू कि तरफ़ से मुफ्त दवाई वितरित की गई। इस अवसर पर किक्की के चेयरमैन अशोक मेहता द्वारा उमाशंकर सचान जी को उत्तर प्रदेश इकाई का नया चेयरमैन घोषित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आईएएस हीरालाल व आईएएस पवन गंगवारए पूर्व चेयरमैन श्री उमेश गंगवारए कुलदीप कटियारए पूर्व महासचिव उमेश पटेलए मेरठ से सम्मानित सदस्य अमित एवं मुनेश प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉण् अनूप सचान द्वारा किया गया।



## तालाबंदी रोकने को बढ़ाएं स्कूल में बच्चों की संख्या

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने वीडियो कॉल के माध्यम से अमृते पुर के अभिभावकों से कहा**

घाटमपुर। कम संख्या वाले स्कूलों में ताला बंदी को लेकर अभिभावकों द्वारा विरोध किया जाने लगा है। सोमवार को गढ़ाथा प्रधान शीलू सिंह के पति केसाथ अमृतेपुर गांव से बीआरसी कार्यालय पहुंचे अभिभावकों व ने प्राथमिक विद्यालय की बन्दी पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार कुशवाहा से एतराज जतायाए तो उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह से सीधे उनकी वीडियो कॉल पर बात कराई। बीएसए जब स्कूल में छात्रों की संख्या बढ़ाने को कहा तो सभी ने एक स्वर से संख्या बढ़ाने का उन्हें भरोसा दिया।ग्राम अमिरतेपुर में संचालित प्रा0पा0 को बन्द न करने के सम्बन्ध में मांग करने वालों में प्रधान पति के साथ रूबीए प्रियंकाए मनोज कुमारए जय विजयए अमर सिंहएवीरूए रवीन्द्र सिंहए अरुणा देवी तथा अमर सिंह समेत तमाम लोग शामिल रहे।

## आत्महत्या को प्रेरित करने वालों को भेजें जेल-संजय निषाद

**प्रदेश के मत्स्य मंत्री पहुंचे पीड़ित के घर कोटराए एसडीएम व एसीपी से कहा**

घाटमपुर। थाना सजेती क्षेत्र कोटरा गांव में पुलिस प्रताड़ना से क्षुब्ध युवक द्वारा 9 जून को को की गई आत्महत्या के मामले में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने रविवार को कोटरा गांव पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। साथ ही 9 जून की शाम पुलिस की प्रताड़ना से क्षुब्ध युवक को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वालों पर कार्यवाही का भरोसा दिया। उन्होंने इस मौके पर मौजूद एसडीएम व एसीपी से कहा कि हर हाल में पीड़ितों को न्याय मिले। उल्लेखनीय हो कोटरा गांव निवासी जीत कुमार उर्फ जीतू निषाद का पत्नी सुमन से चार जून को विवाद हो गया था। सुमन व उसके पिता गुरइयनपुर निवासी



प्रधान राम किशोर की शिकायत पर थाने के दारोगा गौरव सोलिया व दीवान रवि ने जीतू को हिरासत में ले लिया था। आरोप था कि उसे जमकर पीटने के बाद दूसरे दिन कुछ रुपए लेकर उसे छोड़ दिया गया था। बाकी रकम की व्यवस्था न होने पर युवक ने नौ आत्महत्या कर ली है। दरोगा व दीवान को सस्पेंड करने व मृतक के पिता रमेश चंद्र की तहरीर पर दारोगाए दीवानए ससुर व पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

## विद्यालयों का समायोजन किए जाने का करेंगे विरोध

**शिक्षक संघ के साथ विरोध में उतरे विद्यालय प्रबंध समिति व अभिभावक**




घाटमपुर।50 से कम छात्रों वाली संख्या के परिषदीय विद्यालयों में तालाबंदी की शुरू हुई प्रक्रिया के बीच सोमवार को उत्तर प्रदेश शिक्षक संघ की स्थानीय इकाई ने बी आर सी के सभागार में एक बैठक की। जिसमे शामिल हुए ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा विद्यालय प्रबन्ध समिति व शिक्षकों ग्राम प्रधानों ने विद्यालयों को मर्ज किए जाने की प्रक्रिया पर विरोध जताया। साथ ही कहा कि गांव से अन्यत्र शिक्षा का मन्दिर मर्ज किए जाने का सीधा असर आर्थिक स्थिति से कमजोर बच्चों व बेटियों की शिक्षा पर पड़ेगा। जिसे देखते हुए शासन को इस सम्बंध में पुनर्विचार करना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुशेंद्र सचान ने की। इस मौके पर जिला मंत्र जयवीर सिंहए प्रदीप वर्माए अशोक प्रजापतिएअमरेन्द्र प्रतापए शहजादे कुरैशीए युनुस कुरैशीए मोव कादिरए धीरेन्द्र सिंहए सुनील मिश्रा सुनील पाठक आदि शिक्षक नेता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## 20 से कम छात्रों वाले 19 परिषदीय स्कूलों की भेजी गई रिपोर्ट

**खण्ड शिक्षा अधिकारी ने यू डायस व उपस्थिति रजिस्टर से तैयार की सूचीए हो सकती है तालाबंदी**

घाटमपुर। परिषदीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शासन द्वारा किए जाने वाले तमाम प्रयास सार्थक न होने व साक्षकों की संख्या जरूरत से ज्यादा होने तथा पढ़ने के लिए दी जाने वाली बुनियादी सुविधाओं के बाद भी छात्र.छात्राओं की स्कूलों से घटती संख्या को शासन ने न सिर्फ गंभीरता से लिया है बल्कि खण्ड शिक्षा अधिकारियों से यू डायस व उपस्थिति रजिस्टर से 20 से कम छात्रों की संख्या वाले स्कूलों की रिपोर्ट मांगी गई है। ऐसे स्कूलों को जुलाई के पहले सफ्ताह तक बन्द कर आस पास के




स्कूलों में समायोजन किए जाने की तैयारी है। ब्लॉक संसाधन केन्द्र के 198 स्कूलों अच्छी शिक्षा के साथ बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए 12 न्याय पंचायतों में बांटा गया है। इन सबके बावजूद बेंदा न्याय पंचायत के एक स्कूल में जहां सबसे कम बच्चे पढ़ रहे हैं।वहीं पारस न्याय पंचायत के 4 स्कूलों में सबसे ज्यादा बच्चे पढ़ रहे हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार कुशवाहा से इस सम्बंध में की गई जानकारी पर उन्होंने बताया कि अधिकारियों द्वारा 20 से कम छात्रों की संख्या वाले स्कूलों की रिपोर्ट मांगी गई थी। स्थली निरीक्षण में पाया गया कि ऐसे प्राथमिक विद्यालय 17 व 2जूनियर विद्यालय चल रहे हैं। जिनका प्रस्ताव बनाकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजा गया है। 50 से कम छात्रों वाले बन्द हो जाएंगे एक सैकड़ा स्कूल घाटमपुर। 20 से कम छात्रों की संख्या वाले 19 विद्यालयों में होने जा रही तालाबंदी की चर्चाओं के बीच 198 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं जिनमें एक सैकड़ा स्कूलों में 50 से कम छात्रों की संख्या हैं। सूत्रों की मानें तो उनकी भी तैयार की जा रही सूची जल्द ही समायोजन या बन्दी के लिए जल्द भेजी जाएगी। यहां पढ़ाने वाले शिक्षकों का समायोजन जिन सकूलों में शिक्षकों की कमी है वहां किया जा सकता है। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जा रहा सर्वे अन्तिम पड़ाव में बताया जा रहा है।

मँझन पुर के जूनियर विद्यालय में 5 व लखपेड़ा में हैं 20 छात्र ब्लॉक संसाधन केन्द्र घाटमपुर के आधीन वैसे तो 198 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं। जिनमें 20 से कम छात्रों की संख्या वाले स्कूलों की जब खण्ड शिक्षा अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर जब जांच की तो 19 विद्यालय ऐसे मिले जो शिक्षा के नाम पर खाना पूर्ति कर रहे थे। जिनमें मँझन पुर के जूनियर विद्यालय में सबसे 5 छात्र छात्राएं व लखपेड़ा में सबसे ज्यादा 20 छात्र छात्राओं की संख्या थी।

## शिव मानव सेवा समिति का प्रथम जत्था बस द्वारा अमरनाथ रवाना




**शुक्लागंज उन्नाव** अमरनाथ बर्फानी दर्शनार्थी के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शिव मानव सेवा समित द्वारा राजधानी मार्ग धोबिन पुलिया के समीप बैसवारा सर्विस सेंटर पर अमरनाथ बाबा दर्शन के लिए प्रथम जत्था जाने से पूर्व बस पर आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ पूजन पाठ कर सर्वप्रथम गणेश जी की वंदना की गई इसके पश्चात अमरनाथ बर्फानी शिव शंकर जी की विधिवत भावपूर्ण पूजन अर्चन करने के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया इसके पश्चात राजधानी मार्ग बैसवारा सर्विस सेंटर पर अमरनाथ दर्शन के जाने के लिए श्रद्धालुओं को भावपूर्ण कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनंदन स्वागत करते हुए शिव भोले की जय जयकारे नारा लगाते हुए भूखे को अन्य प्यासे को पानी बाबा अमरनाथ बर्फानी जय के व्याख्यान पर बाबा बर्फानी अमरनाथ की जय जय नारे लगाते हुए राजधानी मार्ग दुर्गा मंदिर के समीप बस द्वारा अमरनाथ बर्फानी श्रद्धालुओं प्रथम जत्था बस प्रस्थान हुआ जिसमे राजधानी मार्ग पर समाजसेवियों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया स्वागत अभिनंदन करने के पश्चात तथा नगर में जय जय कारे से पूरा नगर गुजाँमान हो गया इस मौके पर पूर्व पालिका प्रतिनिधि राजेश गुप्ता गोल्डी वीरेंद्र शुक्ला राहुल तिवारी बॉबी पांडे मनोज यादव रज्जन सिंह बैसवारा संजय सिंह उदय पांडे नारायण मिश्रा विष्णु पांडे पूर्व प्रधान रामनारायण यादव वीरेंद्र यादव अविनाश बाजपेई अनिल रश्मि लोक अंशु लक्ष्य पांडे राजू सोसायटी ज्वेलर्स गजेंद्र बीर बिक्रम बहादुर मंगल सिंह बैसवारा आदि लोग भारी संख्या में मौजूद थे




## सपा अध्यक्ष के जन्मदिन पर सयुस ने किया रक्तदान

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 52 वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर स्नेह ब्लड बैंक किदवई नगर में समाजवादी युवजन सभा कानपुर महानगर अध्यक्ष अर्पित त्रिवेदी ने अपने साथियों के साथ भारी बरसात में भी 26 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं को ब्लड बैंक एमडी सर्वेश मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर कार्य की सराहना की।अध्यक्ष अर्पित त्रिवेदी ने कहा आज समाज मे इस प्रकार के लोगों की जरूरत है क्योंकि आर्थिक मदद करने वाले सैकड़ों मिल जाएंगे लेकिन रक्त देने वाले बड़ी मुश्किल से मिलते हैं।रक्तदान शिविर में रोहित राज राजपूत केशव यादव विनोद यादव दिव्यांश शर्मा संजय यादव आलेख सिंह ईशू यादव अजय श्रीवास्तव मुकेश दीक्षित मोण्क़ासिद हिमांशु तिवारी सत्यम ठाकुर रिंकू केसरवानी संतोष पाण्डेयएकेण्केण्मिश्रा आमिर फैसल आदि रहे

**पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, फतेहपुर
ई–निविदा संख्या सूचना दिनांक 30.06.2025
1.ई–निविदा सं0–07/ EDCF/ Work/2025–26 : विद्युत वितरण खण्ड, फतेहपुर के क्षेत्रान्तर्गत बिन्दकी बस स्टाप से सदर हास्पिटल चौराहे तक आ रहे विद्युत पोलों एवं लाइनों के प्रतिस्थापन कर उर्जीकृत करने का कार्य। प्रपत्र शुल्क – रू. 1180.00, धरोहर धनराशि : रू. 2000.00, 2. ई–निविदा सं0–08/ EDCF/Work/2025–26 : विद्युत वितरण खण्ड–बिन्दकी, फतेहपुर के क्षेत्रान्तर्गत मेसर्स बजेरों आर्गेनिक फर्टिलाइजर प्रा0 लि0, फतेहपुर के भार वृद्धि हेतु लाइन निर्माण कार्य। प्रपत्र शुल्क – रू. 1180.00, धरोहर धनराशि : रू. 2500.00, 3. ई–निविदा सं0–09/EDCF/Work/ 2025–26 : विद्युत परीक्षण खण्ड, फतेहपुर मे स्क्रैप सिंगल/थ्री फेज मीटर को परीक्षण खण्ड, फतेहपुर से विद्युत भण्डार केन्द्र, फतेहपुर तक ढुलाई कर जमा करने का कार्य। प्रपत्र शुल्क – रू. 1180.00, धरोहर धनराशि : रू. 2000.00, 4.ई–निविदा सं0–10/ EDCF/ Work/2025–26 : विद्युत वितरण मण्डल, फतेहपुर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न विकेन्द्रीकृत सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित। प्रपत्र शुल्क –रू. 1180.00, धरोहर धनराशि : रू. 7500.00, 5.ई–निविदा स. –11/EDCF/ Work/2025–26 : विद्युत वितरण मण्डल, फतेहपुर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न साइजों के 33 के0वी0 एवं 11 के0वी0 केबिल ज्वाइन्टिग किट की आपूर्ति सम्बन्धित। प्रपत्र शुल्क – रू0 1180.00, धरोहर धनराशि : रू0 10000.00, 6.ई– निविदा सं0–12/EDCF/ Work/ 2025–26 : विद्युत वितरण खण्ड– खागा, फतेहपुर के क्षेत्रान्तर्गत 02 नग 05 एम0वी0ए0 पावर परिवर्तकों मे विभिन्न अनुरक्षण कार्य। प्रपत्र शुल्क – रू0 1180.00, धरोहर धनराशि : रू0 2000.00, ई–निविदा की अंतिम तिथि : 24, जुलाई, 2025 अपरान्ह 13.00 बजे ई–निविदा का प्रथम भाग खुलने की तिथि : 24, जुलाई, 2025 , 15:00 बजे, विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।
**अधीक्षण अभियन्ता**
विद्युत वितरण मण्डल, फतेहपुर
आर. 1077 दि. 30.06.20255
''राष्ट्रहित में बिजली बचाएं''

### फांसी लगा चालक ने दी जान

**फतेहपुर।** जहानाबाद कस्बा के सीएचसी में तैनात 26 वर्षीय चालक ने संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। जानकारी के अनुसार कानपुर नगर के थाना बिधनू गांव कुशलपुर जामू निवासी अशोक कुमार का पुत्र विजय यादव जहानाबाद सीएचसी में चालक के पद पर तैनात था। बताते हैं कि बीती रात उसने कैम्पस में ही फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं पुलिस आत्महत्या का कारण पता लगा रही है।

## कालीशंकर हत्याकाण्ड

# मृतक आश्रित को पचास लाख मुआवजे की मांग



फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लहुरी सराय में काली शंकर उत्तम को सीसीटीवी कैमरा हटाने के प्रकरण में पड़ोसी द्वारा लाठी से मार कर हत्या किए जाने के संबंध में दलित ओबीसी माइनॉरिटी आदिवासी संगठनों के परिसंघ जनपद शाखा ने उप जिलाधिकारी न्यायिक को ज्ञापन सौंपकर हमलावर को कड़ी सजा दिलाए जाने के साथ ही मृतक आश्रित को 50 लाख रूपए मुआवजा दिए जाने की मांग की। डोमा परिसंघ ने मांग किया कि कालीशंकर उत्तम ने अराजकतत्वों की पहचान के लिए आत्मसुरक्षा के साधन सीसीटीवी लगवाए थे। द्वेष रखने वाले पड़ोसी ने डण्डा मारकर उनकी हत्या कर दी। इस प्रकरण की न्यायिक जांच कराई जाए, कालीशंकर के मरणोपरान्त आश्रित व्यक्ति को जीवन यापन के लिए पचास लाख मुआवजा दिया जाए, मृतक परिवार के निर्धन व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए, समाज में संवैधानिक समानता व बंधुत्व की भावना पैदा करने के लिए न्यायिक कार्यवाही बिना किसी भेदभाव के सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर प्रदेश सचिव संदीप साहू, निहाल अहमद, सुमेर पासवान, अविनाश राव, अब्दुल हाफीज, शांति सचान, आदि मौजूद रहे।

# जनमानस की समस्याओं को लेकर ईओ से मिले व्यापारी

**■ 07 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर निराकरण की उठाई आवाज**

**फतेहपुर।** आम जनमानस की समस्याओं को लेकर उत्तम उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर पालिका परिषद पहुंचकर अधिशाषी अधिकारी से मुलाकात की। तत्पश्चात उन्हें 07 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का निराकरण किए जाने की आवाज उठाई। प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी व जिलाध्यक्ष मनोज कुमार साहू की अगुवई में पदाधिकारी नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे। जहां ईओ को ज्ञापन सौंपकर बताया कि शहर क्षेत्र में बाहर से आने वाले लोगों को स्थानीय प्रमुख स्थलों की जानकारी हेतु चौराहों पर विभिन्न मुख्य संस्थानों का नाम लिखित दिशा सूचक बोर्ड स्थापित करने की आवश्यकता है। विभिन्न बाजारों में पार्किंग सुविधा, शौचालय, जीटी रोड में किनारों पर डिवाइडर बनाकर फुटपाथ एवं वाहन पार्किंग व्यापारी हित में अत्यंत आवश्यक है जिसे तत्काल आबंटित किया जाए। शहरी क्षेत्र में बने नालों द्वारा शहर की जल निकासी व समय-समय पर सफाई न होना एक गंभीर समस्या है। नालों की सिल्ट की सही से सफाई न होना एवं नालों में होल पास न होने या बंद होने के कारण वर्षा में सड़कों का पानी भर जाता है जो नालियों के माध्यम से घरों के अंदर घुस जाता है। मुख्य बाजारों में मीट मांस का बिकना एक गंभीर समस्या है। जहां विभिन्न



खाद्य सामग्रियों के संक्रमित होने का खतरा बना रहता है, ऐसी दुकानों को एकांत जगह स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है। शहर की विभिन्न गलियों के अंदर स्थित नालियों की सफाई सही ढंग से नियमित नहीं होती जिसके कारण सिल्ट और मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बना रहता है। नालियों में लार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग नियमित रूप से करवाया जाए। सड़कों के चौड़ीकरण के बाद कई जगह खंभे सड़क के काफी हद तक बीच में है जिन्हें सड़क के किनारे स्थापित करने की तत्काल आवश्यकता है। लक्ष्मी टॉकीज के पास नवनिर्मित नाले को पुराने नाले से न जोड़े जाने के कारण, बारिश और घरों के जल निकासी न होने से बाढ़ जैसे हालात बन जाते है जिसके स्थाई समाधान की आवश्यकता है। इस मौके पर श्रवण दीक्षित, जय किशन, प्रेमदत्त उमराव, विकास कश्यप, सलामत अली, शिव प्रसाद, संजय सिंह, उदय प्रताप सिंह, प्रशांत सिंह, अनिल महाजन, आकाश भदौरिया, सौरभ गुप्ता, संदीप श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भाकियू अरा. ने दिया धरना

**– सीएमओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

फतेहपुर। जिले की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में धरना दिया। तत्पश्चात सीएमओ ने मौके पर पहुंचकर वार्ता की। भाकियू नेताओं ने सीएम को संबोधित एक ज्ञापन सीएमओ को सौंपकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष राजकुमार गौतम की अगुवई में सीएमओ कार्यालय पर पदाधिकारियों ने धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए श्री गौतम ने कहा कि जिले की स्वास्थ्य सेवाएं इन दिनों बदहाल हैं। जिससे मरीजों का समुचित उपचार व जांचे नहीं हो पा रही हैं। उन्होने कहा कि कई बार आवाज उठाए जाने के बावजूद व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया जा रहा था। जिसके चलते धरना दिया गया। धरने की जानकारी होने पर सीएमओ मौके पर पहुंचे और किसान नेताओं से वार्ता की।

किसान नेताओं ने सीएम को संबोधित एक ज्ञापन सीएमओ को सौंपकर मांग किया कि सीएचसी व पीएचसी की नियमित जांच की जाए, जिला अस्पताल में मरीजों को तुरन्त कानपुर के लिए रेफर किए जाने पर रोक लगाई जाए, जिला अस्पताल में बंद पड़े आरओ प्लांट को तत्काल चालू कराया जाए,



ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य केन्द्रों पर 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिला अस्पताल के डायलिसि सेंटर के पास व्याप्त गंदगी को साफ किया जाए, जिला अस्पताल में आपरेशन के नाम पर रूपयों की मांग पर तत्काल रोक लगाई जाए, सभी सीएचसी व पीएचसी में सांप व कुत्ता काटने के इंजेक्शन उपलब्ध कराए जाए, स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता सही की जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों व कीड़ों की रोकथाम के लिए दवा का छिड़काव किया जाए, जिला अस्पताल में मरीजों की सभी जांचे, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड आदि समय से किया जाए। इसके अलावा अन्य मांगे भी शामिल रहीं। इस मौके पर अंकित सिंह, राजकुमार, प्रीतम सिंह चंदेल, दीपक गुप्ता, बउवन शुक्ला, रंजीत सिंह, बबलू सिंह, शैलेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

### बारिश में दीवार गिरने से पांच घायल, दो गंभीर

बिंदकी, (फतेहपुर)। बारिश के दौरान गली में बच्चे और युवा के नहा रहे थे। तभी अचानक कच्चे गारे व पक्की ईंट से बनी दीवार ढह गई। जिसके मलबे में पांच लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई। एक बच्चे सहित दो गंभीर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार के नगर के मोहल्ला जहानपुर में बारिश के दौरान सोमवार को दिन में बच्चे व युवक गली में नहा रहे थे। तभी अचानक नईम के प्लाट के मिट्टी के कच्चे गारे तथा पक्के ईंट से बनी दीवार ढह गई। जिसके मलबे में जहानपुर मोहल्ले के रहने वाले अयान 5 वर्ष पुत्र मोहम्मद आरिफ, सचिन 30 वर्ष पुत्र अशोक, अरहान 10 वर्ष पुत्र मुन्ना, जैद 14 वर्ष पुत्र मुन्ना, अरुण 20 वर्ष घायल हो गए। जिसमें गंभीर घायल अयान व सचिन को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया।

# सेवानिवृत्त सीओ को व्यापारी नेताओं ने दी विदाई



**फतेहपुर।** पुलिस उपाधीक्षक नगर सुशील दुबे के सेवानिवृत्त होने पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मोमेंटो, शाल व प्रतीक चिन्ह देकर विदाई दी। उनके स्वास्थ्य लाभ व दीर्घायु की कामना करते हुए उनके कार्यो पर चर्चा भी की। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी ने साथियों सहित विदाई समारोह में सहभागिता की। मोमेंटो, शाल व प्रतीक चिन्ह देकर उनको विदाई दी। कहा कि सभी व्यापारी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। वह सदैव स्वस्थ और दीर्घायु रहे। फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराने में अहम भूमिका निभाई। सेवानिवृत्त सीओ ने कहा कि जो मान व सम्मान यहां के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व व्यापारियों ने दिया वह सदैव याद रहेगा। इस मौके पर संजय गुप्ता, धीरज बाल्मिकी, मो. आसिफ विनोद गुप्ता, मो. अलीम, संजय जौहरी, बृजेंद्र यादव एड., विनोद सिंह चंदेल, हिमांशु श्रीवास्तव, इरशाद हुसैन, मो अनीस, मो समी अहमद खां, उमेश मौर्य एडवोकेट, प्रिंस गुप्ता, पुन्ना नेता भी उपस्थित रहे।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र असोथर में हुई मासिक समीक्षा बैठक

असोथर, (फतेहपुर)। ब्लॉक संसाधन केंद्र में खंड शिक्षा अधिकारी गौरव मिश्रा की अध्यक्षता में विकास खंड के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार आगामी माह की कार्य योजना पर चर्चा करते हुए बताया कि आगामी एक जुलाई को अभिभावकों के साथ बैठक कर नामांकन को आगे बढ़ाने, शासन द्वारा बच्चों को भेजी जाने वाली धनराशि पर सभी लोग चर्चा करेंगे। इसके साथ ही परिषदीय विद्यालयों में प्रेषित टैबलेट, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब का विद्यालयों में सुचारू रूप से संचालित हो। समीक्षा करते हुए पुस्तक वितरण रेडिनेस कार्यक्रम, पुस्तकालय के प्रयोग के साथ निपुण विद्यालय बनाने की कार्य योजना पर प्रकाश डाला गया।

एआरपी विक्रम सिंह भदौरिया ने संचारी रोग अभियान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि अभियान एक जुलाई से 30 जुलाई तक चलाया जाएगा। बच्चों को संचारी रोग से बचाव हेतु बचाव के तरीकों को शिक्षकों को अवगत कराना है। साथ ही विद्यालयों में नामांकन भी बढ़ाने पर जोर दिया। इस मौके पर आशीष त्रिपाठी, ललतेश त्रिवेदी, प्रभात गुप्ता, संदीप यादव, बृजेंद्र सिंह, लोकेश गुप्ता सहित विकास खंड के सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# महर्षि आध्यात्मिक जनजागरण अभियान हेतु श्री रामचरितमानस सुंदरकांड का पारायण



फतेहपुर। महर्षि विश्व शांति आंदोलन के तत्वावधान में पूरे भारतवर्ष के महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों के द्वारा चलाये जा रहे महर्षि आदर्श भारत अभियान की कड़ी में महर्षि विद्या मंदिर फतेहपुर द्वारा श्री सिद्धपीठ ताम्बेश्वर धाम में श्रीराम चरित मानस के सुन्दर-कांड का पारायण किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष श्री केशव राम त्रिपाठी जी एवं सचिव श्री सूर्यकांत मिश्रा जी एवं शहर के अन्य गणमान्य लोग सम्मलित हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद त्रिपाठी ने कहा की महर्षि जी का यह प्रकल्प उनके अनन्य शिष्य एवं महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष वेद विद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी डाक्टर गिरीश जी के निर्देशन में चलाया जा रहा है।

महर्षि आदर्श भारत अभियान का उद्देश्य, व्यक्ति, परिवार, समाज, राज्य एवं राष्ट्र में सतोगुणी चेतना का प्रचार प्रसार के द्वारा अजेयता प्राप्त करना है। भावातीत ध्यान के नियमित अभ्यास के द्वारा इस लक्ष्य को सहजता से प्राप्त किया जा सकता है। भारत का प्रत्येक नागरिक चाहे वह किसी भी आयु, जाति, विश्वास, धर्म, पारिवारिक स्थिति, आर्थिक स्थिति, व्यवसाय शहर या गांव से हो, महर्षि आदर्श भारत अभियान में अपने समय और ऊर्जा का योगदान देकर अपने प्रिय भारत को आदर्श, प्रबुद्ध, अजेय और स्वर्ग बनाने के लिए सादर सादर आमंत्रित है। आज के परिवेश में जहाँ समाज में हिंसा और अशांति का प्रभाव बढ़ता जा रहा है, ऐसे में हम सभी का कर्तब्य है महर्षि आदर्श भारत अभियान के सद्कार्यो से जुड़कर अपनी सहभागिता निभाए। इस अभियान के द्वारा पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, नारी सुरक्षा, काव्य गोष्ठी एवं अन्य समसामयिक विषयो पर परिचर्चा आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा का पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ।

# तांबेश्वर मंदिर में भंडारा, श्रद्धालुओ ने ग्रहण कियां प्रसाद



फतेहपुर। शहर के सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर परिसर में भक्तों की ओर से विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर आने-जाने वाले लोगों को रोक-रोक कर भंडारे में पूड़ी, सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद पाने के लिए भक्तों में होड़ मची रही। आयोजकों ने बताया कि भण्डारे की तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गई थी। निर्धारित समय पर भंडारे का प्रसाद बांटा गया। भण्डारा देर शाम तक चला। लोगों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। इस मौके पर सत्येन्द्र सिंह, सोनू यादव, श्याम यादव, राजेश चौधरी, अतुल सिंह यादव, शालू यादव, पंकज यादव, अभिषेक ठाकुर भी मौजूद रहे।

### जनसेवा दल की बैठक में संगठन मजबूती पर हुई चर्चा

फतेहपुर। बिंदकी कस्बा के रावतपुर-ललौली रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में जनसेवा दल की बैठक आयोजित हुई। जिसमें संगठन मजबूती पर चर्चा करने के साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी व संरक्षक शिवकंठ सविता ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव रजोल सेन ने शिरकत की। बैठक में श्री सेन ने कहा कि पार्टी को जिले में मजबूती प्रदान की जाए। विधानसभा के साथ-साथ बूथ स्तर पर पार्टी को खड़ा किया जाए। क्योंकि विधानसभा चुनाव अब नजदीक है इसलिए अभी से पार्टी पदाधिकारी तैयारियों में जुट जाएं। गांव-गांव पहुंचकर पार्टी की नीतियों एवं रीतियों से आमजन को अवगत कराने का काम करें। बैठक को प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा शशी सेन, जिलाध्यक्ष अशोक सविता फौजी, महिला जिलाध्यक्ष संगीता सेन ने भी संबोधित किया। इस मौके पर युवामोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेश सविता, सदर विधानसभा उपाध्यक्ष विजय सविता, अजय, अजय पाल सविता, अनिल कुमार सविता, छोटू सविता, सुनीत कुमार, रामचरन, भोला, शिवसागर, ज्ञानेन्द्र सविता, राम खेलावन, राजन, सर्वेश कुमार, अमित कुमार, विनोद कुमार, बिन्देश्वरी, आकाश सविता मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### पहली मूसलाधार बारिश से नगर हुआ जलमग्न

**बिंदकी, (फतेहपुर)।** कस्बे में पहली मूसलाधार बारिश से मेन बाजार, अन्य मोहल्ले, तहसील के पीछे स्थित सड़के व नाली बारिश के पानी से जलमग्न हो गयी। नाली व सड़क का पानी लोगों के घरों व दुकानों के अन्दर घुसा। कई जगह स्थिति इतनी खराब हैं कि लोगों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा हैं। बारिश के पानी के जलभराव व निकासी न होने से महामारी फैलने का खतरा हो सकता हैं। सड़कों व नालियों की सही प्रकार से साफ-सफाई की आवश्यकता हैं। नगर के अन्दर जल निकासी की एक जटिल एवं गम्भीर समस्या हैं जो दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। उपरोक्त समस्या काफी वर्षो से हैं। इन वर्षो के दौरान कई नगर पालिका परिषद अध्यक्ष में चयनित होकर आये उन्होंने उपरोक्त समस्या के निस्तारण का अस्वासन नागरिको को दिया किन्तु समस्या का निस्तारण नही कराया तथा नगर से जल निकासी की कोई ठोस कार्य योजना तैयार नही करायी न ही उक्त के सम्बन्ध में घरातल में कोई कार्य किया और कार्यकाल पूरा करके चले गये। जलभराव की समस्या का निस्तारण न होने से नगर के सभी नगरवासियों एवं संभ्रांत नागरिकों में रोष व्याप्त है। उनका यह रोष जल्द ही किसी दिन विकराल हो जायेगा। नगरवासियों ने जलभराव व जल निकासी की समस्या के निराकरण हेतु शासन-प्रशासन, क्षेत्रीय सासंद, क्षेत्रीय विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, नामित सभासदों, समस्त वार्ड सभासहैं, अधिशाषी अधिकारी से अति शीघ्र उपरोक्त समस्या के निदान की मांग की है।

### करंट से युवक की मौत, खागा विधायक पहुंची गांव

**– परिवार को ढांढस बंधाते हुए सख्त कार्यवाही की मांग**

**खागा, (फतेहपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरई के मजरे लोधन का पुरवा में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। राम प्रताप लोधी के 22 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार लोधी की करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। इस दुखद सूचना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक दिनेश अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था, जिससे परिजनों पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की जानकारी मिलते ही खागा विधानसभा की विधायक कृष्णा पासवान पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंचीं।

उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विद्युत विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की। पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। विधायक कृष्णा पासवान ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष सहित अन्य योजनाओं से आर्थिक सहायता दी जाए। साथ ही, उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच करवाने की भी बात कही। इस दौरान खागा तहसीलदार, हल्का दरोगा, विद्युत विभाग के अधिकारी, भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। ग्रामीणों ने भी विधायक के समक्ष बिजली व्यवस्था में लापरवाही की शिकायत की और सुधार की मांग की। विधायक ने आश्वासन दिया कि दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### घर में घुसने नहीं दे रही जेठानी, डीएम-एसपी से शिकायत

फतेहपुर। किशनपुर कस्बे की रहने वाली महिला ने अपनी जेठानी पर घर में न घुसने देने के गम्भीर आरोप लगाए हैं। महिला ने गम्भीर आरोप लगा मामले की शिकायत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से की है। कस्बे के रहने वाले प्रकाश चन्द्र अग्रवाल की पत्नी हर्षिका अग्रवाल का आरोप है कि वह बीते 26 जून को अपने बच्चों के साथ लक्ष्मी मंदिर के समीप बने अपने घर गई। उसी दौरान उसकी जेठानी आत्मीश अग्रवाल पत्नी दीपक अग्रवाल ने घर का दरवाजा नहीं खोला। महिला काफी देर तक दरवाजा खुलने का इंतजार करती रही। थोड़ी देर बाद महिला ने मामले की शिकायत 1090 हेल्पलाइन नंबर व स्थानीय पुलिस से की लेकिन महिला को सुबह थाने आने की सलाह दी गई। महिला पूरी रात बच्चों के साथ बाहर रहकर काटी। सुबह महिला फिर थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। महिला का आरोप है कि पुलिस ने धमकाते हुए वहां से भगा दिया। जिससे तंग आकर महिला ने सोमवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की।

### सड़क हादसों में दो घायल

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुए सड़क हादसों के दौरान किशोरी समेत दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के बरौहा गांव निवासी सुनील की 11 वर्षीय पुत्री नन्दनी अपने घर बाहर खडी थी। तभी विपरित दिशा से आ रही चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गयी। इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के बिसौली गांव निवासी धर्मेन्द्र की 22 वर्षीय पत्नी सीता देवी अपनी मायके राधानगरा थाना क्षेत्र के ढकौली लालपुर गांव आयी थी। बताते है कि दोपहर वह सडक पार कर रही थी। इसी बीच विपरित दिशा से आ रही बस ने टक्कर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### एचटी लाइन की चपेट में आकर युवक मौत

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के जगन्नाथीपुर में ट्रक के पास खड़े एक युवक के ऊपर हाईटेंशन 11000 बिजली की तार गिरने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को रात में ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। युवक ट्रक में कंडक्टर था। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका लड़का 20 वर्षीय गुलाब सिंह ट्रक में कंडक्टर था। बीती रात ड्राइवर संतलाल अपने साढ़ू के यहां ट्रक नंबर यूपी-11बीटी/4333 लेकर जगन्नाथीपुर ग्राम पंचायत मोहलिया आया था। ड्राइवर गांव के किनारे ट्रक को खड़ा कर अपने साढ़ू के यहां चला गया। रात लगभग नौ बजे गुलाब सिंह ट्रक के पास खड़ा था तभी 11 हजार हाईटेंशन तार टूट कर उसके ऊपर गिर गया। तार ने युवक की गर्दन को लपेट लिया। जब तक गर्दन झुलस नहीं गई तार लिपटी रही। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर दुर्गेश प्रसाद गुप्त सीनियर सब इंस्पेक्टर विद्या प्रकाश सिंह सहित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ लोग शव को सड़क पर रखना चाहते थे लेकिन बाद में बड़े बुजुर्गों और पुलिस प्रशासन के प्रयास से शव को थाने लाया गया। पुलिस ने पंचनामा कर आगे की कार्रवाई पूरी की। युवक की मौत की खबर लगते ही जगन्नाथीपुर गांव में हर व्यक्ति दुखी नजर आया। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं थीं।

### पत्नी से झगड़ असनी पुल से गंगा में लगाई छलांग

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के असनी पुल से सोमवार की शाम पत्नी से लडने के बाद 30 वर्षीय युवक ने गंगा में छलांग लगा दी। जिससे वह डूब गया वहीं गोता खोर उसकी तलाश में जुटे है। जानकारी के अनुसार रायबरेली जनपद के रायबरेली जनपद निवासी किस्मचन्द्र का पुत्र सुमित का अपनी पत्नी से किसी बात लेकर कहासुनी हो गयी। जिससे क्षुब्ध होकर सोमवार की शाम लगभग पांच बजे फतेहपुर जनपद के असनी पुल पर पहुंचा और वहां से गंगा में छलांग लगा दिया। वहीं इसकी जानकारी होने पर मौके में पहुंची पुलिस ने गोताखोरो की मदद से सुमित की तलाश शुरू कर दी। काफी देर बीत जाने के बाद भी सुमित का पता न चल सका। वहीं गोताखोकर तलाश में लगे है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## बच्चों की अशिक्षा

स्कूली शिक्षा किसी भी देश की भावी पीढ़ी को सुचारु और सुनिश्चित दिशा देने की पहली सीढ़ी है। इसीलिए सरकारें इसके व्यापक स्तर पर प्रसार करने के दावे भी करती रहती हैं। लेकिन इन दावों के सच से या तो वे खुद अनजान हैं या इनकी अनदेखी करती हैं। यूनेस्को के एक दल के अध्ययन का निष्कर्ष है कि दुनियाभर में 27.2 करोड़ बच्चे स्कूलों को जा ही नहीं पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में तमाम देश इसी साल के अंत तक अपने शिक्षा लक्ष्यों से पिछड़ भी सकते हैं। वैश्विक शिक्षा निगरानी दल के अनुसार समस्या के दो प्रमुख कारण हैं। पहला तो यह कि नए नामांकन और उपस्थिति के आंकड़े काफी घटे हैं और दूसरा कारण संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या अनुमान में वृद्धि है जिससे ऐसे बच्चों की संख्या 1.3 करोड़ बढ़ गई है। इसके अलावा संघर्ष, गरीबी और बुनियादी ढांचे की कमी जैसे अन्य कारक भी स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या बढ़ने के प्रमुख कारण हैं। वहीं संघर्षों के कारण परिवारों के विस्थापन और पलायन से भी बच्चों की शिक्षा बाधित हुई है। जगह व स्थितियों में परिवर्तन के कारण उन्हें गिनना असंभव सा हो जाता है, वरना यह संख्या और भी बढ़ सकती थी। इसके अलावा माध्यमिक कक्षाओं में विभिन्न पारिवारिक कारणों से न लौट पाना, किशोरियों की आवश्यक जरूरतें न पूरी हो पाना जैसे रक्ताल्पता यानी एनीमिया की रोकथाम तथा मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के साधन न पहुंचना उनकी स्कूलिंग को लंबे समय और कभी-कभी स्थाई रूप से बाधित कर देता है। पहले ऐसे साधन स्कूलों में ही दिए जाते थे पर अब उस ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन वर्गों के आंकड़े निकाले जाएं तो पता चलता है कि प्राइमरी स्कूल जाने योग्य आयु वर्ग के करीब 11 प्रतिशत बच्चे (7.8 करोड़), निम्न माध्यमिक विद्यालय जाने योग्य आयु वर्ग के 15 फीसदी बच्चे (6.4 करोड़) तथा उच्च माध्यमिक विद्यायल जाने वाले आयु वर्ग के 31 प्रतिशत किशोर स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। सोचने की बात है कि विश्व की भावी पीढ़ी अपने बचपन में किस तरह अनजाने में ही अंधेरी सुरंग में जाने को मजबूर है जहां आने वाली जिंदगी की बेहतरी के लिए कोई रास्ता नहीं है। तब इनके लिए अभावों में जीना, जीवन यापन के लिए मजदूरी जैसे छोटे मोटे काम करना, अवैधानिक कार्यों और अपराधों के रास्तों पर जाने के अलावा और क्या विकल्प बचा रहेगा।

## पुरुषों की आत्महत्या

समाज का एक बड़ा हिस्सा, जिसमें पुरुष ज्यादा हैं, तमाम बदलावों के साथ काफी चिंतनशील हुआ है। ये भी सही है कि व्यावहारिकता के साथ और अनावश्यक भावनाओं से ऊपर निर्णय लेने में पुरुष वर्ग काफी आगे रहता है। लेकिन अब इसमें बदलाव आ रहा है। पुरुषों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने के कारण नापतौल कर व उचित-अनुचित के आधार पर सही निर्णय लेने की उनकी क्षमता प्रभावित हो रही है। इसका सटीक आईना राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो का निष्कर्ष है जिसके अनुसार वर्ष 2022 में आत्महत्या करने वालों में 72 प्रतिशत पुरुष थे। इस नकारात्मक पक्ष का लगातार बढ़ते जाना अब चिंता का सबब बन गया है। यह सही है कि महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए कई रूपों में प्रोत्साहन दिया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न संगठनों, संस्थानों के महत्वपूर्ण पदों पर वे नियुक्त हो रही हैं लेकिन परिवार से लेकर सार्वजनिक जीवन के निर्णायक कामकाज आज भी पुरुषों के भरोसे ही हैं। तब ये नकारात्मक रुझान उनसे जुड़े कार्यों को प्रभावित भी करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि पुरुषों को प्रायः अपनी कमजोरियां दबाने के लिए विवश किया जाता है जिससे वे इनका शिकार होते चले जाते हैं और इसकी परिणति कई मामलों में आत्महत्या के रूप में सामने आती है। इसके लिए ऐसे माहौल को बढ़ाना जरूरी है जो घर और कार्यस्थल, दोनों जगह भावनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करे। सबसे अहम बात यह है कि पुरुषों के खिलाफ अत्याचार की घटनाएं जिनमें झूठे आरोप, भावनात्मक दुर्व्यवहार से लेकर घरेलू हिंसा और कानूनी उत्पीड़न शामिल हैं, न केवल महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक आघात का कारण बनते हैं बल्कि पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा को भी सामने लाते हैं। कानूनी सुरक्षा उपायों के पर्याप्त प्रभावी न होने की समस्या और जटिल हो गई है। इसका एक उदाहरण तो यही है कि वर्ष 2013-14 के एक अध्ययन में पता चला कि उस अवधि के दौरान दर्ज बलात्कार के 53 प्रतिशत मामले झूठे थे। इसका मतलब यह है कि वे चुपचाप अवसाद के शिकार हो रहे हैं। इसलिए कानूनी सुरक्षा उपाय प्रभावी बनाने होंगे।

## काँव-काँव

♦♦♦

**जगन्नाथ यात्रा भगदड़ में तीन श्रद्धालु दिवंगत**
कुंभ से लेकर पुरी तक अमृतकाल का तांडव है!

**पहली अप्रैल से पूरे देश में शुरू होगी जनगणना**
ऐसे कामों के लिये मूर्ख दिवस ही सर्वोत्तम है!

**मन की बात में हुई आपातकाल की आलोचना**
जन की बात होती तो बात वर्तमान की होती!

**नौ दिन पहले ही पूरे देश में मानसूनी माहौल**
मौसम विभाग अब बादलों को नोटिस भेजेगा!

**ट्रंप के बिल से लाखों होंगे बेरोजगार-एलन मस्क**
उत्तर प्रदेश में नयी भर्तियां आने वाली हैं अभी!

**खनन में पारदर्शिता का मानक बना यूपी - योगी**
किसी दूसरी पार्टी के माफिया ढूंढ़े नहीं मिलेंगे!

♦♦♦

# शुभांशु की उड़ान नये युग की शुरुआत


**प्रोफेसर पीके जोशी**

अपने नाम के अनुरूप भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने राष्ट्रीय गौरव और वैज्ञानिक प्रगति का हिस्सा बनकर इतिहास रच दिया है. स्क्वॉड्रन लीडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले वह दूसरे भारतीय बने, जबकि आइएसएस (इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन) में पहुंचने होने वाले तो वह पहले भारतीय ही हैं. राकेश शर्मा 1984 में अंतरिक्ष में पहुंचे थे. स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट और क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ग्रेस के जरिये लांच किये गये इस मिशन में शुभांशु ने मिशन 4 (एएक्स-4) का हिस्सा बनकर उड़ान भरी, जो एक्सिओम स्पेस द्वारा नासा, स्पेस एक्स और इसरो के सहयोग से आयोजित एक निजी अंतरिक्ष मिशन है. मिशन पायलट के रूप में शुभांशु एक अंतरराष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं, जिनमें अमेरिका, पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं. यह एक बड़ी उपलब्धि है, जो यह तो बताती ही है कि वैश्विक मानव अंतरिक्ष उड़ानों में भागीदारी लगातार बढ़ रही है, यह अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन तक पहुंच रखने वाले देशों की कतार में भारत की मजबूत स्थिति के बारे में भी बताती है. यह मिशन भारत के स्वदेशी गगनयान योजना के लिए पुल की तरह है तथा भविष्य में कई मानवयुक्त मिशनों, बिना क्रू वाली उड़ानों और 2035 तक अपने अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन की स्थापना में मददगार होने वाला है. अंतरिक्ष अभियानों के लिए भी यह अनुभव, जाहिर है, बेशकीमती साबित होगा. अंतरिक्ष में शुभांशु के काम, प्रयोग और आइएसएस के प्रोटोकॉल को जानने का अनुभव इसरो के प्रशिक्षण और मिशन की रूपरेखा को आकार देंगे. यह सफलता एक नजीर बनेगी और विकसित भारत के अंतरिक्षयात्री जल्दी ही न सिर्फ निजी अंतरिक्ष यानों में यात्रा कर सकेंगे, बल्कि और भी गहरे अंतरिक्ष मिशनों की ओर बढ़ सकेंगे. वर्ष 2030 तक अपने अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन बनाने के काम में भी जल्दी हो सकती है. राकेश शर्मा के अंतरिक्ष में जाने के एक साल बाद पैदा हुए और लखनऊ में पले-बढ़े इस सेनाधिकारी के पास दो हजार घंटों से ज्यादा की उड़ान का अनुभव है. शुभांशु शुक्ला ने एसयू-30 एमकेआइ, मिग-21, मिग-29 जैसे जेट फाइटर विमान उड़ाने के साथ जगुआर, हॉक, डोर्नियर-228 और एन-32 जैसे एयरक्राफ्ट उड़ाये हैं. वर्ष 2019 में इसरो और भारतीय वायुसेना ने उन्हें भारतीय मानव अंतरिक्ष मिशन (आइएचएसपी) के तहत पहले अंतरिक्ष यात्री दल व्योमनॉट्स के तौर पर चुना. उनकी ट्रेनिंग पहले रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर, फिर नासा के जॉनसन ट्रेनिंग सेंटर, कोलोन (जर्मनी) की इएसए फैसिलिटी और जापान के त्सकुबा स्पेस सेंटर में हुई. इस दौरान उन्होंने इमर्जेंसी प्रोटोकॉल्स, डॉकिंग, लाइफ सपोर्ट सिस्टम्स और कोलंबस व किबो जैसे रिसर्च मॉड्यूल्स के बारे में जानकारी हासिल की. वर्ष 2024 की शुरुआत में इसरो ने चार संभावित अंतरिक्ष यात्रियों के नाम घोषित किये और शुभांशु शुक्ला को ए-एक्स-4 मिशन का पायलट चुना गया. उनके लिए तय की गयी सीट की कीमत करीब 500 करोड़ रुपये बतायी गयी. संदेश जोरदार था- भारत यहां टिके रहने के लिए और नेतृत्व करने के लिए आया है. मिशन पायलट के तौर पर शुभांशु की जिम्मेदारी लांचिंग और वापसी के दौरान स्पेसक्राफ्ट उड़ाना, उड़ान के दौरान सिस्टम की जांच करना, आइएसएस के साथ डॉकिंग की प्रक्रिया को संभालना और बोर्ड पर होने वाले ऑपरेशनों में सहयोग देना शामिल है. आइएसएस पर प्रवास के दौरान शुभांशु विभिन्न शोध प्रयोगों को अंजाम देंगे. वहां स्पेस बायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य विज्ञान और सांस्कृतिक प्रतिभाग से संबंधित साठ से ज्यादा वैश्विक प्रयोग होंगे, जिनमें से सात भारत के नेतृत्व में होंगे. शुभांशु ने योग के प्रदर्शन और क्रू के पोषण तथा शून्य गुरुत्वाकर्षण में भारतीय भोजन पर फोकस करने जैसी योजना भी बनायी है. शुभांशु का अंतरिक्ष अभियान उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि से ज्यादा भारत और भारतीयों के लिए गौरव का अवसर है. 'यह 1.4 अरब भारतीयों की यात्रा है' वाला उनका जोशीला संदेश आइएसएस की दीवारों से परे जाकर गूंजता है. यह संदेश उम्मीदें और महत्वाकांक्षा जगाता है और देश-दुनिया को एकजुट करता है. शुभांशु की कहानी हमें याद दिलायेगी कि अंतरिक्ष सिर्फ कुछ चुनींदा लोगों के लिए नहीं, बल्कि उनके लिए है, जो वहां तक जाने की कल्पना करते हैं, फिर अपनी कल्पना को साकार करने के लिए अथक परिश्रम करते हैं. अंतरिक्ष मिशन की तारीखों का बार-बार टलना प्रतिभागियों के धैर्य की परीक्षा ले रहा था, लेकिन शुभांशु ने हर बार खुद को परिस्थिति के अनुसार ढालते हुए मानसिक मजबूती दिखायी. आइएसएस पर उनकी मौजूदगी ने साबित कर दिया कि भारत अब वैश्विक अंतरिक्ष सहयोग में एक मजबूत और जरूरी हिस्सा है और भविष्य के मिशनों की नींव तैयार हो चुकी है. पत्नी और बेटे से भावुक विदाई से लेकर 'वंदे मातरम' बजाने तक शुभांशु का यह मिशन सिर्फ एक वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक भावनाएं भी इससे गहरे तौर पर जुड़ी हुई हैं. जब वह अंतरिक्ष यान में कदम रखने जा रहे थे, तब उनके माता-पिता चुपचाप खड़े थे. उन्होंने शांत और गहरी प्रार्थना की, जो उनके बेटे के ही साथ आसमान तक गयी. शुभांशु की यात्रा विश्वगुरु की भारतीय सोच के साथ एक नये युग की शुरुआत है, जिसमें भारतीयों के नियमित रूप से अंतरिक्ष में जाने, तिरंगे को गर्व के साथ अंतरिक्ष में लहराने और नवाचार तथा एकता के विश्वदूत बनने की कामना है. इस अभियान का असर विभिन्न क्षेत्रों में दिखेगा. शुभांशु के निरीक्षण और शोध माइक्रोग्रैविटी यानी शून्य गुरुत्वाकर्षण में शरीर की प्रतिक्रिया को बेहतर समझने में मदद करेंगे तथा अंतरिक्ष आधारित जैव तकनीकी और कृषि नवाचार के क्षेत्र में संभावनाओं के द्वार खोलेंगे. इसमें ऐसी टिकाऊ भोजन प्रणाली पर काम होगा, जो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ किसानों के लिए भी लाभकारी साबित होंगे. सर्वोपरि, शुभांशु का यह अंतरिक्ष अभियान शैक्षिक सुधारों को प्रेरित करेगा और युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग व तारों के बीच स्थित अंतरिक्ष का रहस्य जानने के लिए प्रोत्साहित करेगा. यह मिशन अंतरिक्ष की तरफ एक कदम भर नहीं है, बल्कि बाहरी अंतरिक्ष में भारत की एक बड़ी छलांग है. शुभांशु आने वाली पीढ़ियों के लिए उम्मीद और प्रेरणा के स्रोत हैं।



## प्रेमचंद की कहानियां

### ठाकुर का कुआं



जोखू ने लोटा मुंह से लगाया तो पानी में सख्त बदबू आयी। गंगी से बोला-यह कैसा पानी है। मारे बास के पिया नहीं जाता। गला सूखा जा रहा है और तू सड़ा हुआ पानी पिलाए देती है!

गंगी प्रतिदिन शाम को पानी भर लिया करती थी। कुआं दूर था; बार-बार जाना मुश्किल था। कल वह पानी लायी, तो उसमें बू बिलकुल न थी; आज पानी में बदबू कैसी ? लोटा नाक से लगाया, तो सचमुच बदबू थी। जरूर कोई जानवर कुएं में गिरकर मर गया होगा, मगर दूसरा पानी आवे कहां से?

ठाकुर के कुएं पर कौन चढ़ने देगा। दूर से लोग डांट बताएंगे। साहू का कुआं गांव के उस सिरे पर है; परन्तु वहां भी कौन पानी भरने देगा? चौथा कुआं गांव में है नहीं।

जोखू कई दिन से बीमार है। कुछ देर तक तो प्यास रोके चुप पड़ा रहा, फिर बोला- अब तो मारे प्यास के रहा नहीं जाता। ला, थोड़ा पानी नाक बन्द करके पी लूं। गंगी ने पानी न दिया। खराब पानी पीने से बीमारी बढ़ जायेगी- इतना जानती स्थी; परन्तु यह न जानती थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है। बोली यह पानी कैसे पियोगे ? न जाने कौन जानवर मरा है। कुएं से मैं दूसरा पानी लाये देती हूं।

जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा-दूसरा पानी कहां से लायेगी ? 'ठाकुर और साहू के दो कुएं तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे?' 'हाथ-पांव तुड़वा आयेगी और कुछ न होगा। बैठ चुपके से। ब्राह्मण-देवता आशीर्वाद देंगे, ठाकुर लाठी मारेंगे, साहू जी एक के पांच लेंगे। गरीबों का दर्द कौन समझता है! हम तो मर भी जाते हैं, तो कोई दुआर पर झांकने नहीं आता, कंधा देना तो बड़ी बात है। ऐसे लोग कुएं से पानी भरने देंगे ?' इन शब्दों में कडुवा सत्य था। गंगी क्या जवाब देती; किन्तु उसने वह बदबूदार पानी पीने को न दिया।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गृहासक्तस्य नो विद्या नो दया मांसभोजिनः।**
**द्रव्यलुब्धस्य नो सत्यं स्त्रैणस्य न पवित्रता।।**

घर के सुखों में मोह रखने वाला व्यक्ति विद्या-प्राप्ति नहीं कर सकता, मांस खाने वाले व्यक्ति के मन में दयाभाव उत्पन्न नहीं हो सकता, धन का लोभी व्यक्ति कभी सत्य-भाषण नहीं कर सकता और स्त्रियों से लगाव रखने वाला कामी व्यक्ति पवित्र एवं सदाचारी नहीं हो सकता।

♦♦♦

# स्वदेशी कोई नारा नहीं, जीवन जीने का तरीका है

**अशोक भगत**

स्वदेशी कोई नारा नहीं है, यह जीवन जीने का संपूर्ण तरीका है. आधुनिक भारत में इस चिंतन को सबसे पहले प्रचारित करने का श्रेय महात्मा गांधी को जाता है, पर इस चिंतन के असली प्रणेता सरना आदिवासियों के धर्मगुरु जतरा टाना भगत हैं. उन्होंने इस चिंतन को न केवल उद्घाटित और परिभाषित किया, अपितु अपने आंदोलन का हथियार भी बनाया. महात्मा गांधी को इसे प्रचारित करने का श्रेय जाता है. जतरा टाना भगत के जीवन मूल्यों व संघर्षों को इतिहास में सीमित स्थान मिला. इस कारण उनके अनमोल विचारों से दुनिया अपरिचित रही. जतरा टाना भगत ने महात्मा गांधी के असहयोग व स्वदेशी आंदोलन से कई वर्षों पूर्व स्वदेशी, सहकार, स्वावलंबन तथा अहिंसा पर आधारित जीवन जीने की कला विकसित की और अपने समाज के लोगों को प्रबोधित किया. यही प्रबोधन आगे चलकर आंदोलन के रूप में परिवर्तित हो गया. फिरंगियों को लगने लगा कि यह आंदोलन यदि राष्ट्रीय फलक पर पहुंच गया, तो उन्हें देश छोड़ना पड़ सकता है. हालांकि जतरा टाना भगत के उस आंदोलन को फिरंगियों ने कुचल दिया, पर उसका असर आज भी देखने को मिल जाता है. गांधी जी जतरा द्वारा किये गये सफल प्रयोग से बेहद प्रभावित थे. उन्हें ऐसा लगा कि स्वतंत्रता समर में यदि इन हथियारों का उपयोग किया जाए, तो बहुत कम शक्ति खर्च कर अंग्रेजों को भारत से भागने के लिए मजबूर किया जा सकता है. महात्मा गांधी ने इसका प्रयोग किया और उन्हें सफलता भी मिली. उन्होंने सबसे पहले अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ अहिंसक आंदोलन प्रारंभ किया. बाद में स्वदेशी, सहकार और स्वावलंबन को हथियार के रूप में प्रयुक्त करने की भरपूर कोशिश की. गांधी के प्रयोग सफल होते गये और अंततोगत्वा फिरंगियों को न केवल भारत छोड़कर जाना पड़ा, अपितु वह अपनी मूलभूमि के कुछ खास द्वीपों तक सिमट कर रह गये. कभी जो ग्रेट ब्रिटेन कहलाता था, आज वह महज यूनाइटेड किंगडम बन कर रह गया है. आधुनिक भारत में गांधी के बाद स्वदेशी धारा को सबसे मजबूत संबल प्रदान करने की जिम्मेदारी विनोबा भावे, डॉ राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण आदि ने निभायी. फिर इस आंदोलन को और ज्यादा मजबूती प्रदान करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतकों ने उठायी. संघ के द्वितीय सरसंघचालक, माधवराव सदाशिव गोलवलकर ने अपने भाषणों और व्याख्यानों में कई बार स्वदेशी की चर्चा की. साथ ही, स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि यथाशक्ति वे स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें और समाज में इस बात की चर्चा करें कि स्वदेशी वस्तु के उपयोग और प्रयोग से ही हमारा देश समृद्ध बनेगा. गोलवलकर के बाद इस चिंतन को आगे बढ़ाने में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की बड़ी भूमिका मानी जाती है. पंडित उपाध्याय ने इस चिंतन में अंत्योदय की धारणा को भी जोड़ दिया और कहा कि स्वदेशी, स्वावलंबन तभी सफल हो सकता है, जब समाज की अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति को विकास का लाभ पहुंचाया जा सके. इस प्रकार स्वदेशी आंदोलन क्रमवार तरीके से विभिन्न स्वदेशी विचारधाराओं के चिंतकों के माध्यम से आगे बढ़ता रहा और आज कई मायने में यह हमारे देश को समृद्ध और सशक्त बना रहा है. विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भारत ने ऐसी कई स्वदेशी मशीनें विकसित की है, जिनके माध्यम से हम अंतरिक्ष में अपनी पक? बेहद मजबूत बना सके हैं. हमारे वैज्ञानिकों ने स्वदेशी पद्धति के आधार पर ऐसे कई हथियारों के आविष्कार किये हैं, जो सस्ते हैं और उनकी मारक क्षमता के सामने दुनिया नतमस्तक हो रही है. हाल में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिर से 'स्वदेशी अपनाओ' का आह्वान किया. यह केवल एक नारा नहीं है, अपितु हमारी ताकत ब?ने का एक प्रभावशाली तरीका भी है. यदि हम स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग प्रारंभ करते हैं, तो हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. स्वदेशी को हम केवल वस्तुओं के उपयोग तक ही सीमित न रखें, हमें संपूर्ण जीवन पद्धति के रूप में उसका उपयोग करना चाहिए. जिस प्रकार महात्मा गांधी ने हमें स्वदेशी जीवन का चिंतन दिया है, हमें उसी प्रकार स्वदेशी चिंतन पद्धति के आधार पर अपना जीवन जीना चाहिए. यह देश को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण हथियार है. जिस प्रकार महात्मा गांधी ने स्वदेशी, स्वावलंबन, सहकार और अहिंसा के माध्यम से फिरंगी ताकत को भारत से खदेड़ने में सफलता हासिल की, उसी प्रकार आधुनिक सामाज्यवादी शक्तियों को धूल चटाने के लिए हमें स्वदेशी चिंतन को अपनाना पड़ेगा. हमें स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए संकल्प लेना चाहिए. जिस किसी वस्तु के उत्पादन में स्वदेशी स्वामित्व ज्यादा होगा, हम उसके प्रयोग का प्रण करें. स्वदेशी से स्वावलंबन आयेगा, स्वावलंबन सहकारी मनोवृत्ति को मजबूत करेगा और इससे देश में एक मजबूत आर्थिक ढांचे का निर्माण होगा, जिससे हम चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो पायेंगे. प्रधानमंत्री द्वारा किया गया स्वदेशी का आह्वान समय की मांग है. हम स्वदेशी वस्तु का उपयोग समयानुकूल ढाल कर करें. साथ ही, यदि कभी मजबूरी में विदेशी वस्तुओं का उपयोग करना भी पड़े, तो उसे स्वदेशानुकूल बनाकर करें. आज का हमारा युगधर्म भी यही होना चाहिए।



## प्रेरक प्रसंग

### रूप या गुण

सम्राट चंद्रगुप्त ने एक दिन अपने प्रतिभाशाली मंत्री चाणक्य से कहा-
कितना अच्छा होता कि तुम अगर रूपवान भी होते।
चाणक्य ने उत्तर दिया, महाराज रूप तो मृगतृष्णा है। आदमी की पहचान तो गुण और बुद्धि से ही होती है, रूप से नहीं।
क्या कोई ऐसा उदाहरण है जहां गुण के सामने रूप फींका दिखे। चंद्रगुप्त ने पूछा- ऐसे तो कई उदाहरण हैं महाराज, चाणक्य ने कहा, पहले आप पानी पीकर मन को हल्का करें बाद में बात करेंगे।
फिर उन्होंने दो पानी के गिलास बारी बारी से राजा की ओर बढ़ा दिये।
महाराज पहले गिलास का पानी इस सोने के घड़े का था और दूसरे गिलास का पानी काली मिट्टी की उस मटकी का था। अब आप बताएं, किस गिलास का पानी आपको मीठा और स्वादिष्ट लगा।
सम्राट ने जवाब दिया- मटकी से भरे गिलास का पानी शीतल और स्वदिष्ट लगा एवं उससे तृप्ति भी मिली।
वहां उपस्थित महारानी ने मुस्कुराकर कहा, महाराज हमारे प्रधानमंत्री ने बुद्धिचातुर्य से प्रश्न का उत्तर दे दिया। भला यह सोने का खूबसूरत घड़ा किस काम का जिसका पानी बेस्वाद लगता है। दूसरी ओर काली मिट्टी से बनी यह मटकी जो कुरूप तो लगती है लेकिन उसमें गुण छिपे हैं। उसका शीतल सुस्वादु पानी पीकर मन तृप्त हो जाता है। अब आप ही बतला दें कि रूप बड़ा है अथवा गुण एवं बुद्धि?

## आपका पत्र मिला

### पड़ोसियों की नीयत और भारत की सतर्कता

सुरक्षा और सतर्कता का पैमाना बढ़ाना आज के हालातों में जरूरी है क्योंकि पाकिस्तान के साथ ही चीन भी लगातार हठधर्मिता पर उतरा हुआ है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के साथ संबंधों में नयी पेचीदगियों से बचने और एलएसी पर तनाव कम करने पर जोर दिया। 2024 के सैनिक वापसी समझौते का पूर्ण पालन, एलएसी पर तनाव घटाने की सतत कोशिश, सीमा निर्धारण की दिशा में संवाद के ढांचे को फिर से सक्रिय करना और विशेष प्रतिनिधियों के बीच वार्ता जारी रखने जैसे चार प्रमुख विकल्प सुझाए जो अहम् है। यह भारत के व्यावहारिक और यथार्थवादी दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसके अलावा 2024 की पेट्रोलिंग व्यवस्था के पालन की आवश्यकता पर भी जरूरी है ताकि गलवान जैसी घटनाएं दोहराई न जाएं। पहली बार साझा बयान में 'स्थायी हल' शब्द का प्रयोग यह दिखाता है कि भारत अब सिर्फ विश्वास पर नहीं बल्कि ठोस समाधान की दिशा में अग्रसर है। वहीं पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के प्रति चीन के रवैये पर भारत ने निराशा जताई। खासकर पहलगाम आतंकी हमले का स्ष्टह्व बैठक में उल्लेख न होना चौंकाने वाला रहा, जिससे भारत ने साझा बयान पर दस्तखत करने से इनकार किया। भारत के इस कदम से जहां आतंकवाद को पोसने वाले देशों को झटका लगा है वहीं उसके समर्थक भी हताश /निराशनजर आ रहे हैं।बावजूद इसके भारत में सहिष्णुता दिखाते हुए यह यह उम्मीद जिंदा रखी है कि 2020 के बाद पैदा हुई अविश्वास की खाई को पाटना जरूरी है। वर्ष 2024 में भारत-चीन राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे हुए हैं और कैलाश-मानसरोवर यात्रा का फिर से शुरू होना सकारात्मक संकेत हैं। इसके बावजूद, भारत को चीन के साथ सतर्कता बनाए रखनी होगी।

**अमृतलाल मारू 'रवि'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

## इस दिन से सावन का महीना शुरू

# कितने होंगे सावन सोमवार और क्या है धार्मिक महत्व



भगवान शिव की भक्ति, साधना और तपस्या के लिए सावन का महीन बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। हिंदू धर्म में सावन के महीने को बहुत ही पवित्र और लाभकारी माना गया है। हर वर्ष आने वाला हिंदू कैलेंडर का पांचवा महीना सावन शिवभक्ति और साधना का सर्वश्रेष्ठ होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ की पूजा विधि-विधान के साथ करने पर हर तरह की मनोकामना पूरी होती है। सावन के पूरे महीने में शिव भक्त अपने घर और आसपास स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा-आराधना और जलाभिषेक करते हैं। सावन माह के हर दिन और विशेषकर सोमवार के दिन शिवमंदिरों में भारी संख्या में भक्तों की भीड़ जुटती है। सावन के महीने में भक्त शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, भांग, शमी और गंगाजल अर्पित करते हुए भोले भंडारी को प्रसन्न करते हैं। सावन के महीने में सोमवार का व्रत रखने और भोलेनाथ की पूजा करने से विवाह से जुड़ी परेशानियों का अंत होता है। आइए जानते हैं इस बार सावन का महीना कब से शुरू हो रहा है और क्या-क्या खास होने वाला है।

### सावन 2025 कब से होगा शुरू

पंचांग के अनुसार इस बार सावन का पवित्र महीना 11 जुलाई से शुरू हो रहा है और इसका समापन 9 अगस्त को होगा। इस तरह के पूरे 30 दिनों तक सावन का महीना रहेगा। इन 30 दिनों तक शिवभक्त शिवजी की भक्ति में लीन रहेंगे और व्रत-उपवास और धार्मिक अनुष्ठान किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में शिवजी की उपासना करने पर कई तरह के शुभ फल की प्राप्ति होती है।वर्ष 2025 में सावन सोमवार की तिथियां -

*पहला सोमवार व्रत- 14 जुलाई*
*दूसरा सोमवार व्रत- 21 जुलाई*
*तीसरा सोमवार व्रत- 28 जुलाई*
*चौथा सोमवार व्रत- 04 अगस्त*

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन माह में पड़ने वाले सोमवार व्रत का विशेष महत्व होता है। सावन सोमवार का व्रत रखने से भगवान शिव की विशेष कृपा मिलती है और जीवन में आने वाली हर तरह की कठिनाईयां दूर होती हैं।



### सावन माह का धार्मिक महत्व

धर्मग्रंथों के अनुसार श्रावण का महीना बहुत ही विशेष होता है क्योंकि यह महीना भगवान शिव को स्वयं ही बहुत प्रिय होता है। पौराणिक कथा के अनुसार माता पार्वती भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव में माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। सावन के महीने में ही भगवान शिव पहली बार अपनी ससुराल पृथ्वी लोक में आए थे। इस कारण से भगवान शिव के स्वागत में उनका भव्य रूप से जलाभिषेक किया था। सावन के महीने में भगवान शिव की उपासना करने से हर तरह की मनोकामनाएं जल्द से जल्द पूरी हो जाती हैं। इसके अलावा सुखी वैवाहिक जीवन और अच्छे वर की कामना के लिए कन्याएं सावन के महीने में आने वाले सोमवार का व्रत करती हैं।

# शिवलिंग पूजन करते समय न करें ये 5 गलतियां



सावन का महीना भगवान शिव की भक्ति और पूजा का सबसे पवित्र समय माना जाता है। इस दौरान लाखों भक्त उपवास रखते हैं, जलाभिषेक करते हैं और मंदिरों में जाकर भगवान शिव से मनोकामनाएं मांगते हैं। इस साल सावन 11 जुलाई 2025 से शुरू होकर 9 अगस्त 2025 को समाप्त होगा, जिस दिन रक्षाबंधन का पर्व भी मनाया जाएगा।

### क्यों खास है सावन?

सावन भगवान शिव को समर्पित माह है। इस महीने में शिव की पूजा करने से विशेष फल मिलता है। जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, व्रत और कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व होता है। हालांकि, भगवान शिव की पूजा जितनी सरल मानी जाती है, उतने ही सख्त नियम भी इसके साथ जुड़े हैं। अगर आपने पूजा में कुछ गलतियां कर दीं, तो पुण्य के बजाय पाप का भागीदार भी बन सकते हैं।इसलिए जानिए शिवलिंग पूजन में किन 5 बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है-

### शिवलिंग पर कुमकुम, रोली या सिंदूर न चढ़ाएं

शिव जी वैरागी और साधु स्वरूप हैं। सिंदूर, रोली और कुमकुम देवी देवताओं में शक्तिस्वरूपों को अर्पित किए जाते हैं, न कि शिव को। इसलिए शिवलिंग पर इन चीजों का प्रयोग वर्जित है।

### खंडित अक्षत (टूटे हुए चावल) न चढ़ाएं

पूजा में अक्षत यानी साबुत चावल ही चढ़ाने चाहिए। खंडित या टूटे हुए चावल अशुद्ध माने जाते हैं और इसे अर्पित करना पूजा में दोष पैदा करता है। मांस या शराब सेवन के बाद पूजा करना निषिद्ध है। यदि आपने मांस या मदिरा का सेवन किया है तो शिवलिंग की पूजा न करें। ऐसा करना अशुद्धता माना जाता है और शिव की पूजा में पूरी पवित्रता अनिवार्य है।



### शिवलिंग पर तुलसी के पत्ते न चढ़ाएं

तुलसी भगवान विष्णु को प्रिय है, लेकिन शिवलिंग पर इसका चढ़ाना वर्जित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, तुलसी का शिव पूजा में उपयोग शास्त्रों के विरुद्ध है।

### शंख से शिवलिंग पर जल न चढ़ाएं

पुराणों में वर्णन है कि एक राक्षस शंखचूड़ के वध के बाद उसकी हड्डियों से शंख बना। इसलिए शिव पूजा में शंख का उपयोग विशेष रूप से वर्जित माना गया है। भगवान शिव की पूजा सावन में विशेष फल देती है, लेकिन तभी जब इसे नियमों के अनुसार और पूरी श्रद्धा से किया जाए। ऊपर बताई गई 5 गलतियों से बचते हुए अगर आप शिवलिंग की पूजा करेंगे, तो भगवान शिव आपकी हर मनोकामना पूरी करेंगे और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएंगे।

# जगन्नाथ रथ यात्रा में नहीं हो पा रहे हैं शामिल? घर बैठे करें ये उपाय



जगन्नाथ रथ यात्रा एक बहुत ही पवित्र और भक्तिमय पर्व है, जिसमें लाखों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन कर उनकी कृपा प्राप्त करते हैं। साल 2025 की रथ यात्रा 27 जून से शुरू हो चुकी है और इस दौरान भक्तगण बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ रथ यात्रा में शामिल होकर आध्यात्मिक लाभ पाते हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि लोगों के लिए एक उत्सव और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। हालांकि, कुछ लोग विभिन्न कारणों से पुरी जाकर इस भव्य रथ यात्रा में हिस्सा नहीं ले पाते हैं। लेकिन ऐसा नहीं कि वे इससे वंचित रह जाएं। वे घर पर ही कुछ विशेष पूजा और उपाय करके भगवान जगन्नाथ की कृपा पा सकते हैं और रथ यात्रा के समान पुण्य भी कमा सकते हैं। इन उपायों से भक्त दूर से ही अपने मनोभावों के साथ यात्रा का हिस्सा बन सकते हैं और आध्यात्मिक संतोष प्राप्त कर सकते हैं।

### घर पर इस विधि से करें भगवन जगन्नाथ की पूजा

रथ यात्रा के अवसर पर प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और साफ-सुथरे वस्त्र पहनें। यदि संभव हो तो पीले वस्त्र धारण करें, क्योंकि यह रंग भगवान विष्णु को प्रिय माना जाता है।
पूजा करने वाले स्थान को अच्छी तरह से साफ करें और वहां गंगाजल छिड़कें जिससे वातावरण पवित्र और शुभ हो जाए।
पूजा स्थल पर एक चौकी रखें और उस पर पीला या लाल रंग का वस्त्र बिछाएं। यदि आपके पास भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्ति या तस्वीर हो तो उन्हें एक साथ स्थापित करें, यह अत्यंत शुभ माना जाता है।
पूजा की शुरुआत शंख और घंटी बजाकर करें ताकि वातावरण में पवित्रता और आध्यात्मिकता का संचार हो।
भगवान जगन्नाथ को पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल) से स्नान कराएं। यदि मूर्ति न हो तो तस्वीर पर गंगाजल छिड़ककर स्नान करने का भाव करें। स्नान के बाद उन्हें साफ वस्त्र पहनाएं।
भगवान को नए वस्त्र, ताजे फूल, अक्षत (चावल), चंदन और कुमकुम अर्पित करें। यह अर्पण उनकी पूजा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।
भगवान के सामने घी का दीपक जलाएं, जो अंधकार को दूर कर प्रकाश का प्रतीक है।
भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी का भोग लगाएं क्योंकि यह उनका प्रिय भोजन है। इसके अतिरिक्त गुड़, घी और ताजे फल भी भोग के रूप में अर्पित किए जा सकते हैं। ध्यान रखें कि प्रसाद में प्याज और लहसुन का प्रयोग न हो।
पूजा के दौरान ? नमो भगवते वासुदेवाय नमः जैसे शुभ मंत्रों का जाप करें जिससे मन की एकाग्रता बनी रहे और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो।
पूजा के अंत में भगवान जगन्नाथ की आरती करें और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करें।
भोग अर्पण के बाद घर के सभी सदस्य एकत्र होकर प्रसाद ग्रहण करें, इससे परिवार में सौहार्द्र और सुख-शांति बनी रहती है।

### भगवान जगन्नाथ से जुड़ी पौराणिक कथाएं पढ़ें या सुनें

रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ की जीवन कथाएं पढ़ना या सुनना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। जैसे उनके प्राकट्य की कथा, रथ यात्रा का महत्व, या राजा इंद्रद्युम्न से जुड़ी कथा। इन कथाओं को जानने से न केवल भक्ति बढ़ती है, बल्कि भगवान के स्वरूप और उनकी लीलाओं की गहराई को भी समझा जा सकता है।

### दान-पुण्य करें और निर्माल्य का उपयोग करें

इन पावन दिनों में अन्न, वस्त्र या धन का दान करना अत्यंत शुभ माना जाता है। यदि आपके पास पुरी से प्राप्त निर्माल्य (जगन्नाथ मंदिर का पवित्र सूखा चावल) है, तो उसे अपने अन्न भंडार में रखें या किसी शुभ कार्य में उसका प्रयोग करें। मान्यता है कि इससे घर में कभी अन्न की कमी नहीं होती।

### घर में धार्मिक वातावरण बनाए रखें

रथ यात्रा के समय घर को स्वच्छ और शांतिपूर्ण बनाए रखना आवश्यक है। प्रतिदिन धूप-दीप जलाएं, भजन-कीर्तन करें और वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें। इससे न केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि घर में सुख-समृद्धि भी बनी रहती है।

# शिवलिंग की पूजा करते समय किस दिशा होना चाहिए मुख, सही नियम

कुछ ही दिनों में सावन का महीना शुरू होने वाला है। इस दौरान शिव भक्त विशेष रूप से भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं, लेकिन शिवलिंग की पूजा करते समय कुछ नियमों का पालन करना भी बेहद जरूरी होता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार शिवलिंग की पूजा करते समय कुछ विशेष नियम बताए गए हैं। माना जाता है कि इससे पूजा का प्रभाव बढ़ता है।

### शिवलिंग की पूजा के लिए सही दिशा


शिवपुराण और अन्य धर्मग्रंथों में पूजा की दिशा को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई है। इन ग्रंथों के अनुसार शिवलिंग की पूजा करते समय उत्तर दिशा की ओर मुख करके पूजन करना सबसे उत्तम माना गया है। यदि कोई भक्त पूर्व दिशा की ओर मुख करके पूजा करता है, तो वह शिवलिंग के मुख्य भाग को बाधित करता है, जिससे पूजा का फल कम हो सकता है।जब कोई उत्तर दिशा की ओर मुख कर पूजा करता है, तो वह भगवान शिव के बाईं ओर होता है, जिसे माता पार्वती का स्थान माना जाता है। इसलिए इस स्थिति में पूजा करना अपूर्ण माना जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि शिव और शक्ति का एक रूप में पूजन होना चाहिए, तभी वह फलदायी होता है। सबसे उत्तम स्थिति यह मानी जाती है कि भक्त दक्षिण दिशा की ओर बैठकर उत्तर दिशा की ओर मुख करके पूजा करे। इस स्थिति में भक्त शिवलिंग के सामने होता है और पूजा दोष रहित मानी जाती है।

### उत्तर दिशा का धार्मिक महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उत्तर दिशा को देवों और ऋषि-मुनियों की दिशा माना गया है, जबकि दक्षिण दिशा पितरों की, पूर्व देवी-देवताओं की और पश्चिम मानवों की दिशा मानी जाती है। स्कंद पुराण में भी उत्तर दिशा की विशेषता का उल्लेख किया गया है।

# घर की इस दिशा में रखें मोर पंख धन की नहीं होगी कमी

कई बार कड़ी मेहनत करके लोग पैसा तो कमा लेते है, लेकिन घर में पैसा टिक नहीं पाता है। बहुत से लोगों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। अगर आप इस समस्या का सामना कर रहे हैं, तो इसका एक कारण आपके घर में वास्तु दोष भी हो सकता है। इसके समाधान के लिए आप विभिन्न वास्तु उपाय आजमा सकते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार मोर पंख को बेहद पवित्र और शुभ प्रतीक माना गया है। यह भगवान श्रीकृष्ण का प्रिय वस्त्र है, जिसे वे सदैव अपने मुकुट में धारण करते हैं। ऐसा माना जाता है कि घर में सही दिशा में मोर पंख रखने से न सिर्फ सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, बल्कि धन-संपत्ति में भी वृद्धि होती है।





### दूर होंगे वास्तु दोष

वास्तु विशेषज्ञों के अनुसार मोर पंख नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करता है और सकारात्मकता को बढ़ावा देता है। यदि इसे उचित स्थान पर रखा जाए, तो यह आर्थिक संकटों को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। माना जाता है कि मोर पंख के प्रभाव से घर में कलह कम होता है और समृद्धि बनी रहती है। लेकिन इसका असर तभी होता है जब इसे सही दिशा में रखा जाए।

### मोर पंख रखने के लिए सही दिशा

मोर पंख रखने के लिए घर की पूर्व दिशा या उत्तर दिशा सबसे शुभ मानी जाती है। इन दिशाओं में इसे रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होती है और परिवार के सदस्यों में सुख-शांति बनी रहती है। यह न सिर्फ मानसिक शांति देता है, बल्कि आर्थिक समृद्धि को भी बढ़ाता है।

### पूजा स्थल और तिजोरी में रखें

मोर पंख को आप अपने पूजा घर में भी स्थान दे सकते हैं। ऐसा करने से भगवान श्रीकृष्ण की कृपा बनी रहती है और घर में आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ती है। इसके अलावा यदि मोर पंख को तिजोरी में रखा जाए, तो यह धन वृद्धि में सहायक होता है। समय के साथ घर में पैसों की परेशानी कम होती जाती है।

# धन सुख समृद्धि, विवाह प्रतिभा के लिए धारण करें ये रुद्राक्ष



-राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुशास्त्री

रुद्राक्ष की महिमा की इस श्रृंखला में हम आपको पूर्व अंकों में एकमुखी रुद्राक्ष से पंचमुखी रुद्राक्ष की महिमा और उसके धारण करने के लाभों का वर्णन कर चुके है। रुद्राक्ष को साक्षात भगवान शिव का स्वरूप माना गया है। शिव पुराण, श्रीमद्भदेवीभागवत , पद्मपुराण, एवं उपनिषदों में रुद्राक्ष की महिमा का वर्णन किया गया है। रुद्राक्ष को धारण करने के लिए मनुष्य को कुछ नियमों का भी पालन करना पड़ता है अन्यथा रुद्राक्ष धारण करने का संपूर्ण फल नहीं प्राप्त होता है। आज के अंक में हम षट्मुखी रुद्राक्ष और सप्तमुखी रुद्राक्ष को धारण करने के विषय में चर्चा करेंगे।

**षट्मुखी रुद्राक्ष -** षट्मुखी रुद्राक्ष को भारतीय सनातन धर्म में भगवान कार्तिकेय का स्वरूप कहा गया है। श्रीमद्देवीभागवत पुराण के अनुसार षट्मुखी रुद्राक्ष भगवान कार्तिकेय का स्वरूप है वहीं जबालोउपनिषद उसे भगवान गणेश और कार्तिकेय अर्थात भगवान शिव की दोनों पुत्रों का स्वरूप कहता है। इस रुद्राक्ष को धारण करने से महादेवी पार्वती और लक्ष्मीजी दोनों प्रसन्न होती हैं। जो इसे धारण करता है वह सुख समृद्धि, संपत्ति , स्वास्थ्य सभी प्रकार से सुख पाता है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए इस रुद्राक्ष को धारण करना अत्यंत लाभकारी है।

ज्योतिष के अनुसार इसे धारण करने से शुक्र देव प्रसन्न होते है । विशेष योजना , विशेष कार्य अथवा भौतिक सुखसाधन में वृद्धि के लिए इस रुद्राक्ष को धारण करना लाभदायक माना गया है। ज्योतिष के अनुसार शुक्र ग्रह के प्रभाव से यह रुद्राक्ष विवाह में सफलता दिलाता है। साथ ही यदि आप इत्र , पुष्प, सौंदर्य आभूषण का व्यापार करते है अथवा यदि आप गायन ,संगीत , वादन, नृत्य में रुचि रखे है तो यह आपके लिये अत्यन्त शुभ है ।शिवपुराण के अनुसार इसे धारण करने वाला मनुष्य समस्त पापो से मुक्त हो जाता है। यह रुद्राक्ष आंखों से संबंधित रोगों, यौन रोगों, गले के रोगों में लाभदायक है। षट्मुखी रुद्राक्ष को छात्र, लेखक, गायन, वादन कलाकार , वैज्ञानिकों को धारण करना चाहिए। साथ ही अभिनेता या ऐसे व्यक्ति जिन्हें अभिनय करना है उन्हें भी इस रुद्राक्ष को धारण करना चाहिए। शिवपुराण के अनुसार इसे ॐ ह्रीं हुँ नमः के 108 जाप के साथ सावन सोमवार , महाशिवरात्रि पर धारण करने से विशेष फल मिलते है।

**सप्तमुखी रुद्राक्ष -** सप्तमुखी रुद्राक्ष को शिवपुराण में ऐश्वर्य स्वरूप बताया गया है। पद्मपुराण के अनुसार सप्तमुखी रुद्राक्ष को धारण करने वाला व्यक्ति किसी भी प्रकार के विष से सुरक्षित होता है। इसको धारण करने वाला व्यक्ति गुप्त धन का मालिक होता है , शत्रुओं पर विजय प्राप्त करता है । जाबाल उपनिषद के अनुसार यह रुद्राक्ष सप्तऋषि का स्वरूप है । इसको धारण करने से उत्तम स्वास्थ्य और संपत्ति प्राप्त होती है। ज्योतिष के अनुसार यह लक्ष्मी, धन, ऐश्वर्य को देने वाला है । ज्योतिष के अनुसार सप्तमुखी रुद्राक्ष शनि देव का प्रतीक है । इसे धारण करने से शनि देव प्रसन्न होते है । और उनसे मिलने वाले कठिनाइयों से मुक्ति मिलती है और स्थायित्व प्राप्त होता है। इसे धारण करने से शनि की साढ़ेसाती और ढैया के अशुभ प्रभाव समाप्त होते हैं।इसे आप अपनी खजाने में भी रख सकते है इससे लक्ष्मी जी की कृपा सदैव आपपर बनी रहेगी ।यदि आप किसी ऐसे व्यापार में है जहां पर आपको अपने कर्मचारियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्य लेना तो यह आपके लिये अत्यंत लाभदायक है। शिवपुराण के अनुसार सप्तमुखी रुद्राक्ष को ॐ हुं नमः के जप के साथ धारण करना शुभ है।

**अगले मंगलवार के अंक में हम आपको अष्टमुखी और नवमुखी रुद्राक्ष धारण करने की महिमा का वर्णन करेंगे।**



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ

**मंगलवार, 1 जुलाई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे षष्ठी तिथौ मंगल वासरे 10/21/ पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्रे 08/54/ व्यातिपात योग 17/19/ तैतिल करणे 10/21/ कन्या राशिगत चन्द्रमा घं.15मि.24पर।

व्रत एवं त्यौहार- गुप्त नवरात्रि षष्ठी देवी पूजन।

**मेष :** उत्तरदायित्व की पूर्ति। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। सुख सुविधाओं पर खर्च होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**वृष :** अनावश्यक विवादों को टालें। व्यर्थ की भ्रमण प्रियता रहेगी। कारोबारी अभ्युदय होगा। पुरानी समस्याओं का निवारण होगा।

**मिथुन :** बुद्धि चतुर से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग है।

**कर्क :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रगति के योग बनेंगे।

**सिंह :** रुके कार्यों में प्रगति होगी। रचनात्मक कार्यों पर खर्चा होगा। शुत्र परास्त होगा। व्यापारिक उलझनें यथावत रहेंगी।

**कन्या :** खेद और ग्लानि का वातावरण समाप्त होगा और अपनी स्थिति के अनुसार मान-सम्मान का ख्याल रखे। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** परिवार जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहित निर्णय में टाल मटोल ठीक नहीं है। नए परिचयों के प्रति आकांक्षा रहेगी।

**धनु :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा।

**मकर :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है ।

**कुंभ :** व्यर्थ की उलझने रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी होगी। व्यस्तता अधिक होगी।

**मीन :** ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी तथा कुछ बौद्धिक चिंतन पैदा होंगे। परिश्रम से ही महान कार्य सिद्ध होंगे।

# जालौन ललितपुर, झांसी

## युवती ने थाने में दी तहरीर

**उरई(जालौन)।** मोबाइल पर गंदी एवं अश्लील फोटो डालने पर युवती ने अज्ञात युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम जुगराजपुर निवासी रितु देवी पुत्री विनोद कुमार ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि किसी ने उसके नाम की इंस्टाग्राम आइडी बना ली जो उस पर गंदी-गंदी फोटो डाल रहा है। यहीं नही 29 जून को फोबाइन नंबर 92058 91687 से फोन आया। जब उसे रिसीब किया तो कट गया पीड़िता ने कार्यवाही की मांग की।

## खबर एक नज़र

### रिमझिम बारिश से बाजारों में चहलकदमी हुई कम, मौसम हुआ सुहावना



कालपी : रिमझिम बारिश के कारण बाजार में सन्नाटा ।

**कालपी (जालौन)।** सोमवार को दिन भर रिमझिम बारिश की वजह से कालपी के बाजारों तथा मंडियों में चहलकदमी कम होने से सन्नाटा छाया रहा। काफी दिनों के बाद मौसम सुहावना भी हुआ। विदित हो कि कई दिनों से उमस भरी गर्मी का मौसम बना हुआ था। सोमवार को पूर्वाहन 11 बजे से पानी बरसने का सिलसिला शुरू हुआ। रिमझिम बारिश के कारण यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। लगातार रिमझिम बारिश होने के कारण मुख्य बाजार टरनंनगंज, गल्ला मंडी सराफा मार्केट,मूंगफली मंडी, जुलैहटी मार्केट आदि स्थानों में चहल पहल कम रही। बरसात की वजह से लोग दुबके रहे। वही सरकारी कार्यालय में भी बरसात का असर दिखाई दिया। दफ्तर में रोजाना की अपेक्षा सोमवार को सन्नाटा छाया रहा।

### जहरीले सर्प दंस से भैंस की मौत



रामपुरा : जहरीले कीड़े के काटने से भैस की मौत व मौजूद भीड़ ।

**रामपुरा (जालौन)।** मामला रामपुरा थाना क्षेत्र के नदिया इलाके के ग्राम नरौल का है। जहांआजसमय लगभग 4 बजे एक जहरीले सर्प के काटने से एक भैंस मौत हो गई। मृतक भैंस के मालिक प्रदीप कुमार पुत्र स्व. प्यारेलाल निवासी ग्राम नरौल द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि भैंस रोज की तरह घर के पास खुटे से बंदी हुई थी। ज़ब हम भैंस को भूसा खाने के लिए छोरने गए तो भैंस मुंह से जीभ निकाले सुस्त ख़डी हुई थी ज़ब भैंस को घर लेकर आया तो अचानक से उसकी हालत बिगड़ने लगी और देखते ही देखते उसने वही दम तोड़ दिया।

भैंस मालिक प्रदीप कुमार ने थाना प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर आवश्यक कारवाही की मांग की। थाना प्रभारी ने पशु चिकित्सा अधीक्षक को रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करने ले लिए अवगत किया। पशु चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर सुरेंद्र द्वारा मौक़े पर टीम भेजी गई। टीम द्वारा पशु चिकत्सा अधीक्षक को आख्या प्रेषित की। पशु चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई कि किसी जहरीले सर्प के काटने से भैंस की मृत्यु हुई है। वही प्रार्थी ने शासन प्रसासन से उचित मुआबजा दिलाने की गुहार लगाई।

### श्री बाबा दयाल दास इंटर कॉलेज एको प्रबंध समिति के मान सिंह बने प्रबंधक



कुठौंद : नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते अश्विनी कुमार मिश्र ।

**कुठौंद (जालौन)।** विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत एको में विद्यालय श्री बाबा दयाल दास इंटर कालेज एको में प्रबंध समति का चुनाव श्री जितेन्द्र सिंह राजपूंत प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज उरई और कुलदीप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे निर्विरोध सम्पन्न हो गया है। इस निर्वाचन में श्यामाचरण अध्यक्ष और मानसिंह प्रबंधक निर्वाचित हुए तथा उपाधाधक्ष धनसिंह ,उपप्रभंधक राकेश किरण सहित सदस्य, गजराज, महाराज सिंह,रामशंकर,राजाराम, राजारामपाल, उमाशंकर, लल्लूरम निर्वाचित हुए, श्री बाबा दयाल दास इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य, अश्विनी कुमार मिश्र ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस चुनाव में सभी सदस्य और विद्यालय परिवार दीपक कुशवाहा सहित विनोद,अनिल, कल्लू,सत्यपाल,विनोद् बाथम आदि उपस्थित रहे।

### मारपीट करने पर तीन नामजदों के खिलाफ दलित एक्ट का मुकदमा दर्ज

**कालपी (जालौन)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक ग्राम में दलित के घर में मारपीट तथा उत्पीड़न करने की घटना को लेकर पीड़ित पक्ष के द्वारा कालपी कोतवाली में गांव के ही तीन नामजद लोगों के खिलाफ दलित एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उक्त मामले को लेकर वादी उमेश पुत्र अशोक निवासी ग्राम लमसर थाना कालपी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 27.6.2025 को रात करीब 8रू30 बजे मेरे घर का दरवाजा खटखटाया गया। मेरे माता-पिता ने अंदर से आवाज दी और दरवाजा खोल दिया है। इतने में घर के अंदर आरोपी अनिरुद्ध यादव, विपिन यादव, तथा मनीष निवासीगण ग्राम लमसर अपने अपने हाथों में लाठी कुल्हाड़ी लेकर आए तथा सभी लोग एक राय होकर मेरे पिता को मारने लगे।मेरी मां और मेरे पिता ने गालियां देने से मना किया तो मेरी मां विमला को धक्का दिया। आवाज सुनकर आरोपियों ने मेरे पिता अशोक को खेतों में की तरफले गए तथा मेरे पिता को बुरी तरह लाठी डंडे से मारा पीटा। सभी ने एक राय जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली बकते हुए धमकी दी ।तेरा दिमाग खराब है तुझे आज छोड़ेंगे नहीं। आसपास के लोगों ने मेरे पिता को बचाया। प्रार्थी के मुताबिक सभी लोग कट्टा लेकर आए थे। और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह के द्वारा बिबेचना शुरू कर दी गई है।

## रसोई में बनती रोटियों की मशीन से लेकर महिला बैरक तक लिया जायजा, बंदियों की सुविधाओं पर विशेष फोकस



उरई : जिला कारागार का निरीक्षण करते डीएस एसपी ।

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार औचक निरीक्षण के लिए जेल परिसर पहुंचे। सख्त निगाहों के साथ मानवीय दृष्टिकोण का अनूठा संगम इस निरीक्षण में देखने को मिला। निरीक्षण की शुरुआत रसोईघर से हुई, जहां स्वचालित रोटी निर्माण मशीन पर ताजगी से फूली रोटियां बनती देख अधिकारी रुचि के साथ प्रक्रिया को निहारे। उन्होंने मशीन की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए खाने की स्वच्छता, पोषण गुणवत्ता और स्वाद की भी बारीकी से जायजा लिया।रोटियों को हाथ में लेकर देखा गया, और मौके पर मौजूद कर्मियों से पूछा गया कि ÷क्या बंदियों को समय पर गरम भोजन उपलब्ध हो पा रहा है। इसके बाद महिला बैरक का निरीक्षण हुआ, जहां साफ-सफाई, रोशनी और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने कुछ महिला बंदियों से सीधे संवाद कर पूछाकोई समस्या हो तो निःसंकोच बताएं, जेल व्यवस्था में सुधार तभी होगा जब आप खुलकर बात करें। महिला बंदियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें नियमित रूप से भोजन, दवाइयां और अन्य मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं।निरीक्षण के दौरान जेल की सीसीटीवी निगरानी, गार्ड ड्यूटी, आपात निकासी मार्ग आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही पुनर्वास कार्यक्रमों, जैसे हस्तकला प्रशिक्षण, पुस्तकालय सुविधा और योग प्रशिक्षण की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जेल व्यवस्था को सिर्फ नियंत्रण नहीं, सुधार की दृष्टि से चलाना जरूरी है। बंदियों के साथ संवेदनशील व्यवहार हो ताकि वे बेहतर इंसान बनकर समाज में लौटें।पुलिस अधीक्षक ने भी जेल प्रशासन को आगाह किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अमानवीय व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, जेल अधीक्षक नीरज देव आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सहकारी समितियों को पोर्टल पर पूर्ण रूप से फीड कराएं : जिलाधिकारी



उरई : बैठक लेते डीएम ।

**-सहकारिता, मत्स्य व दुग्ध क्षेत्र में नई समितियों के गठन पर दिया गया जोर**

**उरई(जालौन)।** जनपद में सहकारी आंदोलन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक कर सहकारिता से जुड़े विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान सहायक निबंधक सहकारिता व सहायक आयुक्त द्वारा बताया गया कि जनपद की 148 सहकारिता समितियों, 51 मत्स्य समितियों व 323 दुग्ध समितियों का डाटा नेशनल कोऑपरेटिव डाटाबेस एनसीडी पोर्टल पर फीड किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शेष सभी समितियों का डाटा शीघ्र पोर्टल पर अपडेट किया जाए तथा सभी दुग्ध समितियों को सक्रिय रूप से संचालित कराया जाए। यह भी अवगत कराया गया कि जनपद में हाल ही में सहकारिता विभाग में 02 नई बी.पैक्स समितियां, मत्स्य विभाग में 12 नई समितियां, तथा मिशन नंदबाबा योजना के अंतर्गत 10 नई दुग्ध समितियां गठित की गई हैं। इसके अतिरिक्त जिला योजना के तहत पुनर्गठन सहित 05 नई समितियों का गठन भी किया गया है। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों से कहा कि सहकारी समितियों के माध्यम से ग्रामीण विकास एवं आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए, ताकि शासन की योजनाएं प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंच सकें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी वित राजस्व संजय कुमार, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. मनोज अवस्थी, जेडीसी बैंक उरई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, डीडीएम नाबार्ड सहित जिला पंचायत, दुग्ध विकास व मत्स्य विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत होने पर एसडीएम के



उरई : सेवा निवृत पेशकार के विदाई समारोह में एसडीएम, नायब तहसीलदार, अधिवक्ता एवं कर्मचारी ।

**कालपी (जालौन)।** सोमवार को एसडीएम न्यायिक अतुल कुमार की मौजूदगी तथा उपजिलाधिकारी प्रशासन सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में अधिवक्ताओं, कर्मचारियों ने फूलमाला पहनकर आज सेवा निवृत हुए एसडीएम पेशकार अशोक कुमार पांडेय को फूल माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देखकर भावभीनी विदाई दी गई।

तहसील सभागार कालपी में आयोजित समारोह को संम्बोधित करते हुए उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कहा के शासकीय सेवा में सेवा निवृत होना एक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा की अशोक पांडेय ने अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वाह किया है। उपजिलाधिकारी ने उम्मीद जताई है के भविष्य में अपने अनुभवों का राजस्व कर्मचारियों को सहयोग देते रहेंगे। एसडीएम न्यायिक अतुल कुमार ने सेवानिवृत होने वाले राजेश कर्मचारी अशोक पांडेय के कार्यकाल की जमकर सहाना की तथा एक कुशल पेशकार बताया।

नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने कहां कि सेवानिवृत्ति पेशकार अशोक पांडेय का व्यवहार अपने साथी कर्मचारियों के प्रति बहुत ही शालीनतापूर्वक रहा है। बार एसोसिएशन कालपी अध्यक्ष अमर सिंह निषाद समस्त अधिवक्ताओं ने भी सेवा निवृत पेशकार के कार्यकाल की सराहना की है। सेवानिवृत पेशकार अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि तीन दशक से अधिक की सरकारी सेवाओं के दौरान मुझे सभी का स्नेह प्राप्त हुआ। तहसील के प्रशासनिक अधिकारी धीरज पुरवार, राजेंद्र कुमार, सलीम खान जगरुप सिंह राजपूत आदि कर्मचारियों, लेखपालों ने सेवानिवृत पेशकार अशोक पाण्डे को फूल माला पहनाकर जोरदार बिदाई दी।

### महिला और उसके परिजनों के साथ मारपीट कर धमकी देने का आरोप

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी दीपिका उर्फ देवकी पत्नी गोवर्धन ने थाना नाराहट पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसका विवाद उसके ही पड़ोस में रहने वाले भागचंद पुत्र पर्वत आदि से हो गया था, इस दौरान दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई, इस कहासुनी से आक्रोशित भागचंद ने अपने तीन अन्य परिजनों के साथ मिलकर एकराय होकर उसके घर पर आकर उसके व उसके परिजनों के साथ जमकर गाली गलौज की, इस हरकत पर विरोध जताया, तो सभी ने उसके और उसके परिजनों के साथ सारेआम मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। थाना नाराहट पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित महिला द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी चारों आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### हदबंदीशुदा भूमि पर लगी पत्थर गड्डी को उखाड़ कर फेंकने का आरोप

ललितपुर। थाना सोजना क्षेत्रांतर्गत ग्राम खटोरा निवासी रामप्रसाद पुत्र हरिया कुशवाहा ने थाना सौजना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि गांव में उसका जमीनी विवाद विपक्षी खिलान पुत्र देव सिंह आदि से चल रहा था, इसी विवाद के कारण उसने राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में अपनी जमीन की हदबंदी कर ली थी और पत्थर गड्डी भी गढ़वा दी थी, ताकि भविष्य में कोई विवाद न हो, लेकिन इसी जमीन को लेकर खिलान अपने दो अन्य साथियों के साथ आये और जमीन पर लगी हुई पत्थर गड्डी को उखाड़ कर फेंक दिया तथा अपना कब्जा जमा लिया। थाना सोजना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित ग्रामीण द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ 329(3) 352 धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए निर्देश



उरई : समीक्षा बैठक करते डीएम

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज जनशिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी दशा में शिकायतें ष्डिफॉल्टरष् श्रेणी में न जाने पाएं। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ही प्रशासन की प्राथमिकता है।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित कि वे न केवल मामलों का समाधान करें, बल्कि पोर्टल पर उसकी सुस्पष्ट और संतोषजनक आख्या भी अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समाधान के बाद शिकायतकर्ता से संवाद कर उसकी संतुष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त फीडबैक और जनपद की रैंकिंग को सुधारने हेतु निर्देशित किया। बैठक में विभिन्न धाराओं के तहत लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई और अधिकारियों को उन्हें प्राथमिकता पर निस्तारण के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, उपायुक्त स्वतः रोजगार महेंद्र चौबे, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गार्डनर न होने के कारण हाईटेंशन लाइन ने ली एक और किसान की जान



कोंच : हाईटेंशन लाइन से किसान की मौत, अस्पताल में मौजूद पुलिस।

**कोंच (जालौन)।** ग्राम से नगर में आकर बच्चों को शिक्षा दीक्षा दिलवाना किसान ने सोचा था जिससे पढ़ लिखकर उसका सहारा बन सकें लेकिन विद्युत विभाग द्वारा आवासीय क्षेत्र में गार्डनर न लगाएं जाने के कारण टूटी एच टी लाइन की चपेट में आने से किसान की मौत हो गयी और सहारे को बेसहारा छोड़ चला गया।

जानकारी के अनुसार नदीगांव रोड स्थित बाबू पैलेस के पास अनूप गुर्जर पुत्र राम लला गुर्जर निवासी अम्बरगढ़ उम्र करीब 35 बर्ष किराए के मकान में रहकर एक साल पूर्व अपने बच्चों को पढ़ाने आया था और परिवार के साथ रहकर अपने दो बच्चों जिसमें एक लड़का व एक लड़की को शिक्षा दिला रहा था और सोचा था कि पढ़ लिखकर बुढापे का सहारा बनेंगे घटना 30 जून 2025 समय करीब दोपहर दो बजे की है जब अनूप घर के नजदीक ही खड़ा था तभी अचानक हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर अचानक से अनूप के ऊपर गिरा जिसकी चपेट में आने से अनूप बुरी तरह घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया वहीं क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि बाबू पैलेस के पास हाई टेंशन लाइन में लगातार फाल्ट हो रहा था जिसकी सूचना बिधुत बिभाग के दी गयी थी लेकिन इसके बाबजूद भी विभाग के अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया। जिससे यह घटना घटित हो गयी इसको लेकर स्थानीय लोगों में बिजली बिभाग के विरुद्ध आक्रोश है।

### गार्डनर न होने से घटित हुई दुर्घटना

आवासीय क्षेत्र में गुजरने वाली हाई टेंशन लाइन ने गार्डनर लगाए जाने का निर्देश बिभाग द्वारा है। जिससे एच टी लाइन टूटने से कोई घटना कारित न हो लेकिन स्थानीय विधुत बिभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते आवासीय क्षेत्र के अधिकांश हिस्से में हाई टेंशन लाइन में गार्डनर नहीं लगाए गए है जो बिभाग की घोर लापरवाही को दर्शाता है अगर बाबू पैलेस के पास नही गार्डनर लगा होता तो आज किसान अनूप गुर्जर के बच्चे अनाथ न होते।

## एस्कॉर्ट डयूटी में लगी पुलिस की गाड़ी खाई में गिरी, एसआई समेत तीन घायल

**जालौन।** गोसेवा आयोग के अध्यक्ष के काफिले की एस्कॉर्ट ड्यूटी में लगी पुलिस की गाड़ी रविवार की देर शाम अचानक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। यह दुर्घटना बंगरा मार्ग के छिरिया सलेमपुर गांव के समीप हुई। हादसे में एक एसआई समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उवचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता रविवार की देर शाम करीब सात बजे माधौगढ़ से बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की ओर जा रहे थे। उनके साथ सुरक्षा में चल रही पुलिस की जिप्सी एक्सप्रेस वे के छिरिया सलेमपुर कट तक उन्हें एस्कॉर्ट कर रही थी। इसी समय जालौन से मध्यप्रदेश के लहार एक पिकअप गाड़ी जा रही। छिरिया सलेमपुर गांव के नजदीक सड़क पर पड़ी गिट्टी होने के चलते पिकअप चालक ने तीव्र कट लिया। जिसमे गोसेवा आयोग के अध्यक्ष की गाड़ी तो निकल गई लेकिन पुलिस की जिप्सी के चालक ने पिकअप को बचाने के प्रयास में गाड़ी तेजी से मोड़ दी। जिसमें पुलिस की जिप्सी सड़क किनारे खंदक में पलट गई। हादसे में जिप्सी में सवार पुलिस लाइन में तैनात एसआई राम सचित्र, सिपाही संग्राम सिंह और चालक अरविंद शर्मा घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह, चौकी प्रभारी मदनपाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी भिजवाया। जहां प्राथमिक उवचार के बाद उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया।

### सोलर प्लांट पर ट्रक हटाने को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने पर मामला दर्ज

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिपरई में स्थित सोलर प्लांट पर ट्रक हटाने के विवाद को लेकर उतपन्न हुए झगड़े में एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। भरतपुरा थाना चिरगांव जिला झांसी निवासी चंद्रपाल पाल पुत्र बादाम सिंह 30 वर्ष ने तालबेहट थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह ग्राम पिपरई स्थित सोलर प्लांट पर मौजूद था, इस दौरान ट्रक हटाने को लेकर उसका विवाद खाँदी मजरा बन्देसरा निवासी राहुल यादव पुत्र अज्ञात तथा दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों से हो गया, विपक्षियों ने उसे मां-बहन की अशोभनीय गालियां दीं। जब उसने विरोध किया, तो उसे लात-घूंसों से मारा-पीटा गया, जिससे उसे चोटें आईं, यही नहीं, धमकी दी कि यदि उसने थाने में शिकायत की, तो उसे जान से मार देंगे। घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और उक्त लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। एफआईआर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराओं 115(2), 351(3) और 352 के अंतर्गत दर्ज की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा अज्ञात आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### ट्रैक्टर की ट्राली ले उड़े चोर

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम धर्मपुरा बाजनों निवासी राजेंद्र पुत्र देवकीनंदन ने थाना जखौरा पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसके घर के पीछे बाडा बना हुआ है जहां उसके मवेशी बढ़ाते हैं और वह अपना ट्रैक्टर ट्राली भी रख देता है, उसने अपने घर के पीछे बने बाड़े में अपनी ट्रैक्टर ट्राली खड़ी की, इसके बाद जब वह अपने घर के पीछे बड़े में जानवरों को देखने के लिए पहुंचा, तब वहां पर सिर्फ उसका ट्रैक्टर खड़ा हुआ था और ट्राली वहां पर नहीं थी, इस संबंध में उसने अपने परिजनों और आसपास के लोगों से काफी पूछताछ की, लेकिन उसके उसकी ट्रैवलर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

## राजघाट बाँध के क्वालिटी कंट्रोल रूम में मिले अज्ञात कंकाल



ललितपुर। राजघाट बांध के क्वालिटी कंट्रोल रूम में कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। सदर कोतवाली अंतर्गत राजघाट बांध पर बने हुए क्वालिटी कंट्रोल रूम का ताला पिछले कई महीनों से नहीं खोला गया था व जब बांध पर तैनात कर्मचारियों ने कमरे का ताला खोला तो कमरे के अंदर ऐसे कंकाल पड़े हुए थे, जिनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा था, तब सूचना राजघाट पुलिस चौकी को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे में पड़े हुए कंकालों को अपने कब्जे में ले लिया और उसकी पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन काफी प्रयास के बाद जब कंकाल की पहचान नहीं हो सकी तब पुलिस ने कंकालों को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुट गई है व मामले की पड़ताल में जुटी हुई है और कंकालों की फोरेंसिक जांच व डी.एन.ए भी कराया जाएगा ताकि मृतकों की पहचान हो सके।

# मोटर साइकिलों के साथ पकड़ा गया अंतर्जनपदीय

- चोरों के कब्जे से बरामद हुई सात मोटर साइकिले
- मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अभियुक्तों को भेजा जेल

**बांदा/अतर्रा ।** बाइक चोरों के गिरोह पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ पांच अंतर्जनपदीय चोरों को पकड़ा है। मुकदमा दर्ज करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए कुल 05 अभियुक्तों को अवैध तमंचे व चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। एसपी पलाश बंसल ने बताया कि 29 जून की रात्रि को थाना अतर्रा को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अतर्रा तहसील के पास मौजूद है। सूचना पर तत्काल



बांदा : बैठक को ।

पुलिस द्वारा मौके पहुंची तो दो व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ खड़े थे जिन्हे आवश्यक बल प्रयोग करते हुए पकड़ लिया गया तथा तलाशी में उनके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए तथा कड़ाई से पूछताछ करते हुए भागने का कारण पूछा गया तो अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है तथा और भी मोटरसाइकिल चोरी की है जिसे कुछ ही दूरी पर झाड़ियो में छिपा रखा है तथा सभी गाड़िया बिक्री हेतु मध्य-प्रदेश ले जाने वाले थे। पुलिस द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनकी निशादेही पर कुल 05 मोटरसाइकिले गाड़िया बरामद की गई। पुलिस द्वारा बरामद पांचो गाड़ियो के बारे में पूछने पर अभियुक्तों ने बताया कि ये सभी गाड़िया उनके द्वारा कुछ दिन पूर्व नरैनी रोड अतर्रा, भरतकूप, बांदा रेलवे स्टेशन, कालूकुआं बस स्टैण्ड तथा मध्य प्रदेश से गाड़िया चोरी की गई थी। इसी क्रम में कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पहाड़ी बाबा मन्दिर के पास से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 02 मोटरसाइकिलें तथा तलाशी में उनके कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुए है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल कालूकुआं मण्डी के पास से तथा टीवीएस अपाचे काशीराम कालोनी इन्द्रानगर से चोरी की गई है। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त अरशद पुत्र इरशाद खान निवासी इन्द्रानगर काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली नगर, विनय रैकवार पुत्र राजेश रैकवार निवासी इन्द्रानगर काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली नगर, सरफराज पुत्र शरीफ निवासी खुटला थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया है। थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अभियुक्त महन्त लाल वर्मा पुत्र रामऔतार वर्मा निवासी हस्तम थाना बिसण्डा, रामजीत प्रजापति उर्फ गरीबी पुत्र रामनिहोर निवासी अत्रीनगर थाना अतर्रा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह मय टीम, शहर कोतवाल बलराम सिंह मय टीम शामिल रहें।

## 10वीं जेड.आर.यू.सी.सी. रेलवे बोर्ड की बैठक प्रयागराज में संपन्न

हमीरपुर। 10वीं जेड.आर.यू.सी.सी. रेलवे बोर्ड की बैठक प्रयागराज में संपन्न हुयी। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने रेलवे में आने वाली नित्य की समस्याओं को पुरजोर ढंग से बोर्ड के सामने उठाया चार राज्यों से आए सदस्यों ने अपनी मांगों पर जोड़ देते हुए इसको शीघ्र समाधान के लिए मंत्रालय को भेजने का आग्रह किया। उक्त बैठक में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी फूलपुर से सांसद प्रवीण पटेल हाथरस से सांसद अनूप प्रधान बाल्मिक तथा रीवा से विधायक दिव्यराज सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता उपेंद्र जोशी जी.एम. ने की। बैठक में बुंदेलखंड की समस्याओं को बोर्ड के सदस्य अशोक कुमार तिवारी ने पुरजोर ढंग से उठाया। उन्होंने मानिकपुर से बांदा सुमेरपुर घाटमपुर कानपुर होते हुए नई दिल्ली के लिए एक ट्रेन की मांग की। जिसको बोर्ड ने प्रस्तावित प्रस्ताव पास किया तथा अमृत भारत योजना के तहत वंदे भारत ट्रेन शीघ्र ही इस ट्रैक को मिल जाएगी। दूसरी मांग भरुआ सुमेरपुर में क्रांसिंग में आरओबी बनाने की मांग उठाई। जिसका भी प्रस्ताव पास हुआ। वह भी शीघ्र निर्माण शुरू होगा। तीसरी मुख्य मांग जोल्हुपुर से हमीरपुर रेलवे ट्रैक के निर्माण के संबंध में प्रस्तावित सर्वे को निरस्त करते हुए पुनः नया सर्वे कराया जाएगा। इसके साथ ही भरवा सुमेरपुर हमीरपुर रोड रगोल स्टेशन में प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाई जाएगी। हमीरपुर मुख्यालय में स्थित एकल टिकट विंडो में बेंच व प्लास्टिक शेड का भी बंदोबस्त किया जाएगा। बांदा स्टेशन से हमीरपुर रोड स्टेशन तक पढ़ने वाले आरयूबी में होने वाली जल भराव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए भी व्यवस्था कराई जा रही है। इन सभी मुद्दो को अति शीघ्र पूरा कराया जाएगा ऐसा प्रस्ताव पारित हुआ है।

# छापेमारी कर पुलिस ने पकड़ी अवैध गुटखा फैक्ट्री

**बांदा।** कोतवाली नगर क्षेत्र के गायत्री नगर मोहल्ले में चल रही अवैध गुटखा फैक्ट्री में छापेमारी करते हुए पुलिस ने बड़े पैमाने पर नकली गुटखा के साथ दो अभियुक्तों को पकड़ा है। वहीं संचालक मौके से भागने में सफल रहे। जिनकी तलाश पुलिस द्वारा जारी है।



बांदा : पुलिस हिरासत में पकड़े गए अभियुक्त ।

- बड़ी तादाद में गुटखा के अलावा नकली रैपर हुए बरामद
- पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा नशीले पदार्थो का उत्पाद/बिक्री करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा एक बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से संचालित हो रही गुटखा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। मौके से 03 गुटखा बनाने वाली मशीनें अर्द्धनिर्मित गुटखा व गुटखा बनाने की सामग्री आदि सामान भारी मात्रा में किया गया बरामद। एसपी पलाश बंसल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि गायत्री नगर निवासी प्रमोद गुप्ता के मकान में कुछ लोगों द्वारा अवैध गुटखा का निर्माण किया जा रहा है। सूचना का संज्ञान लेते हुए थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा टीम के साथ मौके पर छापेमारी करते हुए अवैध गुटखा का निर्माण करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि मकान मालिक प्रमोद गुप्ता व उनके साथी सुरेन्द्र द्वारा यह फैक्ट्री संचालित की जा रही है। उनके द्वारा गुटखा बनाने की सामग्री दी जाती है तथा माल तैयार होने पर उन्हीं लोगों द्वारा सप्लाई की जाती है। पुलिस द्वारा नामित अन्य 02 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम रमेश विश्वकर्मा पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी गायत्री नगर थाना कोतवाली नगर, सुदामा प्रसाद पुत्र रामदास निवासी कुरौली थाना कोतवाली नगर बताया। वहीं वांछित/फरार अभियुक्त प्रमोद कुमार उर्फ राजा गुप्ता पुत्र शिवकुमार निवासी गायत्री नगर थाना कोतवाली नगर, सुरेन्द्र रोहड़ा उर्फ बाबू सिंधी निवासी सिन्धी गुरुद्वारा स्टेशन रोड थाना कोतवाली नगर की पुलिस द्वारा तलाश जारी है। अभियुक्तों के कब्जे से 03 गुटखा पैकिंग मशीन, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, नकली गुटका निर्माण में प्रयुक्त की जाने वाली 269 किलोग्राम सुपाड़ी, तम्बाकू 160 किलोग्राम, 08 बोरी निर्मित/अपमिश्रित 191 किलोग्राम नकली गुटका विभिन्न ब्रांडस (शिवम, रुद्रा, कमल, विजय, गणेश, मजा, साईप्लस, चन्द्रकमल आदि), 13 अलग-अलग गुटखा ब्राण्ड के 892 किलोग्राम रैपर बरामद हुए। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह, चौकी प्रभारी मण्डी समिति आशुतोष त्रिपाठी, सिविल लाइन चौकी प्रभारी अनुराग पाण्डेय, महिला उपनिरीक्षक रश्मि सिंह, मुख्य आरक्षी इन्द्रपाल, आरक्षी प्रशांत कुमार, सत्यम, जितेन्द्र दुबे शामिल रहे।

## खबर एक नज़र

### चकबंदी प्रक्रिया में मनमानी के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**चित्रकूट ब्यूरो:** पहाड़ी क्षेत्र के हर्रा गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को कौंग्रेस नेता के नेतृत्व में चकबंदी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मनमाने तरीके से चक बनाने के विरोध में कलेक्टरेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। साथ ही मामले की जांच कराकर सम्बन्धितों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान कौंग्रेस पिछड़ा वर्ग के चेयरमैन राजनारायण ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र के हर्रा गांव में धारा 52 के प्रकाशन की कार्यवाही की गई है। जिसमें चकबंदी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए मनमाने ढंग से चक बनाए गए हैं। जिससे ग्रामीणों को कृषि कार्य करने में अत्यंत कठिनाई हो रही है। बताया कि सहायक चकबंदी अधिकारी व कानूनगो द्वारा संपूर्ण ग्राम में बने चकों में रकबा कमी बताकर ग्रामीणों के चकों की पांच प्रतिशत कटौती करके चकों की पैमाईश की जा रही है। जिससे ग्रामीणों को अपूर्णनीय क्षति हो रही है। मांग की कि इस मामले की जांच कराते हुए धारा 52 का प्रस्ताव रुकवाया जाए तथा दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएं। कौंग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र ने कहा कि चकबंदी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ग्रामीणों को बहुत परेशान करते हैं। ग्रामीणों को बेवजह उलझाकर ऐसी परिस्थितियां पैदा करते हैं कि वे परेशान हों। उन्होंने मांग की कि जिलाधकारी इन शिकायतों को संज्ञान में लें। इस मौके पर ग्रामीण रज्जू यादव, दिनेश यादव, बच्छराज यादव, राममूरत यादव, मुन्ना वर्मा, किशन प्रजापति, महिपाल यादव, रजौना यादव आदि मौजूद रहे।

### यादव महासभा की बैठक प्रशासन के दबाव में स्थगित

**सुमेरपुर-हमीरपुर।** सोमवार को कस्बे में होने वाली अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक प्रशासन के दबाव में स्थगित कर दी गई। यादव महासभा के नगर अध्यक्ष रमाशंकर यादव आचार्य ने बताया कि जिलाध्यक्ष सुघर सिंह यादव के निर्देश पर 30 जून सोमवार को कस्बे में बैठक का आयोजन किया गया था। प्रशासन को इसकी भनक लग गई। प्रशासन ने जिले में धारा 144 लागू होने तथा बैठक की पूर्व अनुमति में नहीं लेने का हवाला देकर बैठक स्थगित करने का जिलाध्यक्ष पर दबाव बनाया। उन्होंने प्रशासन के आगे घुटने टेकते हुए बैठक को स्थगित कर दिया। इस बैठक में इटावा कांड को लेकर रणनीति तैयार की जानी थी।

### सपा सुप्रीमो से मिलकर जिले की समस्याओं से कराया अवगत

**सुमेरपुर-हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित समाजवादी व्यापार सभा के सम्मेलन में सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य ने सपा मुखिया से भेंट करके जिले की समस्याओं से अवगत कराया है। सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नंदकिशोर शिवहरे ने बताया कि भामाशाह की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से भेंट करके जिले के संगठन की गतिविधियों से विस्तार से अवगत कराया गया है। जल्द ही वह आवश्यक दिशानिर्देश देकर मिशन 2027 की तैयारियों को तेज करेंगे। इस मौके पर सपा व्यापार सभा के प्रदेश सचिव घनश्याम साहू, सपा नगर अध्यक्ष गोपाल बजाज, जिला सचिव संजय यादव, रणविजय सिंह, अंकुश यादव आदि मौजूद रहे।

# पुलिस महकमे में पांच दरोगा सहित छह कर्मी हुए सेवानिवृत्त

- एसपी की मौजूदगी में विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**बांदा।** सोमवार को पुलिस महकमे में पांच दरोगा सहित आधा दर्जन कर्मी सेवानिवृत्त हुए। कर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस लाइन सभागार में एसपी की मौजूदगी में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां पुलिस अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित किए जाने के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 05 उपनिरीक्षकों व 01 मुख्य आरक्षी चालक को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा उनके दीर्घकालिक सेवा योगदान की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ, सम्मानजनक एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी गई, साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। गौरतलब हो कि जनपद के 05 उपनिरीक्षक व 01 मुख्य आरक्षी चालक अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए इनमें उपनिरीक्षक अशोक कुमार तिवारी थाना पैलानी, उपनिरीक्षक चेतन स्वरुप सिंह परिवहन शाखा, केशव चन्द्र थाना नरैनी, रविन्द्र सिंह वाचक कार्यालय पुलिस अधीक्षक, शंकर लाल पुलिस लाइन व मुख्य आरक्षी चालक बसंत लाल परिवहन शाखा शामिल हैं। इस दौरान एसपी पलाश बंसल ने कहा कि एक दिन सभी को नौकरी से सेवानिवृत्त होना है। सेवानिवृत्त होने के बाद कर्मचारी का कार्य व्यवहार ही एक अहम पहचान होती हैं इसलिए सभी को अपने कार्य के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए। यही उसकी करियर की सर्वश्रेष्ठ पूंजी है। सम्मान समारोह के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी पियूष पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक वेदमणि मिश्र सहित सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारीजन आदि उपस्थित रहे।



बांदा : सेवानिवृत्त कर्मियों के बीच मौजूद अधिकारी ।

# एचटी लाइन का मोहल्लेवासियों ने जताया विरोध



बांदा : ज्ञापन देने जाते मोहल्लेवासी ।

**बांदा।** शहर के शिक्षक कॉलोनी में गली से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के कार्य को रोके जाने को लेकर मोहल्ले के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही ज्ञापन देकर हाईटेंशन लाइन के कार्य को रोके जाने की मांग की है।

दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि शिक्षक कॉलोनी पेट्रोल पम्प तिन्दवारी रोड के मुख्य में रास्ते नहरिया रोड जो मात्र 10 से 12 फीट की हैं इस मुख्य रास्ते में जारी फीडर की 11000 केवी0 की लाइन जो पहले से ही तिन्दवारी रोड से गई है, इस लाइन को मुहल्ले के संकरे रास्ते नहरिया रोड में स्थानांत्रित की जा रही है। जिससे मुहल्ले का रास्ता अवरोध होने व जानमाल का खतरे का सामना करना पड़ सकता है व छायादार हरे भरे पेड़ भी काटे जाने की सम्भावना है। उन्होंने डीएम से मांग की है कि इस लाइन का स्थानान्तरण अनयत्र जगह से कराई जाए। जिससे मुहल्लेवासियों के जानमाल व रास्ते की सुरक्षा हो सकें। ज्ञापन देने के दौरान दिनेश पटेल एडवोकेट, जयनारायण श्रीवास, उमाशंकर वर्मा, अशोक बुंदेला, राजेश मिश्रा, संदीप कुमार, धनराज, गयाचरण, राजेंद्र त्रिपाठी, रोहित गुप्ता, रवि प्रजापति, सत्येंद्र कुमार, जयकरण यादव, रमाकांत त्रिपाठी, राजू गुप्ता, शिवकुमार यादव, राजेश श्रीवास आदि मौजूद रहे।

# चोरी का खुलासा न होने पर पीड़ित बैठा अनशन पर

हमीरपुर। चोरी का खुलासा न होने से पीड़ित का अनशन आज छठवे दिन भी जारी रहा। सुमेरपुर क्षेत्र के सिमनौडी निवासी रामकिशन यादव एडवोकेट ने बताया कि 17 मार्च 2025 को पीड़ित के निवास सिमनौड़ी में रात्रि में घर के अंदर से चोरी हुयी थी। जिसमें पीड़ित के नकद बीस हजार रूपये व सोने, चांदी के जेवरात कीमत लगभग बीस लाख रूपये की थी।

जिसकी रिपोर्ट पीडित ने थाना सुमेरपुर में नामजद अंकित करायी थी। लेकिन पुलिस की हीलाहवाली के चलते न तो आज तक चोरी का खुलासा किया और न ही माल बरामद करवाया न ही अभियुक्त की गिरफ्तारी हुयी है। जिससे पीड़ित का परिवार परेशान है।

जिसके चलते पीड़ित अनशन पर बैठा है। धरने में आज काफी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे। प्रमुख रूप से कमेटी सदस्य क्रांति कुमार सिंह चंदेल, जिला अधिवक्ता संघ हमीरपुर के अध्यक्ष भगवानदास दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार धुरिया, महामंत्री शैलेन्द्र कुमार सचान, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सागर मिश्रा, आशुतोष कुमार साहू, प्रोगेसिव बार के महामंत्री सुरेश चन्द्र साहू, अजय कुमार शर्मा, कामता प्रसाद, दुर्गेश मिश्रा, रामनारायण यादव, रणविजय सिंह, कमलेश कुमार कुशवाहा, वीरेन्द्र सिंह यादव, जीत सिंह आदि अधिवक्ताओं ने धरने में आकर सहयोग प्रदान किया। जिला अधिवक्ता संघ शासन व प्रशासन से मांग करता है कि शीघ्र चोरी का खुलासा और माल बरामदगी करायी जाये। इस प्रकरण को लेकर अधिवक्तागण आक्रोशित और आन्दोलित है। और जब तक चोरी का खुलासा और माल बरामदगी नही होती तब तक बराबर आन्दोलन जारी रहेगा।

## दुराचार के आरोपी को हुई दस साल की सजा

बांदा। दुराचार के मामले में अदालत ने आरोपी को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उसे जुर्माने से दण्डित किया है।
पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ÷ऑपरेशन कन्विक्शन÷ के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में वर्ष-2018 में थाना बबेरु क्षेत्र में महिला से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया। एडीशनल एसपी शिवराज ने बताया कि थाना बबेरु क्षेत्रान्तर्गत एक गांव की रहने वाली महिला ने 25 जनवरी 2018 को थाना बबेरु पर सूचना दी कि ग्राम पाली के रहने वाले सोमदत्त उर्फपप्पू पुत्र गुलाब लोध ने उसके 22 जनवरी 2018 को दुष्कर्म किया गया था तथा जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना बबेरु में मुकदमा अपराध संख्या 10/2018 धारा 376/506 भादवि पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना रीतेश कुमार गुप्ता द्वारा सम्पादित की गयी। विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। लोक अभियोजक रामकुमार सिंह व मनोज दीक्षित द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर महिला आरक्षी रुबी देवी व महिला आरक्षी तनीषा कुशवाहा तथा पैरोकार आरक्षी चक्रधारी के अथक प्रयासों से अभियुक्त सोमदत्त उर्फपप्पू पुत्र गुलाब लोध निवासी पाली थाना बबेरु को न्यायालय द्वारा 10 वर्ष के कठोर कारावास व 11 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

# सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ समापन, बौद्ध दर्शन पर व्यक्त किए गए विचार




**चित्रकूट ब्यूरो:** अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान एवं जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में चल रही सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का सोमवार को समापन हुआ।

कार्यशाला में डीएवी पीजी कॉलिज कानपुर के प्रोफेसर संजय प्रताप सिंह ने बौद्ध दर्शन की वर्तमान संदर्भ में मानवीय मूल्य के लिए उपादेयता विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि बौद्ध दर्शन की वाणी व्यक्ति के जीवन को परिमार्जित करने में अहम भूमिका अदा करती है। बुद्ध की वाणी के द्वारा कहे गए एक-एक वाक्य में उत्कृष्ट जीवन मूल्य समाहित हैं, जिन्हें अपना कर मानव जीवन को सर्वोत्तम लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर किया जा सकता है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय त्रिपुरा के प्रो अवधेश कुमार चौबे ने बौद्ध दर्शन के सैद्धांतिक पक्ष की विवेचना करते हुए इसकी व्यावहारिकता पर प्रकाश डाला। राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के कुलगुरु प्रोफेसर आईपी त्रिपाठी ने कहा कि बौद्ध दर्शन की शिक्षाएं नैतिक मूल्यों की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी हैं, जो अत्यंत पापी व्यक्ति को भी सद्मार्ग की ओर प्रेरित करती हैं। बौद्ध दर्शन मानव को महामानव बनने का मार्ग प्रशस्त करता हैं। संयोजक डॉ हरिकांत मिश्रा ने इस सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का पूर्ण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के निदेशक डॉ राकेश सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के एमओयू के अंतर्गत आयोजित होने वाली वह कार्यशाला है, जिसमें प्रदेश की 75 जनपदों में बुद्ध की वाणी के द्वारा जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला जाएगा। इसका प्रारंभ चित्रकूट से हुआ है। कार्यशाला में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय, डॉ किरन त्रिपाठी, शोध छात्रा अर्चना सिंह सहित अन्य विद्वानों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर डॉ शशिकांत त्रिपाठी, डॉ प्रमिला मिश्रा, डॉ रजनीश कुमार सिंह, डॉ रमा सोनी, डॉ रीना पांडेय, डॉ अमिता त्रिपाठी, डॉ रवि प्रकाश शुक्ल, डॉ नीतू तिवारी, डॉ दुर्गेश कुमार मिश्र, डॉ शांत कुमार चतुर्वेदी, डॉ जितेंद्र प्रताप सिंह, डॉ भविष्या माथुर, डॉ गोपाल कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने विभागीय अधिकारियों को दिए अधिक से अधिक पौधरोपण कराने के निर्देश



**चित्रकूट ब्यूरो:** पौधरोपण अभियान से सम्बन्धित बैठक सोमवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने एक से सात जुलाई तक चलने वाले पौधरोपण अभियान में सभी विभागों को दिए गए लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि जिन स्थानों पर गोपाल वन, सौर्य वन, ग्राम वन, विरासत वाटिका आदि बनाया जाना है तथा जहां पर पौध रोपण किया जाना है, वहां सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्था कराएं। डीएम ने कहा कि जिन वन रेंजों पर अधिक पौधे रोपित किए जाने है, उन्हें चिन्हित करें ताकि वहां पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से पौधरोपण कराया जा सकें। इसके साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से संपर्क करके विद्यालयों के बच्चों के माध्यम से भी पौधरोपण कराएं तथा इसके लिए पौधे भी वितरित कराएं। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे से कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिन पंप हाउस, ओवरहेड टैंक आदि का निर्माण कार्य कराया गया है, वहां पर भी अधिक से अधिक पौधरोपण कराएं। अधिशासी अधिकारियों से कहा कि पौध रोपण के लिए लक्ष्य के अनुरूप गड्ढा खुदान कराएं। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से कहा कि जो ग्राम पंचायतें मंदाकिनी के किनारे की शहर में शामिल हुई है, उन ग्राम पंचायतों के अंतर्गत मंदाकिनी के किनारे भी पौध रोपण कराएं। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि ग्राम वन में पौधरोपण कराने की प्रगति अभी किसी भी विकासखंड स्तर पर समुचित तरीके से नहीं कराई गई है तथा खंड विकास अधिकारियों द्वारा इसमें रुचि नहीं ली जा रही, यह अत्यंत खेदजनक है। खंड विकास अधिकारियों से कहा कि जिन ग्रामों में वन ग्राम बनाकर पौधरोपण कराया जाना है, वहां पर तारबाडी की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से फलदार वृक्ष लगवाएं। इसके लिए जिला उद्यान अधिकारी द्वारा योजना तैयार कराएं। समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद को कुल 72,33,520 पौध रोपण का लक्ष्य दिया गया है। इसमें जिन विभागों को पौधारोपण का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह सभी पौधों का उठान वन विभाग की नर्सरियों से कराकर एक से सात जुलाई तक चलने वाले पौध रोपण अभियान में पौधरोपण कराएं।

# सर्व वैश्य समाज का उत्पीड़न नहीं होंगा बर्दाश्त- शिवमंगल

- शिवमंगल अग्रहरि बने अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष
- सर्व वैश्य समाज एवं पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह करें कार्य
- अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी विधानसभा चुनावों में उतारेंगी अपने प्रत्याशी



**चित्रकूट ब्यूरो:** अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी द्वारा शिवमंगल अग्रहरि को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के फैसले को लेकर चित्रकूट निवासी शिवमंगल अग्रहरि को सर्वसम्मति से अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी का चित्रकूट जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवमंगल अग्रहरि ने बताया कि वह पार्टी की नीतियों एवं पार्टी के हितों को ध्यान में रखते हुए संगठन को बढ़ाने एवं अखिल भारतीय हमारा समाज के साथ रहकर पार्टी हित में कार्य करेंगे। कहा कि अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी सर्व वैश्य समाज की पार्टी में सभी वर्गों का सम्मान सुरक्षित रहेगा। शोषित एवं पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाना ही पार्टी का मूल उद्देश्य रहेगा। बताया कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में भी उतारा जाएगा।

**कार की टक्कर से वृद्ध घायल**

**इकदिल इटावा।** आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर नहर पुल के पास तेज रफ्तार बेकाबू कार ने वृद्ध को टक्कर मार घायल कर दिया। जिला कौशांबी थाना मंझनपुर गांव ओसा में रहने वाला 75 वर्षीय वृद्ध सुरेंद्र कुमार पुत्र स्वामीदीन सोमवार दोपहर को अपने घर से थाना जसवंतनगर के गांव नगरिया में रहने वाले रिश्तेदार का रिश्तेदार बीमार है जोकि एक निजी अस्पताल में भर्ती है। उसे देखने के लिए घर से आया था तभी कोई वाहन उन्हें गलत जगह पर उतार कर चला गया तभी रास्ता भटकने के दौरान वृद्ध ऑटो पकडने के लिए नहर पुल के पास हाईवे रोड पार कर रहा था।

# मेरी चौखट पे चल के आज चारो धाम आये है





. प्राचीन हनुमान मंदिर में हुआ संगीतमय सुंदरकांड

**छिबरामऊ।** प्राचीन हनुमान मंदिर बाबा की बगिया में हुए संगीतमय सुंदरकांड में कथा वाचक भानु प्रताप सिंह के गाए मेरी चौखट पे चल के आज चारो धाम पर भजन मेरे राम का लगा है दरबारए पवन सुत आ जाना पर श्रोता जमकर झूमे।

रविवार को संगीतमय सुंदरकांड से पहले बाबा की बगिया में राम दरबार सजाया गया। आचार्य सुंदरम पाठक ने अमर सिंह पाल से राम दरबार का पूजन कराया। इस दौरान रुद्र प्रताप सिंह ने रघुकुल सा घराना हो तथा राम नाम के हीरे.मोतीए मैं बिखराऊं गली.गली तथा कौजी केसरी के लालए मेरा छोटा सा ये कामए दुनिया में हनुमान सा कोई देव नहींए प्रार्थना है यही मेरी हनुमान जीए मेरे सिर पर भी अब हाथ रख दीजिए तथा अमरेश प्रताप सिंह ने मेरे घर आना सांवरियाए तूझे जाने नहीं दूंगी तथा जय जय बजरंग बली आदि भजन सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। भानु प्रताप सिंह ने बताया कि हनुमान जी की भक्ति करने से आठ प्रकार की सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं। उनके पास अधिकांश देवों की दिव्य शक्तियां और वरदान हैं। हनुमान जी की शरणागति के बिना श्रीराम की भक्ति प्राप्त नहीं हो सकी। भगवान सूर्य के तेज का भाग हनुमान जी में विद्यमान है। इस दौरान मुकुट सिंह यादवए बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शिवनाथ सिंह यादवए राहुल पालए श्याम सिंहए प्रमोद त्रिपाठीए गौरव शाक्य सहित सैंकड़ों की संख्या।

# जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष कुलदीप गंगवार राजेश त्रिपाठी निर्विरोध उपाध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**फर्रूखाबाद।** उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक फर्रूखाबाद के संपन्न हुए चुनाव में कुलदीप गंगवार को निर्विरोध अध्यक्ष तथा राजेश त्रिपाठी को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया है निर्वाचन अधिकारी एसडीएम सदर रजनीकांत पांडे तथा उप निर्वाचन अधिकारी जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह ने चुनाव परिणाम की घोषणा की।

इस अवसर पर कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल जिला संगठन प्रभारी शिव महेश द्विवेदी जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा सांसद मुकेश राजपूत विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर भाजपा कन्नौज जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया विधायक सुशील कुमार शाक्य जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव जिला पंचायत अध्यक्ष सचिन यादव पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह यादव दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ भूदेव सिंह राजपूत रूपेश गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ता गणों की उपस्थिति में चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ नवनिर्वाचित कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष कुलदीप गंगवार का अभिनंदन किया तत्पश्चात क्षेत्रीय अध्यक्ष आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे यहां पर नवनिर्वाचित बैंक अध्यक्ष का अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ।



**फर्रूखाबाद।** फूल मलाए डालें निर्विरोध अध्यक्ष कुलदीप गंगवार उपाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी साथ में क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रकाश पाल जिला प्रभारी शिव महेश दुबे

आयोजित अभिनंदन समारोह में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा सहकारिता उत्तर प्रदेश की एक बहुत बड़ी संस्था है उत्तर प्रदेश में जब पहली बार मुलायम सिंह यादव सहकारिता मंत्री बने तो उन्होंने सहकारिता के उत्थान के लिए नहीं बल्कि निजी स्वार्थ के लिए सहकारिता विभाग को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया लेकिन बाद में अखिलेश यादव की सरकार में सहकारिता में भ्रष्टाचार और धांधली जारी रही लेकिन 2017 में योगी सरकार की अस्तित्व में आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं संगठन ने मिलकर किसके उत्थान के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए सहकारिता को पुनर्जीवित करने के लिए ऐतिहासिक और ठोस कदम उठाए गए आज पूरी तरह से उत्तर प्रदेश का सहकारिता विभाग समाजवादी पार्टी से मुक्त हो गया है।

इस कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अमरदीप दीक्षित ने किया डायरेक्टर शंकर सिंह हिमांशु गुप्ता डीएस राठौर संजीव गुप्ता आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक जितेंद्र सिंह राठौर सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक वीरेंद्र सिंह राठौड़ पूर्व सभासद प्रबल त्रिपाठी जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# खबर एक नज़र

## मंगल मिलन आज

**इटावा।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाला साप्ताहिक मंगल मिलन सत्संग आज मंगलवार 1 जुलाई को शाम 6 बजे से कटरा सेवाकली इटावा स्थित महाकालेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित किया जा रहा है। संयोजक देवेश शास्त्री ने सभी धर्मप्रेमियों से अनुरोध किया कि वे समय से पहुंचकर सत्संग का लाभ प्राप्त कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

## चार वर्षों में मिले स्नेहए सम्मान को कभी नहीं भुला सकता- राजकुमार

बकेवरए इटावा। वित्त व लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा राजकुमार यादव के 4 वर्ष सेवा उपरांत फर्रूखाबाद जनपद में स्थानांतरण हो जाने से बेसिक शिक्षा परिवार द्वारा उनके सम्मान में एक भव्य विदाई एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन वृंदावन गार्डन इटावा के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कोषाधिकारी डोगरा शक्ति एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी जनपद मैनपुरी मनोज कुमार यादव उपस्थित रहेए विशिष्ट अतिथि वित्तीय परामर्शदाता पंचायत राज इटावा अरुण राव खरेए डायट प्राचार्य प्रेमपाल सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ इसके उपरांत उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंहए गिरीश कुमार व शिवेश कुमार द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण व पटका डालकर स्वागत किया गया। सभागार में उपस्थित बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारियों ने राजकुमार यादव का माल्यार्पण कर और उन्हें उपहार देकर सम्मान किया वहीं उनके साथ मंच पर उपस्थित उनकी धर्मपत्नी शिखा यादव का भी स्वागत व सम्मान शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि उक्त कार्यक्रम से पहले किसी भी लेखा अधिकारी के स्थानांतरण होने पर इतने बड़े भव्य कार्यक्रम का आयोजन पूर्व में कभी नहीं किया गया। लगभग सभागार में तीन सैकड़ा से अधिक शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे जिसमें लेखा विभागए बेसिक शिक्षा कार्यालयए डाइट कार्यालयए ट्रेजरी के साथ.साथ जनपद के विभिन्न शैक्षिक संगठन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे सभी ने राजकुमार जी का माल्यार्पण और उपहार देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में लगभग सभी वक्ताओं ने राजकुमार यादव के जनपद इटावा में सफल 4 वर्ष के कार्यकाल की बहुत सराहना की सभी ने उनके सरल सौम्य व्यक्तित्व व शिक्षकों के प्रति संवेदनशील होने की सराहना की। महीने की 1 तारीख को वेतन देना उनकी उपलब्धि में एक है। शिक्षकों के कोई भी अवशेष देय विलंबित नहीं किया। किसी प्रार्थना पत्र पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करना एवं शैक्षिक संगठनों से समय.समय पर बैठकर शिक्षकों की समस्याओं को हल करना तथा किसी भी अनैतिक दबाव में आकर कोई गलत कार्य न करना उनकी कर शैली में रहा।

## 134 व्यापारियों को भामाशाह सम्मान देना प्रशंसनीय कदम

**इटावा।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 134 व्यापारियों को भामाशाह सम्मान दिए जाने का स्वागत करते हुए कहा यह एक प्रशंसनीय पहल है। उल्लेखनीय है कि सेठ भामाशाह ने मेवाड़ उदयपुर राजघराने के महाराणा प्रताप को मुगल सम्राट अकबर से युद्ध में पराजित हो जाने पर उसे अपने जीवन का कुल खजाना जो उसे समय 40 लाख का था। महाराणा के चरणों में समर्पित कर दिया था। वैश्य शिरोमणि भामाशाह के योगदान को प्रदेश सरकार द्वारा सर्वोपरि मानते हुए विगत वर्ष भामाशाह जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस घोषित किया गया था। इस वर्ष 28 जून को लोक भवन लखनऊ में 134 व्यापारियों को भामाशाह शिक्षा विभूषण एवं भूषण सम्मान से मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी तथा वित्तमंत्री तथा संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना तथा रविकांत गर्ग अध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की उपस्थिति में प्रदान किया इसके साथ ही शिक्षा क्षेत्र से जुड़े 89 व्यापारियों को भी भामाशाह प्रेरक सम्मान भी दिया गया।

## कांग्रेस विद्यालयों को मर्ज नहीं होने देगी -प्रशांत

**इटावा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रशांत तिवारी ने कहा है कि यूपी की योगी सरकार कक्षा 8 तक के पांच हजार से अधिक स्कूलों को मर्ज करने की तैयारी कर रही है। शासन का तर्क है कि इनका विलय करके हर जिले में एक मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल खोला जाएगा।

श्री तिवारी ने कहा आंकड़ों की मानें तो 28 हजार से अधिक प्राथमिक स्कूलों को कंपोजिट में तब्दील करने का कोई फायदा नज़र नहीं हुआ। सरकार इन स्कूलों का विलय करने के लिए सभी नियमों को ताख पर रख रही है क्योंकि सरकार न शिक्षा से मतलब है न नियम से। शिक्षा शत्रु भाजपा सरकार की किसी भी योजना में भावी पीढ़ी को अशिक्षित रखने का षड्यंत्र साफनज़र आता है। सरकार को एक बार विद्यालयों के निर्णय पर पुनः विचार कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा विद्यालय बन्द होने से क्या नौनिहालों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगाए क्या रसोइयों का रोजगार नहीं खत्म होगाए क्या ग्रामीणों में अपने गांव के विद्यालय पर होने वाले गर्व महसूस कराने वाले भाव का दमन नहीं होगाए क्या नए सृजित होने वाले पदों एवं शिक्षक भर्तियों का अन्त करके रोजगार प्रभावित नहीं होगाए क्या निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के प्रावधानों का पालन होगाए सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ेगा वरना कांग्रेस प्रदेश में इस के खिलाफप्रदर्शन कर सरकार को अपना फैसला वापिस लेने पर मजबूर कर देगी।

## ताला तोड़कर लाखों के गहने चोरी

इकदिलए इटावा। एक बंद मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। छत के रास्ते से अंदर घुसे और बक्सा का ताला तोड़कर लाखों के गहने चोरी कर ले गए। कस्बा इकदिल स्टेशन रोड पर अम्बेडकर नगर मोहल्ला में रहने वाले साहिल गोयल पुत्र कप्तान सिंह शनिवार शाम को अपने खेत पर नवनिर्माण मकान पर काम करा रहे थे देर रात हो जाने पर अपने परिजनों के साथ नवनिर्माण मकान पर ही सो गए रविवार सुबह जागने पर अपने मकान पर आए तो मेन गेट का दरवाजा खोल कर जब घर के अंदर घुसे तो कमरे के खुले पड़ा थे अंदर सामान बिखरा हुआ और बक्सा खुले पड़े देख उनके होश उड़ गए। मकान स्वामी साहिल गोयल ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ खेत पर बन रहे नए मकान पर शटरिंग लगवाने का काम करा रहा था। देर रात हो जाने पर अपनी दादी और मां के साथ वहीं पर सो गया सुबह घर आया तो अंदर कमरे में रखे चार बक्सों के ताले टूटे और सामान बिखरा पड़ा था। बक्सों से सोने चांदी के जेवरात और एक लाख नब्बे हजार नगदी चोर चोरी कर ले गए। जिसके बाद उसने थाने में तहरीर देकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस जाँच पड़ताल में जुटी।

## पिलुआ पैंथर ने एकता क्लब को हराकर जीता फइनल

इटावा। करीब एक महीने जीआईसी मैदान में चल रहे टी.10 तिरंगा कप नाइट टेनिस बॉल टूर्नामेंट के फइनल मैच में एक रोमांचक मुकाबले में पिलुआ पैंथर ने एकता क्लब को 8 रन से हराकर फइनल मैच जीताए पिलुआ पैंथर नें टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित दस ओवरों में 116 रन बनाएए जिसके मुकाबले में रनों का पीछा करते हुए एकता क्लब 108 रन ही बना पाया।

इटावा क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान ने बताया कि मुकाबले 72 टीमों ने हिस्सा लिया था। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने विजयी टीम को पचास हजार एवं उपविजेता टीम को पच्चीस हजार का इनाम दिया तथा विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफी दी। सदर विधायक ने खिलाड़ियों और उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें स्वस्थ बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैंए उन्होंने जीआईसी मैदान में एक मिनी स्टेडियम के लिए शासन द्वारा पांच करोड़ रुपए स्वीकृत किए जाने की भी घोषणा की। इस अवसर पर व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षितए कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशीए महामंत्री अभय टंडनए युवा के प्रदेश अध्यक्ष अक्षय प्रताप सिंहए जिलाउपाध्यक्ष हाजी शेख आफ्ताबए युवा जिलाध्यक्ष रियाज अहमदए अश्विनी सिंह एडवोकेटए जिला पंचायत सदस्य सचिन यादवए श्याम चौधरीए इसीए के चेयरमैन इरशाद मेवए कोषाध्यक्ष शफीक खानए गुलजार अहमद गामा सहित चौकी प्रभारी रेलवे रोड दयानंद पटेल उपस्थित रहे।

# अचानक चकबंदी करने पहुंची टीम के विरोध में धरने पर बैठे भाकियू अध्यक्ष



**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी कार्यालय के परिसर में जमीन पर बैठे भारतीय किसान यूनियन महेंद्र सिंह टिकैत गुट जिलाध्यक्ष अजय कटियार।

स्वतंत्र भारत संवाददाता
**फर्रूखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम बराकेशव में अचानक चकबंदी टीम के पहुंच जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया आनन.फानन में भारतीय किसान यूनियन के किसानों ने खबर दी जिस पर जिलाध्यक्ष अजय कटियार अपनी टीम के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी से वार्ता करने के लिए कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गये।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि चकबंदी अगर करनी थी तो पहले से किसानों को जानकारी दी जानी चाहिए थी अचानक चकबंदी करने के लिए पहुंचना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान अपने काम में लगे होते हैं किसी के पास समय होता है किसी के पास नहीं होता है अगर पहले से सूचना होती तो किसान अपनी तैयारी के साथ टीम के संग्रह कर चकबंदी करते लेकिन अचानक टीम के पहुंचने से असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है इसलिए पूर्व में सूचना देकर दोबारा टीम को भेज कर चकबंदी कराई जानी चाहिए। इस बात को लेकर जब जिला अध्यक्ष अपनी टीम के साथ मुख्यालय पहुंचे तो उनकी भेंट जिलाधिकारी से नहीं हो सकी इस बात पर अपनी टीम के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में ही धरने पर बैठ गए। इजाजत के साथ में वरिष्ठ किसान नेता भी धरने पर बैठे।

# फोटो स्टूडियो में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**फर्रूखाबाद।** थाना मेरापुर के संकिसा बाजार में रविवार की रात अजय फोटो स्टूडियो की दुकान के इनवर्टर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है दुकान में रखा हार्ड डिस्क चिप एवं कार्ड रीडर एवं कैमरे वीडियोग्राफी करने वाली कैमरे इत्यादि जलकर राख हो गए दुकान मालिक अजय प्रताप ने बताया कि दुकान में सोलर पैनल लगाए हुए हैं जिससे इन्वर्टर चार्ज करते हैं रात्रि में दुकान बंद करके हम अपने घर चले गए सुबह लगभग 5 बजे दुकान से धुआं निकलता देख पड़ोसियों की सूचना पर फोटो स्टूडियो पर पहुंचकर दुकान को खोला तो दुकान में रखा सभी सामान जलकर राख हो गया था मेरा लगभग 10 लाख का नुकसान हो गया।

# विद्युत चेकिंग अभियान में एक दर्जन लोग पकड़े

बकेवरए इटावा। कस्बा लखना व महेवा के ग्राम आनेपुरा में रविवार की रात उपखंड अधिकारी व जेई महेवा व जेई लखना के द्वारा संयुक्त रुप से चेकिंग अभियान चलाकर विधुत चोरी कर रहे एक दर्जन लोगों को पकड़ा जिनके विरुद्ध विधुत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया।

उपखंड अधिकारी बकेवर संतकुमार ने बताया कि रविवार की रात जेई महेवा महेन्द्र पटेलए जेई लखना नरदेव सिंह गौतम तथा लाइनमैन लखनाए बकेवरए महेवा की टीम द्वारा लखना कस्बा में पुराना नहर पुल पर रात के समय विधुत चोरी कर रहे बेंचेलाल पुत्र अगनू प्रसादए जनक सिंह कुशवाहा पुत्र किशन सिंहए माधुरलाल पुत्र दुर्गन सिंहए रामऔतार पुत्र सरमन लालएसुभाष यादव पुत्र माता प्रसाद निवासी आदर्श नगरए अमृत सिंह पुत्र शीतल सिंहए भूपेन्द्र त्रिपाठीए तस्लीम खां पुत्र मुस्तकीम खां मुहाल गंज लखना व महेवा के ग्राम आनेपुरा में भी सघन चैकिंग की गयी जिसमें विधुत चोरी कर रहे लक्ष्मण सिंह पुत्र इन्द्रनारायणए दीपक पुत्र रामकेश व विश्राम पुत्र सोमनाथ सहित रमाकान्त पुत्र मदनमोहन त्रिपाठी को पकड़ा इनके विरुद्ध विधुत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया।

# जानलेवा हमले के मामले में सात वर्ष का कारावास

■ 52500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**फर्रूखाबाद।** अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष तृतीय शैलेन्द्र सचान ने बृजेश पुत्र देशराज निवासी सुल्तानपुर कोतवाली मोहम्दाबाद को जानलेवा हमले के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास 52500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

बीते 16 वर्षों पूर्व कोतवाली मोहम्दाबाद को पुलिस को जादूनाथ पुत्र अशर्फीलाल निवासी मीठापर कमालगंज निवासी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने फूफा दिवारी लाल निवासी सुल्तानपुर मोहम्दाबाद के पास रहकर खेती का कार्य करता था उसके फूफा दिवारी लाल का एक जमीन संबंधी मुकदमा फूल सिंह से चल रहा था जिसके फूल सिंह रंजिश मानते थे 29 मार्च 1994 को करीब पांच बजे शाम को फूल सिंह देशराज शिवनाथ बृजेश अपने हाथों में तमंचा व लाठी व ईंट पत्थर लेकर फूफा दिवारी लाल के दरवाजे पर आए और गालियां देने लगे बृजेश ने तमंचे से फायर किया और कहा आज साले को जान से मार देंगे शोर की आवाज को सुनकर गांव के लोग आ गए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में फइनल रिपोर्ट लगा दी वादी ने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय प्रोटेस्ट दाखिल कि न्यायलय ने साक्ष्य के आधार पर आरोपियों को तलब किया मुकदमा विचारण के दौरान फूल सिंह देशराज की मृत्यु हो गई।

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अनुज कुमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र कुमार सचान ने बृजेश को जान लेवा हमले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व 52500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने तेजस हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का किया शुभारंभ



स्वतंत्र भारत संवाददाता
**फर्रूखाबाद।** प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल ने आज आवास विकास स्थित तेजस हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का उद्घाटन कर शुभारंभ किया

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में नवीन उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी जिससे गंभीर रोगियों को बाहर जाना नहीं पड़ेगा इस दौरान डायरेक्टर अजय कटियार विजय कटियार संजय कटियार डॉ के एम द्विवेदी दो अंकित गंगवार ने मुख्य अतिथि मंत्री श्री पटेल का फूल मालाओं से स्वागत किया

इस दौरान विधायक डॉक्टर सुरभि प्रधानाचार्य परिषद जिला अध्यक्ष अनिल सिंह दवा व्यवसाई एवं चिकित्सक मौजूद रहे। उधर सरदार पटेल युवा मंच ने मंत्री आशीष पटेल का जिले में स्वागत किया

फतेहगढ़ स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग एवं अन्य आवश्यक ब्रांच चलाए जाने के संबंध में ज्ञापन प्रेषित किया इस मौके पर अमित सरोज कटियार पीयूष गंगवार पंकज कन्नौजिया गौरव कटियार ;शालूद्ध मयंक कटियार डा अभिषेक कटियार प्रवेश कटियार ऋत्विक नारायण सनी कटियार कुंदन उत्कर्ष हर्ष सपनेश पटेल आदि सैकड़ों युवा मौजूद रहे। फतेहगढ़ में देवेंद्र कटियार आलोक कटियार अमीर चंद्र कटियार गौरव कटियार अनुराग कटियार विवेक कटियार वैभव कटियार निर्दोष कटियार आदि सैकड़ों लोगों ने गर्म जोशी के साथ जोरदार स्वागत किया।

# 11000 की लाइन के पोल में करंट उतरने से दो भैंसों की मौत

छिबरामऊ। कन्नौज तहसील क्षेत्र के ग्राम लडैता में 11000 की लाइन के पोल में करंट उतरने से दो भैंसों की मौत 11 हजार की लाइन से बिजली के खंभे से उतरा करंट उतरने से दो भैंसों की हुई मृत्यु ग्रामीणों ने बताया कि कई बार लाइनमैन से कहा गया लेकिन लाइन द्वारा नहीं सुधारी गई लाइन अगर लाइन सुधर दी जाती तो नहीं होता हादसा ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन दीक्षा शाक्य ने बताया कि हमारे दो भैंसों की मृत्यु हो गई छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के लड़ैता गांव की घटना ग्राम लड़ैता में कल बिजली विभाग की लापरवाही के चलते भैसो की मौत हो गई थी जिसके बाद आज बिजली घर का ग्रामीणों ने किया घेराव एसडीओ छिबरामऊ ने हर संभव मदद का दिया भरोसा।



# शिवराज ने किसानों को दी मनचाहे मूल्य पर चावल निर्यात की सौगात

## यूपी के रामपुर में मोगा ढाबा पर किसानों के साथ 'चौपाल पर चर्चा' के दौरान शिवराज ने किया ऐलान



**नई दिल्ली, ब्यूरो।** अन्नदाता किसानों के साथ किसानों के साथ सीधा संवाद यानी 'चौपाल पर चर्चा' करने के लिए हर सप्ताह कम से कम दो दिन देश के किसी ना किसी गांव के खेत-खलिहान तक पहुंचने के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए आज केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तर प्रदेश के रामपुर स्थित मोगा ढ़ाबा जाकर किसानों से बातचीत की। चूंकि मानसून की बरसात के साथ ही खेतों में धान की रोपाई का काम शुरू हो गया है लिहाजा 'चौपाल पर चर्चा' के इस आयोजन में बातचीत का केंद्र धान की फसल से संबंधित मामले ही रहे। इस दौरान शिवराज ने धान उत्पादक किसानों को वैश्विक बाजार व्यवस्था का भरपूर लाभ दिलाने के लिए सरकार की ओर से नियम-कायदों में दी गई छूट की सौगात के बारे में भी महत्वपूर्ण ऐलान किया। शिवराज ने किसानों को बताया कि अब चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य यानी एमईपी की व्यवस्था और इससे जुड़ी बंदिशों को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है जिससे किसी भी देश को मनचाही कीमत पर चावल निर्यात करने के लिए किसान पूरी तरह स्वतंत्र हैं। शिवराज ने बताया कि चावल पर निर्यात प्रतिबंध भी समाप्त कर दिया गया है और दुनिया में कहीं भी जहां किसानों को अच्छे दाम मिले वहां वह उसे बेच सकें इसकी व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने किसानों से उत्तर प्रदेश की प्रमुख फसलों, मसलन चावल, गेहूं और गन्ने के संबंध में शोध के लिए सुझाव भी मांगे ताकि उसी के अनुरूप आगे की रणनीतियों पर कार्य किया जा सके। रामपुर के मोगा ढाबा में आयोजित 'चौपाल पर चर्चा' के कार्यक्रम में किसानों के साथ सीधा संवाद करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धान उत्पाद करने वाले किसानों को झेलनी पड़ रही समस्याओं में बारे में भी विस्तार से बातचीत की और किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का जल्दी ही समाधान तलाश लिया जाएगा। शिवराज ने माना कि धान की 1509 वैरायटी में रोग की समस्याएं आ रही हैं और इस समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने तत्काल ही वैज्ञानिकों को तेजी से ठोस समाधान निकालने में जुटने के साथ ही नई उन्नत किस्म की उपज की जानकारी देने और रोग प्रतिरोधी वैरायटी विकसित करने की दिशा में काम करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर मिट्टी की स्वास्थ्य जांच के लिए गांव और निचले स्तर पर ही प्रयोगशालाओं के निर्माण के अनुरोध को शिवराज ने एक कारगार सुझाव बताते हुए कहा कि मृदा में पोषक तत्वों की जांच होनी जरूरी है और सरकार भी इसको लेकर बहुत गंभीर है। अब ऐसी आधुनिकतम तकनीकें उपलब्ध है जिनके जरिए मृदा की जांच के बाद परिणाम के लिए बहुत लंबा इंतजार नहीं करना पड़ता है और 15 मिनट के अंदर नतीजे मिल जाते है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार इन आधुनिकतम तकनीकों के प्रचार-प्रसार और इनकी किसानों तक पहुंच को सुनिश्चित करने के लिए अभियान के रूप में काम करेगी। साथ ही शिवराज ने गेहूं और मक्के की खेती से जुड़ी किसानों की समस्याओं को भी सुना और वैज्ञानिकों से उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। इस संवाद के दौरान कीटनाशकों के संतुलित उपयोग और बागवानी में वायरस अटैक को लेकर भी चर्चा हुई।

# भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया गया सम्मान



**सीखड़ (मिर्जापुर)।** भाजपा सीखड़ मंडल के प्रेमापुर व रामगढ़ मे पार्टी के पुराने और आधार कार्यकर्ताओं जिनके बल पर दो सांसदों वाली पार्टी आज पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली पार्टी बनी ऐसे कर्मयोगी कार्यकर्ताओं का उनके आवास पर जाकर सम्मान किया और उनका हाल जाना गया। इस अवसर पर पूर्व महामंत्री विकास पति त्रिपाठी वरिष्ठ नेता मारकंडेय सिंह, कार्यक्रम संयोजक शिव प्रसाद द्विवेदी, नीरज पाण्डेय, दिनेश मिश्रा, प्रत्युष त्रिपाठी, शिवम पाण्डेय, ज्ञानधर शुक्ला, सर्वेश सिंह,आशुतोष पाण्डेय, सुनील पाल, प्रेमचंद साहनी गौरव पांडेय, अखिलेश सिंह, प्रमोद सिंह,हिमांशु पांडेय, मोनू दुबे, आदर्श उपाध्याय, रवि पाठक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त ने की एक करोड़ से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा



**मिर्जापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने आयुक्त कार्यालय सभागार में एक करोड़ से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक व सड़क कटिंग/रेस्टोरेशन सम्बंधी समन्वय की समीक्षा बैठक आहूत की गई। मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे यदि गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि मण्डलीय जनपदीय अधिकारी अपने विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं का समय-समय पर निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता की जांच भी अवश्य करें। जनपद मिर्जापुर की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम अर्बन द्वारा वाटर सप्लाई बैलेंस हाउस कनेक्शन में बताया गया कि कार्य प्रगति पर है जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा कार्यदायी को निर्देशित किया गया कि सितम्बर 2025 तक कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण के द्वारा कराए जा रहे कार्य महुवारी गांव ग्रामीण जलापूर्ति योजना में कराए जा रहे कार्य के बारे में बताया कि इस योजनान्तर्गत 08 गांव कनेक्शन हेतु शेष है मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि अगली बैठक से पूर्व कार्य पूर्ण कराते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करें। मड़िहान तहसील में 100 छात्र क्षमता के बालिका छात्रावास निर्माण के बारे में बताया गया कि अगस्त 2025 तक कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। मण्डलायुक्त ने निर्देशित कि मजदूरो की संख्या बढ़ाते हुए कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। वृहद गौ संरक्षण केन्द्र देवरी कला मड़िहान, वृहद गौ संरक्षण केन्द्र परसिया की प्रगति के बारे में बताया गया कि अगस्त 2025 तक कार्य पूर्ण करा लिया जाए, मण्डलायुक्त अपर निदेशक पशुपालन को निर्देशित करते हुए कहा कि निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता की जांच आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जनपद मिर्जापुर में तहसील सदर के ग्राम नेगुरा स्थित पौराणिक एवं ऐतिहासिक शंकर जी की मन्दिर के पर्यटन विकास कार्य के बारे में बताया गया कि कार्य प्रगति पर समय से पूर्ण करा लिया जाएगा। अष्टभुजा, कालीखोह रोपवे पर पर्यटन अवस्थापना सुविधाओ के बारे में बताया गया कि कार्य प्रगति पर जिस पर मण्डलायुक्त ने परियोजना प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद निर्माण ईकाई द्वारा 50 सैय्यायुक्त बहुखण्डी चिकित्सालय का भवन निर्माण कार्य के बारे में बताया गया कि ओपीडी संचालित हो रही है एवं डाक्टरो हेतु आवासो का कार्य प्रगति पर हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र जागृति अवस्थी, भदोही बालगोविन्द शुक्ल, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सोनभद्र, उप निदेशक बेसिक शिक्षा, उप निदेशक समाज कल्याण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# सुसुआड़ रपटा से नीचे पलटा ट्रैक्टर ट्राली, बाल-बाल बचा चालक



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरी गांव में स्थित सुसुआड़ रपटा से सोमवार की दोपहर ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर रपटा से नीचे गिरकर पलट गया। संयोग अच्छा था की नाले में पानी होने से ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। थाना क्षेत्र के बरी गांव निवासी बसंत पटेल का ट्रैक्टर ट्राली चालक कही लेकर जा रहा था की जैसे ही सुसुआड़ नाला के रपटा पर ट्रैक्टर पहुंचा की अचानक अनियंत्रित होकर रपटा से नीचे उतर कर नाले में पलट गया। संयोग अच्छा था की नाले में पानी होने से ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रैक्टर व ट्राली पलटने से क्षतिग्रस्त हो गया है। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने ट्रैक्टर व ट्राली को नाले से बाहर निकालने में जुट गए है। रपटा का रेलिंग काफी दिनों से क्षतिग्रस्त होकर रपटा रेलिंग विहीन हो गया है और हादसे को दावत दे रहा है।

## मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने अदवा बैराज के जलाशय में छोड़ा

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरा उमरिया गांव में घर के अंदर पहुँचे तीन फीट के मगरमच्छ को सोमवार की सुबह चहल कदमी करता हुआ देखकर गृह स्वामी के परिजनों ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया। मौके पर पहुँचे वन्यजीव रक्षक ने अथक प्रयास करने के बाद मगरमच्छ को पकड़कर सुरक्षित अदवा बैराज के गहरे जलाशय में छोड़ दिया है तब जाकर गृह स्वामी ने राहत की सांस लिया है। थाना क्षेत्र के उमरिया पिपरा गांव निवासी गजराज के घर के अंदर तीन फीट का मगरमच्छ भटक कर पहुंच गया मगरमच्छ को घर में चहल कदमी करता हुआ देखकर गृह स्वामी के परिजनों में हड़कंप मच गया। गृह स्वामी द्वारा इसकी सूचना रेंजर हलिया अवध नारायण मिश्रा को सूचना दिया रेंजर की सूचना पर मौके पर पहुँचे वन्यजीव रक्षक नीटू शर्मा ने मौके पर पहुंचकर अथक प्रयास करने के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकडकर अदवा बैराज के गहरे जलाशय में छोड़ दिया है तब जाकर गृह स्वामी ने राहत की सांस लिया है। इस संबंध में रेंजर हलिया अवध नारायण मिश्रा ने बताया की करीब तीन फ़ीट का मगरमच्छ चहल कदमी करते हुए भटक कर घर के अंदर पहुंच गया था। सूचना पर टीम को मौके पर भेजकर मगरमच्छ को सुरक्षित पकडकर अदवा बैराज के जलाशय में छोड़ दिया गया है।

## युवती को शादी का झांसा देकर भगाने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती के पिता ने रविवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी एक युवक पर युवती को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की गांव निवासी एक युवक द्वारा बीते 25 जून की रात्रि में शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर कही भगा ले गया है। युवती की काफी खोजबीन करने के बाद भी कही पता नहीं चलने पर सूचना दे रहा हूँ जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के विरुद्ध युवती को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की युवती के पिता की तहरीर पर उसके गांव निवासी एक युवक पर युवती को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

**सूचना**

मेरे चौथे पुत्र आरिफ खां व पुत्रवधू का चालचलन ठीक न होने के कारण मेरी चल अचल सम्पत्ति से कोई संबंध नही है। मेंहदी हसन पुत्र खुदाबख्श निवासी आजाद नगर गुरसहायगंज कन्नौज।(25)

सी.आर.-665/K-25

**अदालती सूचना**

श्रीमान ए.डी.जे. 11 (ग्यारह) कानपुर नगर
मिसलेनियस सिविल केस नं. 315/2025
सिद्धार्थ जैन पुत्र स्व. संजीव कुमार जैन दत्तक पुत्र स्व. प्रदीप कुमार जैन नि.म.नं. आर.जेड./बी-154 गली नं. 11 निहाल विहार नगलाई जट पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली मो.नं. 9810227505..वादी
बनाम- 1. इंडियन बैंक इलाहाबाद ब्रॉच स्थित 133/153 एम ब्लाक किदवई नगर कानपुर नगर 2. शुभांगी जैन सिरारी बालिग पत्नी किशन सिंह सिरारी पुत्री स्व. संजीव कुमार जैन दत्तक पुत्री स्व. प्रदीप कुमार जैन नि. जी. एच-बी/207 सियोग अपार्टमेण्ट पश्चिम विहार पी.ओ. सुन्दर विहार पश्चिमी दिल्ली-दिल्ली..प्रतिवादीगण
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 02.07.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 28.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-665/K-CN


# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में सोमवार दोपहर बारह बजे के करीब ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के नाउन कलां गांव निवासी 19 वर्षीय अर्जुन सेन अपने साथी 20 वर्षीय विशेषसेन निवासी शिवगढ़ थाना हनुमना के साथ बाइक से रविवार को अपनी बुआ के घर प्रयागराज जिले के हरदौन छापर गया था। सोमवार को घर लौटते समय जैसे ही भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव स्थित जयभामा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो आगे चल रहे ट्रक के चालक ने तेल भराने के लिए पेट्रोल पंप के पास खोले गए अवैध कट से ट्रक को अचानक घुमा दिया जिससे बाइक सवार दोनों युवक अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसे।


**माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-कानपुर सेंट्रल इंटरसिटी एक्सप्रेस का मानक नगर स्टेशन पर अस्थाई ठहराव**

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की विशेष सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी सं. 14123/14124 माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-कानपुर सेंट्रल इंटरसिटी एक्सप्रेस का **मानक नगर स्टेशन** पर दिनांक 02.07.2025 से 01.10.2025 तक 3 महीने के लिए अस्थाई ठहराव दिये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| गाड़ी सं. 14123 माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-कानपुर सेंट्रल | | | गाड़ी सं. 14124 कानपुर सेंट्रल-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| 08:05 | 08:06 | मानक नगर | 18:31 | 18:32 |

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे
@ CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1139/25 (ADM)

**विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष रेलगाड़ियों के संचालन अवधि में विस्तार का निर्णय लिया गया है। यह रेलगाड़ियाँ अपने पूर्व निर्धारित समय, ठहराव, संरचना एवं मार्ग पर चलेंगी, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| गाड़ी सं. | कहाँ से कहाँ तक | प्रस्थान का दिन | विस्तारित तिथि | |
|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक |
| 09025 | वलसाड-दानापुर | सोमवार | 07.07.2025 | 28.07.2025 |
| 09026 | दानापुर-वलसाड | मंगलवार | 08.07.2025 | 29.07.2025 |
| 09031 | उधना-जयनगर | रविवार | 06.07.2025 | 27.07.2025 |
| 09032 | जयनगर-उधना | सोमवार | 07.07.2025 | 28.07.2025 |
| 09045 | उधना-पटना | शुक्रवार | 04.07.2025 | 01.08.2025 |
| 09046 | पटना-उधना | शनिवार | 05.07.2025 | 02.08.2025 |
| 09343 | डॉ. अम्बेडकर नगर-पटना | गुरुवार | 03.07.2025 | 31.07.2025 |
| 09344 | पटना-डॉ. अम्बेडकर नगर | शुक्रवार | 04.07.2025 | 01.08.2025 |
| 09195 | वडोदरा-मऊ | सोमवार | 07.07.2025 | 28.07.2025 |
| 09196 | मऊ-वडोदरा | मंगलवार | 08.07.2025 | 29.07.2025 |
| 09043 | बढ़नी-बांद्रा (ट.) | रविवार | 06.07.2025 | 27.07.2025 |
| 09044 | बांद्रा (ट.)-बढ़नी | सोमवार | 07.07.2025 | 28.07.2025 |

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे
@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1134/25(A)


## बैठक आयोजित

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** पुलिस लाईन देवरिया के प्रेक्षा गृह में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एस0जे0पी0यू0) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संजय कुमार रेड्डी क्षेत्राधिकारी नगर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे क्षेत्राधिकारी नगर के द्वारा एस0जे0पी0यू0 के कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में अवगत कराया गया, तथां किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया तथा समस्त थानो पर एक पृथक रजिस्टर एवं आकड़ो का रख रखाव हेतु बाल मैत्री पंजिका बनाये जाने के निर्देश दिये गये। रामकृपाल अधीक्षक राजकीय बाल गृह (बालक) के द्वारा बाल गृह की संरचना एवं खोये पाये मिसिंग बच्चो के कानून के बारे मे जानकारी दिया गया। नीतू भारती प्रबन्धक वन स्टाप सेन्टर के द्वारा बताया गया कि पीड़ित महिलाओ/बालिकाओ को सक्षम अधिकारी/उच्च अधिकारी के अनुमति से ही सेन्टर पर 05 दिवस रखे जाने का प्राविधान है।

डी0के0 मिश्रा प्रभारी थाना ए0एच0टी0यू0 के द्वारा बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को सुचनाओ के साथ बैठक मे प्रतिभाग किये जाने के बारे मे बताया गया एवं सभी थानो के प्रतिनिधियो से बैठक मे प्रतिभाग किये जाने कि अपेक्षा की गयी।

# घायल बाइक चालक मंडलीय अस्पताल किया रेफर

**हलिया(मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के महुगढ़ी गांव में स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी के आगे मोड़ पर सोमवार दोपहर टेम्पो और बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार दो युवक तथा टेम्पो में सवार मां बेटे सहित चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार हेतु एंबुलेंस से न्यू पीएचसी ड्रमण्डगंज पहुंचाया। जहां गंभीर रूप से घायल बाइक चालक को चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी 30 वर्षीय अवधेश गांव निवासी अपने साथी 28 वर्षीय लक्ष्मण के साथ बाइक से कोटारनाथ दर्शन पूजन करने के लिए जा रहे थे। जैसे ही महुगढ़ी गांव स्थित स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी के आगे मोड़ पर पहुंचे तो रतेह की ओर सवारियों को लेकर आ रहे टेम्पो से आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक चालक अवधेश गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं बाइक पर पीछे बैठा लक्ष्मण भी घायल हो गया। टेम्पो में सवार मुड़ेल गांव निवासी 35 वर्षीया सुमन और उनका 15 वर्षीय पुत्र हिमांशु घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे एसआइ टीपी सिंह ने घायलों को एंबुलेंस से न्यू पीएचसी ड्रमण्डगंज भिजवाया। जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी बाल कृष्ण मिश्र ने गंभीर रूप से घायल बाइक चालक अवधेश को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं घटना के बाद टेम्पो चालक मौके से फरार हो गया पुलिस ने टेम्पो को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा करा दिया।

# चूनादरी में डूबे दोनों सैलानियों का शव बरामद

**अहरौरा (मिर्जापुर)।** लखनऊ से रविवार को पिकनिक मनाने के दौरान चूनादरी (लिखनिया दरी) में स्नान करतेसमय डूबे दोनों युवकों का शव सोमवार को काफी मशक्कत के बाद चूनादरी कुंड में बरामद कर लिया गया। अहरौरा पुलिस के अनुसार दोनों शव पत्थर में फंसे हुए थे। शव बरामद करने के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिएभेज दिया। इससे पहले पुलिस ने चुनार के बालू घाट से गोताखोर राकेश और रोहित साहनी को बुलवाकर दोनों डूबे सैलानियों की तलाश शुरू की। तलाश करते हुए उपर पहाड़ी से पानी गिरने के स्थान कुंड में पहुंचे तो गोताखोरों को पत्थरके बीच में फंसा हुआ शव मिला। लखनऊ से वाराणसी और वाराणसी से रविवार को पिकनिक मनाने के लिए चार युवक युवक 27 वर्षीय भानू मौर्य पुत्र उमाशंकर मौर्य निवासी महाराज नगर थाना धरहरा जिला लखीमपुर खीरी, 24 वर्षीय अंकित दुबे पुत्र रामदुलार दूबे निवासी आलमबाग लखनऊ, 23 वर्षीय आयुष गुप्ता पुत्र सुनील गुप्ता निवासी रुचि खंड शारदा नगर आशियान लखनऊ और 24 वर्षीय अमित कुमार पुत्र प्रेमनाथ वर्मा निवासी शाहपुर थाना परसपुर जनपद गोण्डा चारों साथी लखनऊ से वाराणसी आएथे लखनियादरी (चूनादरी) पहुंचे। चूनादरी में नहाते वक्त गहरे पानी में जाने से भानू मौर्य व अंकित दुबे डूब गए। इससे पहले साथियों ने बचाने का प्रयास भी किया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। रविवार को अंधेरा होने की वजह से तलाशबंद कर दी गई। सुबह अहरौरा थानाध्यक्ष अजय सेठ गोताखोरों की मदद से पहुंचे और डूबे युवकों की तलाश शुरू कराई। कुछ ही देर बाद कुंड में गोताखारों दोनों शवों को बरामद कर लिया। शव को बाहर निकालने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला सैनिक बंधु की बैठक अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) जैनेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल (अ.प्रा.) सुधाकर त्यागी द्वारा उपस्थित अधिकारियों, समिति सदस्यों एवं भूतपूर्व सैनिकों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की समीक्षा की गई और आगे की कार्यवाही प्रारंभ हुई। बैठक में पूर्व सैनिक शंभू, भूपेन्द्र सिंह, महन्थ यादव, जय प्रकाश, मुनीब गुप्ता, हरवंश यादव, मारकण्डेय सिंह सहित अन्य भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों ने प्रतिभाग किया। बैठक में मुख्य रूप से राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिन्हें अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला पूर्ति अधिकारी, कमांडिंग ऑफिसर 52 बटालियन एनसीसी सहित संबंधित विभाग से ओम प्रकाश एवं रामनाथ भी उपस्थित रहे।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

डॉक्टर्स डे पर समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं













